# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार, 10 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 85 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1977 :** ब्रिटेन की महारानी एलिज़ाबेथ ने कड़ी सुरक्षा के बीच 11 साल के बाद की उत्तरी ऑयरलैंड की यात्रा।

**1979 :** उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएलवी-3 प्रक्षेपित।

**1990 :** अमेरिका का अंतरिक्ष यान मगैलन शुक्र ग्रह पर पहुंचा और उतरने के कुछ ही देर बाद उसका केलिफोर्निया स्थित संचालन केन्द्र से संपर्क टूट गया।

**2004 :** संयुक्त राष्ट्र और सूडान के बीच दारफुर कार्ययोजना पर हस्ताक्षर।

# दो मालगाड़ियां बेपटरी, रेल सेवाएं बुरी तरह प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में चांडिल स्टेशन के पास शनिवार तड़के दो मालगाड़ियों के 20 से ज्यादा डिब्बे पटरी से उतर गए। इससे दक्षिण पूर्व रेलवे के चांडिल-टाटानगर सेक्शन के बीच ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। दुर्घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। मामले से जुड़े अधिकारी ने पहले कहा था कि एक मालगाड़ी पटरी से उतरी है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक (आद्रा मंडल) विकास कुमार ने बताया कि पटरी से उतरने के कारण चांडिल से अप और डाउन दोनों ट्रैक पर ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं। मरम्मत का काम चल रहा है। जानकारी के मुताबिक आयरन ओर लदी एक मालगाड़ी टाटानगर से पुरुलिया की ओर जा रही थी। चांडिल स्टेशन पार करने के बाद मालगाड़ी पटरी से उतर गई। मालगाड़ी के कई डब्बे बगल वाले ट्रैक पर आ गए। इस वजह से विपरीत दिशा से आ रही दूसरी मालगाड़ी उन डिब्बों से टकरा गई। दूसरी मालगाड़ी के भी कई डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसा किस वजह से हुआ? रेलवे ने इसकी जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक (आद्रा मंडल) विकास कुमार ने बताया कि दुर्घटना के कारण चांडिल से अप और डाउन दोनों ट्रैक पर रेल सेवाएं प्रभावित हुई हैं। मरम्मत का काम चल रहा है। रेलवे के एक बयान में कहा गया है कि पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस, टाटा-कटिहार एक्सप्रेस (अप और डाउन), टाटा-आरा एक्सप्रेस शनिवार को रद्द रहेंगी। भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस (संबलपुर होकर) को झारसगुड़ा-राउरकेला-नुआगांव-हटिया-बोकारो स्टील सिटी-राजाबेरा के रास्ते डायवर्ट किया गया है जबकि भुवनेश्वर-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस को हिजिली-मोदीनगर-आद्रा-भोजुडीह-गोमोह के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। टाटा-आसनसोल और टाटा-हटिया सहित तीन यात्री मेमू ट्रेनों का आज रद्द कर दिया गया है। चांडिल-कांद्रा के बीच फंसी एलटीटी-हावड़ा एक्सप्रेस को बीच में ही रोका गया है और टाटा-खड़गपुर-हावड़ा के रास्ते डायवर्ट किया गया है।



# विश्व आदिवासी दिवस पर सीएम हेमंत ने शिबू सोरेन के योगदान को किया याद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 9 अगस्त 2025 (शनिवार) को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री और अपने पिता शिबू सोरेन के योगदान को याद किया। शिबू सोरेन के निधन की वजह से आदिवासी दिवस इस वर्ष सादगी से मनाया जा रहा है। शिबू सोरेन का सोमवार (4 अगस्त 2025) को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में निधन हो गया था। शिबू सोरेन 81 वर्ष के थे और कई बमारियों से जूझ रहे थे। ब्रेन हेमरेज की वजह से वह एक महीने से ज्यादा समय तक अस्पताल में भर्ती रहे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, 'आज विश्व आदिवासी दिवस है लेकिन मेरे मार्गदर्शक, मेरे गुरु, मेरे पिता अब शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं। हालांकि, उनका संघर्ष, उनके विचार और उनके आदर्श हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। वे न केवल मेरे पिता थे बल्कि संपूर्ण आदिवासी समुदाय सहित झारखंड की आत्मा, संघर्ष के प्रतीक और जल-जंगल-जमीन के सबसे मुखर रक्षक थे। हेमंत सोरेन ने कहा, 'आदिवासी समाज ने ही मानवता को प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर सुखी जीवन जीने का मार्ग दिखाया है। आदिवासी समाज का जीवन दर्शन प्रकृति से शुरू होता है और प्रकृति पर ही समाप्त होता है। हालांकि सदियों से आदिवासी और अन्य शोषित-वंचित समुदाय हाशिये पर रहने को मजबूर रहे हैं। बाबा (शिबू सोरेन) ने इस स्थिति को बदलने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह विश्व के आदिवासी लोगों के अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर अपने बाबा 'दिसोम गुरु' और उन सभी पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने अपने संघर्षों और बलिदानों के माध्यम से आदिवासी पहचान, संस्कृति, सभ्यता और अधिकारों की रक्षा की।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डुमरी प्रखंड के भागीटोली गांव में शनिवार को 73 वर्षीय जैनेवीभा टोप्पो की बाइक की टक्कर से मौत हो गई। जैनेवीभा टोप्पो अपने घर से पास ही स्थित नर्स के पास बुखार का इलाज कराने जा रही थीं। इसी दौरान एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** परसुडीह थाना क्षेत्र के गदड़ा रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला देवकी कलेज की मौत हो गई। मृतका सरजमदा की रहने वाली थीं। वह टाटा मोटर्स की स्थायी कर्मचारी रह चुकी थीं। करीब पांच साल पहले वे सेवानिवृत्त हुई थीं। बताया जा रहा है कि देवकी कलेज को कम सुनाई देता था। इसी कारण वे आने वाली ट्रेन की आवाज नहीं सुन सकीं।

### युवती ने नदी में कूद किया आत्महत्या का प्रयास

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** बागबेड़ा थाना क्षेत्र में एक 22 वर्षीय युवती ने शनिवार को बडौदा घाट नदी में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के समय मौजूद स्थानीय युवकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर युवती को नदी से बाहर निकाला। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बागबेड़ा थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल यादव ने बताया कि युवती को थाना लाया गया। बाद में उसके परिजन आए और उसे इलाज के लिए अपने साथ ले गए।

### अपराधी मयंक को अजरबैजान से लाया जाएगा झारखंड

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** कुख्यात अपराधी मयंक सिंह उर्फ सुनील सिंह मीणा को अजरबैजान गणराज्य 22 अगस्त को भारतीय अधिकारियों को सौंपेगा। इसके बाद 23 अगस्त को उसे अजरबैजान से प्रत्यर्पित कर भारत लाया जाएगा। एटीएस झारखंड ने बताया कि मयंक सिंह के विरुद्ध रामगढ़, पतरातू (भदानीनगर) में दर्ज केस में साक्ष्य के आधार पर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल करते हुए उसके विरुद्ध रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराया गया था। रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर 29 अक्टूबर 2024 को मयंक सिंह को अजरबैजान पुलिस ने हिरासत में लिया था।

### बंद मकान से लाखों की चोरी

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र में एक बार फिर लूट और चोरी की घटनाओं ने लोगों की नींद उड़ा दी है। ताजा मामला पुरनानगर का है, जहां एक बंद पड़े मकान से चोरों ने लाखों के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना ने इलाके के लोगों में भय और आक्रोश दोनों पैदा कर दिया है। यह वारदात दीपक सिंह के घर में हुई। गृहस्वामी के बेटे धीरज ने बताया कि उनका परिवार पिछले एक महीने से गया में रह रहा था। जब उनकी मां कोडरमा के पुरनानगर स्थित अपने घर लौटीं तो उन्होंने देखा कि घर का नजारा बदला-बदला है। सभी कमरों के दरवाजे क्षतिग्रस्त थे, जिससे साफ जाहिर था कि घर में चोरी हुई है।

## काशीडीह मोड़ से पुनासी जीरो माइल तक 109 करोड़ से बनेगी सड़क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** झारखंड के देवघर जिले के सत्संग-भिरखीबाद रोड स्थित काशीडीह मोड़ से पुनासी जीरो माइल तक 17 किलोमीटर लंबी नयी सड़क बनेगी। देवघर विधायक सुरेश पासवान की अनुशंसा पर पथ निर्माण विभाग से कुल 109 करोड़ की डीपीआर तैयार कर तकनीकी स्वीकृति दे दी गयी है। आरईओ से पूर्व में निर्मित इस सड़क की हालत काफी जर्जर हो गयी है। पथ निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता ने इस सड़क की तकनीकी स्वीकृति देते हुए प्रधान सचिव को पत्र भेजा है। अब प्रधान सचिव के स्तर से प्रशासनिक स्वीकृति दिए जाने के बाद टेंडर किया जाएगा। 17 किलोमीटर लंबी सड़क बन जाने से पुनासी, खोरीपानन और अंधरीगादर से सीधे बुढ़ैई तक नया मार्ग हो जाएगा। पुनासी और खोरीपानन के इलाके से रांची और धनबाद जाने में सुविधा होगी। एम्स आने-जाने वाले मरीजों को भी सुविधा होगी। जाम से मुक्ति मिलेगी। यह नयी सड़क बुढ़ैई के समीप काशीडीह मोड़ से खेरुआडीह, किनैयडीह, नेपोडीह, नावाडीह, बहादुरपुर, मनियारपुर, बलरायडीह, खंखार मधुपुर, ठड़ियारी, लालोडीह, सुंदरडीह, खमारडीह, बड़की खंखार, घाघी, जमुनियांटांड़, पंडरिया, छोटी खंखार, पथरिया, मंझियाना, बरवा, लीलूडीह व पुनासी जीरो माइल तक बनेगी। इस सड़क के बीच में अजय नदी पर पथरिया के समीप पुल भी बनेगा। देवघर विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि काशीडीह मोड़ से पुनासी जीरो माइल तक सड़क जर्जर है। प्राथमिकता से इस सड़क की डीपीआर बनवाई गयी है। पीडब्ल्यूडी से तकनीकी स्वीकृति मिल गयी है। मुख्यमंत्री और विभागीय सचिव सुनील कुमार से बात हो गयी है। जल्द ही प्रशासनिक स्वीकृति मिलेगी और टेंडर किया जाएगा। दुर्गा पूजा के बाद सड़क का काम चालू होगा। यह सड़क बन जाने से पुनासी से रांची, धनबाद और मधुपुर जाने में सुविधा हो जाएगी।

## हथियारों के साथ नक्सली गिरफ्तार

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक नक्सली को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली की पहचान जमादार गंझू उर्फ पहाड़ी गंझू के रूप में हुई है। चतरा एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी। लावालौंग थाना क्षेत्र के खामडीह गांव के पास जंगल में जमादार गंझू हथियार के साथ घूम रहा था। यह नक्सली टीएसपीसी संगठन के नाम पर लेवी वसूलने का काम करता है। एसपी ने बताया कि सूचना मिलते ही सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में विशेष दल गठित किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खामडीह गांव के पास जंगल से जमादार गंझू को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के पास से एक देशी कट्टा, तीन देशी राइफल, 92 जिंदा कारतूस और वर्दी सहित अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि जमादार गंझू का पूर्व में भी कई आपराधिक इतिहास रहा है।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** चास मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चंदनक्यारी रोड स्थित पकोड़ी मोड़ के पास शनिवार को सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से जख्मी है। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक मौके पर छोड़कर भाग निकला। मृतकों की पहचान चंदनक्यारी के बनगड़िया निवासी अजित हांसदा और अमित हांसदा के रूप में हुई है। वहीं, घायल युवक सनीचर हेम्ब्रम का इलाज जारी है। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साए ग्रामीणों ने चंदनक्यारी-चास मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। आक्रोशित लोगों ने ट्रक के शीशे तोड़ डाले। जख्मी सनीचर हेम्ब्रम के दोस्त पंकज ने बताया कि हम सभी दो बाइक से विश्व आदिवासी दिवस का जुलूस देखकर लौट रहे थे। अजित, अमित और सनीचर एक ही बाइक पर सवार थे जबकि मैं दूसरी बाइक पर बैठा था। जैसे ही पकोड़ी मोड़ के पास पहुंचे, तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से तीनों की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक के पहिए अजित और अमित के सिर के ऊपर से गुजर गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर, मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने की गिरफ्तारी की पेशकश

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे शनिवार को अपने समर्थकों के साथ देवघर के बैद्यनाथ धाम मंदिर थाना पहुंचे और हाल ही में दर्ज मामले के विरोध में गिरफ्तारी देने की पेशकश की। मंदिर परिसर में जबरन प्रवेश को लेकर उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया था जिसे वह पूरी तरह निराधार बता रहे हैं। थाने पहुंचने से पहले एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में श्री दुबे ने कहा कि यह मामला राजनीतिक षड्यंत्र के तहत दर्ज किया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस व्यक्ति का मंदिर में एक भी यजमान नहीं है वह अंदर क्या कर रहा था? अगर मैंने कानून-व्यवस्था तोड़ी होती तो पुलिस और मजिस्ट्रेट खुद मेरे खिलाफ केस दर्ज करते, फिर एक व्यक्ति के शिकायत पर यह मामला कैसे बन गया? सांसद ने आरोप लगाया कि यह सरकार उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं भगोड़ा नहीं हूं। भगोड़ा तो वह मुख्यमंत्री हैं जो गिरफ्तारी से बचने के लिए दिल्ली भाग गए थे।

# निरसा में अवैध माइंस धंसा, युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** जिले के ईसीएल मुगमा क्षेत्र अंतर्गत राजा कोलियरी ओसीपी में अवैध कोयला खनन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। खनन के दौरान चाल धंस गया। इस हादसे में बिरसिंह गांव निवासी 36 वर्षीय बाबू गोराई की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसी गांव के 26 वर्षीय मंगल बाउरी सहित कई लोग घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक राजा कोलियरी के दर्जनों अवैध मुहानों में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष कोयला काटने जाते हैं। पिछले दो महीने से लगातार बारिश के बावजूद यह सिलसिला जारी है। अवैध तरीके से खनन की वजह से हादसा हुआ। बताया गया कि हादसे के बाद ग्रामीण बॉडी और घायलों को लेकर भाग निकले। घटना उस समय हुई जब कोलियरी आवासीय परिसर और दुर्गा मंदिर के नीचे कोयला काटने का काम चल रहा था। अचानक ऊपर का मलबा धंस गया जिसकी चपेट में आने से बाबू गोराई मलबे में दब गया और उसकी मौत हो गई। मंगल बाउरी का कमर से नीचे का हिस्सा मलबे में फंस गया, वहीं तीन अन्य लोगों को भी आंशिक चोटें आईं। ग्रामीणों ने बीरसिंहपुर और डांगापाड़ा से पहुंचकर दोनों को बाहर निकाला और घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक का अंतिम संस्कार डांगापाड़ा श्मशान घाट में कर दिया गया। हादसे की सूचना के बाद भी ईसीएल प्रबंधन और निरसा पुलिस ने घटना की जानकारी से अनभिज्ञता जताई। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की उदासीनता और मिलीभगत के कारण ही अवैध खनन का धंधा फल-फूल रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी कई ऐसे हादसे हो चुके हैं, जिनमें जानें जा चुकी हैं लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। निरसा मुखिया संघ अध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि अब तक तीन से अधिक बड़े हादसे हो चुके हैं मगर प्रशासन और कोलियरी प्रबंधन ने कोई सख्त कदम नहीं उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि अवैध कोयला चोरी में प्रशासन की मिलीभगत है। विरोध करने पर उनके घर पर कोयला तस्करों ने हमला किया और उनके खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत झूठा मामला दर्ज कराया गया। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी मौके पर प्रशासन का न पहुंचना संदेह पैदा करता है। कोयला चोरी और अवैध खनन के कारण पहले भी कई बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। हाल ही में बाघमारा अनुमंडल क्षेत्र में इसी तरह के हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई थी। उस घटना पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और जमशेदपुर विधायक सरयू राय ने ट्वीट कर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी और घटनास्थल का दौरा किया था। बावजूद इसके अवैध खनन पर अंकुश नहीं लग पाया है।

## आने-जाने का रेल टिकट बुक करने पर मिलेगी 20 प्रतिशत की छूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** त्योहारों के मौसम में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे मंत्रालय ने शनिवार को एक नई योजना की घोषणा की है। इसके तहत 13 से 26 अक्टूबर के बीच यात्रा करने और 17 नवंबर से 1 दिसंबर के बीच उसी ट्रेन से वापसी करने वाले यात्रियों को वापसी टिकट के किराए पर 20% की छूट दी जाएगी। यह छूट 14 अगस्त से बुक किए गए टिकटों पर लागू होगी। हालांकि यह छूट राजधानी, शताब्दी, दुरंतो जैसी फ्लेक्सी किराया वाली ट्रेनों पर लागू नहीं होगी। रेल मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बुकिंग की शुरुआत 14 अगस्त से होगी जो 13 अक्टूबर की एआरपी (एडवांस रिजर्वेशन पीरियड) तारीख के लिए होगी। इसके तहत पहले यात्रा का टिकट 13 से 26 अक्टूबर के बीच की तारीख के लिए बुक करना होगा। इसके बाद वापसी का टिकट 17 नवंबर से 1 दिसंबर के बीच की तारीख के लिए 'कनेक्टिंग जर्नी फीचर' के जरिए बुक किया जा सकेगा। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि एडवांस रिजर्वेशन पीरियड (13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर) वापसी यात्रा के लिए लागू नहीं होगा। इस योजना के तहत छूट केवल तब मिलेगी जब आगे और वापसी दोनों यात्राएं एक ही यात्रियों के लिए बुक की जाएंगी। वापसी यात्रा में यात्री विवरण आगे की यात्रा के समान होने चाहिए।

# चिरूडीह में स्थापित होगी गुरुजी की विशाल प्रतिमा : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जामताड़ा।** रक्षाबंधन के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी जामताड़ा जिले के मिहिजाम स्थित आम बागान दुर्गा मंडप पहुंचे, जहां सैकड़ों बहनों ने उन्हें राखी बांधकर गर्मजोशी से स्वागत किया। मंत्री इरफान अंसारी ने सादगी से त्योहार मनाया लेकिन उनके चेहरे पर उदासी साफ झलक रही थी। उन्होंने कहा कि यह दिन उनके लिए मिश्रित भावनाओं वाला है। एक ओर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व तो दूसरी ओर दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन का गहरा दुख। बावजूद इसके उन्होंने बहनों के स्नेह को ठुकराने से इनकार करते हुए उनके सम्मान और प्रगति के लिए हमेशा खड़े रहने का संकल्प दोहराया। डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि उनकी सफलता में बहनों की दुआओं का बड़ा योगदान है। इन्हीं आशीर्वादों से वे लगातार तीन बार विधायक बने और वर्तमान में मंत्री पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने घोषणा की कि रक्षाबंधन के उपहार स्वरूप स्वास्थ्य विभाग में 10 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी जिनमें से 6,000 पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। मंत्री ने कहा कि उनका उद्देश्य महिलाओं को समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाना है ताकि वे आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें। इस मौके पर उन्होंने दिवंगत गुरुजी शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घोषणा की कि चिरुडीह गांव में उनकी एक विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यही वह स्थान है जहां से गुरुजी ने अपने जीवन की दिशा बदली थी। कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखकर उनके योगदान को याद किया गया। आयोजन में दीपिका बेसरा, अरुण दास, परवेज रहमान, दानिश रहमान, शांति देवी, यासर नवाज सहित सैकड़ों महिलाएं और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे, जिन्होंने मंत्री अंसारी के साथ रक्षाबंधन का पर्व हर्ष और भावनाओं के साथ मनाया।




FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

**बहन बोली- अच्छा गिफ्ट देने का किया था वादा**

# मुंगेर में रक्षाबंधन से पहले भाई की मौत गलत इंजेक्शन से बिगड़ी तबीयत

**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर में शुक्रवार की देर शाम नया रामनगर थाना क्षेत्र के नौवागढ़ी चौंक के पास एक मेडिसिन सेंटर पर गलत उपचार से 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने लापरवाह ग्रामीण चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग को लेकर लगभग आधा घंटा तक सड़क जाम कर दी। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बोचाही गांव निवासी राम लखन पासवान के बेटे राजा कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया और मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेजा।

## बिहार पुलिस का एग्जाम देकर लौटा था घर

परिजनों ने बताया कि राजा कुमार औरंगाबाद से बिहार पुलिस का एग्जाम देकर शुक्रवार को घर लौटा था। दोपहर में तबीयत बिगड़ने पर उसे स्थानीय नौवागढ़ी बाजार के मेडिकल सेंटर ले जाया गया। वहां मेडिकल दुकानदार सह ग्रामीण चिकित्सक पिंकू ठाकुर द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से युवक की स्थिति बिगड़ने लगी। स्थिति गंभीर होने पर युवक को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। परिजन मरीज को एम्बुलेंस से लेकर जा ही रहे थे कि नौवागढ़ी बाजार काली स्थान के समीप रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। आक्रोशित परिजन मेडिकल सेंटर पहुंचे और आरोपी मेडिकल दुकानदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया, जिससे बरियारपुर और मुंगेर जाने वाली दोनों ओर गाड़ियां फंस गईं। घटना के बाद आरोपी चिकित्सक मेडिकल दुकान बंद कर फरार हो गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## फर्द बयान पर केस दर्ज

हालांकि, स्थानीय प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर आक्रोशित परिजन को शांत करते हुए जाम को हटाते हुए आवागमन को चालू करवाया। पुलिस ने मृतक के परिजन को थाने पर पहुंचकर मामले का रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही। इसके बाद नया राम नगर थानाध्यक्ष तारकेश्वर प्रसाद सिंह ने फर्द बयान दर्ज करते हुए बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल मुंगेर भेज दिया।

## रक्षाबंधन से एक दिन पहले भाई की मौत

मृतक युवक 6 भाई और एक बहन में सबसे छोटा था। रक्षाबंधन के एक दिन पहले भाई की मौत हो जाने के बाद बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि भाई ने अपनी बहनों को बताया था कि इस बार रक्षाबंधन पर वह अपनी बहन को अच्छा गिफ्ट देंगे। लेकिन रक्षाबंधन से एक दिन पहले ही भाई की मौत हो जाने के बाद बहन सहित परिजनों में मातम है।



## मेडिकल सेंटर के इलाज से कई लोगों की मौत

मेडिकल सेंटर पर स्थानीय लोगों के अलावा मृतक के परिजनों ने बताया कि पहले भी इस मेडिकल सेंटर पर इलाज करवाने के दौरान कुछ लोगों की जान जा चुकी है। स्थानीय स्तर पर उपयुक्त स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत नहीं रहने के कारण लोगों को मजबूरन प्राथमिक इलाज के लिए मेडिकल सेंटर पर जाना पड़ता है। घटना के बाद घटनास्थल से आरोपी मेडिकल दुकानदार मौका का फायदा उठाकर वहां से भाग निकला। परिजनों ने आरोपी डॉक्टर पिंकू ठाकुर के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि गलत उपचार करने के दौरान ही युवक की जान गई है। इस डॉक्टर पर कई बार आरोप लग चुके हैं। लेकिन स्थानीय प्रशासन की मिली-भगत से मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। फिर ऐसे कई फर्जी लोगों की जान लेने वाले फर्जी ग्रामीण चिकित्सक वाली मेडिसिन सेंटर की दुकान खोल कर बैठ जाते हैं। जिसे भोले भाले लोगों को पता नहीं चलता है और इसी तरह इलाज करवाने के दौरान गलत उपचार करने के कारण लोगों की जान चली जाती है। ऐसे डॉक्टरों पर प्रशासन ठोस कार्रवाई करें।

**सरिया ले जाने के दौरान हाईटेंशन तार के संपर्क में आया, मौके पर गई जान**

# छपरा में करंट से मजदूर की मौत

**छपरा, सारण, एजेंसी।** सारण के बनियापुर प्रखंड के भुसांव गांव में शनिवार को एक 35 वर्षीय मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रमोद कुमार के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार प्रमोद शनिवार सुबह बगल के मोहल्ले में मजदूरी करने गए थे। काम के दौरान वह लोहे की सरिया उठाकर ले जा रहे थे। इसी दौरान अनजाने में सरिया ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन के संपर्क में आ गई। करंट का झटका लगते ही प्रमोद मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़े। वहां मौजूद अन्य मजदूरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें छपरा सदर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।



## घर में इकलौते कमाऊ सदस्य थे

मृतक के चाचा ने बताया कि प्रमोद परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। वह रोजाना मेहनत-मजदूरी कर पत्नी, बच्चों और बुजुर्ग माता-पिता का पालन-पोषण करते थे। उनकी मौत से परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से टूट गया है। घटना की सूचना मिलते ही बनियापुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के लिए शव को सदर अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। गांव के लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में कई जगह बिजली के तार ढीले और खुले पड़े रहते हैं। इससे इस तरह की दुर्घटनाएं होती हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द खराब तारों की मरम्मत और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

## विभाग से आर्थिक मदद देने की मांग की

बिजली विभाग को भी हादसे की जानकारी दी गई है। इससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। मानसून के दौरान बिजली से जुड़े हादसों में वृद्धि के बीच यह घटना स्थानीय लोगों को झकझोर देने वाली है। प्रमोद की मौत पर लोग अंतिम दर्शन के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं और परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं। वहीं, स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मृतक के परिवार को मुआवजा और आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है, ताकि इस कठिन समय में उन्हें सहारा मिल सके।



# बिहार में 7 माह में 1.97 लाख लीटर शराब जब्त

**पटना, एजेंसी।** बिहार में सात महीने में 1.97 लाख लीटर शराब जब्त हुई है। इसमें पंजाब से 32 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश से 20 प्रतिशत और हरियाणा से 11 प्रतिशत शराब शामिल है। आगमी बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान अवैध शराब की तस्करी पर रोक लगाने के लिए शुक्रवार को मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव अजय यादव ने बैठक की। इस दौरान बिहार-झारखंड के बॉर्डर पर सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। वहीं, रेलवे के वीआईपी कोच और पेंट्री कार में अवैध शराब आपूर्ति की सूचना मिली है। इसके लिए रेल पुलिस के साथ संयुक्त छापेमारी अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा, इंटीग्रेटेड और संयुक्त जांच चौकियों का गठन कर नियमित निरीक्षण करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर आयुक्त उत्पाद रजनीश कुमार सिंह, रेलवे डीआईजी राजीव मिश्रा, पुलिस उप महानिरीक्षक रेल राजेश कुमार, एसएसबी कमांडेंट कुमार राजीव रंजन सहित विभाग एवं सचिवालय के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विपक्ष भ्रम फैलाने की राजनीति कर रहा : चिराग

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वोट अधिकार यात्रा पर निशाना साधा। मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप को बेबुनियाद बताया। शुक्रवार को पटना स्थित अपने आवास पर चिराग पासवान ने कहा कि जहां वे जीत जाते हैं वहां मतदाता सूची सही रहती है, लेकिन जहां हार जाते हैं, वहां गड़बड़ी का आरोप लगाने लगते हैं। इनका यह दोहरा रवैया समझ से परे है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग विपक्ष के आरोपों की जांच करेगा और सच्चाई सामने लाएगा। विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, इसलिए वे भ्रम फैलाने की राजनीति कर रहे हैं। विपक्ष को बताना चाहिए कि इस यात्रा में वे क्या करने जा रहे हैं और क्या बताना चाहते हैं? वहीं, चिराग पासवान ने मां सीता मंदिर के निर्माण को बिहार के लिए गौरव की बात बताया। उन्होंने शिक्षक भर्ती में डोमिसाइल नीति लागू करने को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी सरकार को धन्यवाद दिया।

## मुख्यमंत्री के खिलाफ बोलने से चिराग को बीजेपी ने रोका

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर लगातार सवाल उठा रहे थे। इसे लेकर बीजेपी ने उन्हें नसीहत है। सूत्रों की माने तो पार्टी ने कहा है कि एनडीए के घटक दलों के बीच आपसी हमलों से गठबंधन की एकजुटता को नुकसान पहुंचता है। इसलिए मुख्यमंत्री पर किसी भी तरह की बयानबाजी से बचना चाहिए। बीते कुछ दिनों में चिराग पासवान ने सार्वजनिक मंचों और मीडिया इंटरव्यू में बिहार सरकार की नीतियों, कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए थे। इन बयानों में नीतीश कुमार को सीधे तौर पर कटघरे में खड़ा किया गया था।



## 2020 चुनाव में चिराग दे चुके हैं झटका

यह पहली बार नहीं है जब चिराग पासवान के तेवर से एनडीए के भीतर हलचल मची है। 2020 विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने जेडीयू के खिलाफ प्रत्याशी उतारकर राजनीतिक समीकरण हिला दिए थे। हालांकि तब वह औपचारिक रूप से एनडीए का हिस्सा नहीं थे। इस बार स्थिति अलग है क्योंकि एलजेपी रामविलास सीधे तौर पर एनडीए में शामिल है और केंद्र सरकार में भी हिस्सेदार हैं। बीजेपी की यह नसीहत साफ संकेत देती है कि पार्टी गठबंधन के भीतर चुनावी वर्ष में फोकस एकजुटता बनाए रखने और साझा एजेंडे पर काम करने पर है ताकि विपक्ष के खिलाफ एक मजबूत मोर्चा पेश किया जा सके।

## चुनावी माहौल में नहीं देना चाहते विपक्ष को कोई हथियार

बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि चुनावी माहौल में इस तरह के बयान विपक्ष को राजनीतिक हथियार दे सकते हैं और एनडीए के भीतर अविश्वास का माहौल बना सकते हैं। बीजेपी नेतृत्व ने चिराग को यह भी याद दिलाया है कि 2025 विधानसभा चुनाव में एनडीए की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकजुटता है। ऐसे में घटक दलों के बीच सार्वजनिक बयानबाजी से परहेज करना जरूरी है ताकि विपक्षी महागठबंधन को किसी तरह का मौका न मिले।

# रोहतास के इंद्रपुरी थानाध्यक्ष को फोन पर मिली धमकी

**आईपीएस अधिकारी बनकर केस की जांच का लिया हिसाब, 2 आरोपी गिरफ्तार**



**सासाराम, रोहतास, एजेंसी।** रोहतास के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बुधवार की शाम इंद्रपुरी थाना अध्यक्ष माधुरी कुमारी के सरकारी नंबर पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने पहले खुद को वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी बताया। उसके बाद धमकी भरे लहजे में एक मामले की जांच को अपने हिसाब से करने के लिए थानाध्यक्ष को धमकाने लगा। डेहरी के एएसपी अतुलेश झा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष ने तुरंत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचित किया। एसपी के निर्देश पर स्टेशन डायरी दर्ज करके कार्रवाई शुरू की गई।

## पुलिस ने 2 युवक को लिया हिरासत में

तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। इनकी पहचान प्रदीप पांडेय (भोजपुर) और मनीष कुमार पांडेय (बक्सर) के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने चौंकाने वाले खुलासे किए।

## अधिकारी बनकर देता है धमकी

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी एक संगठित गिरोह के सदस्य हैं। यह गिरोह पुलिस अधिकारियों और अन्य विभागों के प्रमुखों को वरिष्ठ अधिकारी बनकर धमकी देता है। इसके जरिए वे अपने हिसाब से काम करवाते हैं। गिरोह के सदस्य धमकी देने, मामलों में पैरवी करने और युवाओं को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर भी मोटी रकम वसूलते हैं। एएसपी ने बताया कि इस गिरोह के सभी सदस्य पुलिस और अन्य सिविल विभागों के अधिकारियों की पहचान का दुरुपयोग करते हैं। आरोपियों से एक एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

# रोहतास में मंदिर के महंत की हत्या; छुट्टी नहीं देने पर पुजारी ने ईंट-पत्थर से कुचल कर मार डाला

**रोहतास, एजेंसी।** रोहतास जिले के गांधी नगर मोहल्ला स्थित विजय राघव मंदिर में शुक्रवार की सुबह एक महंत की ईंट पत्थर से कुचल कर हत्या कर दी गई। घटना के समय मंदिर में तीन चार की संख्या में साधु और श्रद्धालु भी थे। बताया जाता है कि आरोपित पुजारी ने सभी को एक कमरे में बंद कर दिया और घटना को अंजाम दिया। मृतक महंत आयरकोठा थाना क्षेत्र के टंडवा परसाव गांव में स्थित मठ के महंत थे। कुछ दिनों से विजय राघव मंदिर में रह रहे थे। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे महंत श्याम नारायण जी महाराज दूध लेने छत से नीचे आए थे। इस दौरान आरोपित पुजारी ने पीछे से उन पर हमला किया। बताया कि मंदिर में पुनर्निर्माण का काम चल रहा है। तमाम हिस्सों में खिड़की दरवाजे उखड़े हुए हैं और दीवारों को तोड़ा गया है। बताया जा रहा है कि पड़ोस के ही एक व्यक्ति को महंत ने काम की जिम्मेदारी सौंपी थी। मंदिर परिसर में काम करा रहे ठेकेदार सहित मजदूर और तीन चार साधु श्रद्धालु मौजूद थे। शोरगुल के बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार सहित एसडीपीओ अतुलेश झा व एफएसएल की टीम ने जांच पड़ताल की। स्थानीय लोगों ने बताया कि हमले में महंत जी बुरी तरह से घायल हुए थे। अस्पताल लेकर जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके सिर पर पीछे से वार किया गया था। जिससे काफी मात्रा में खून बह गया था। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। जानकारी के मुताबिक जिस पुजारी पर हत्या का आरोप है, उसे भगवान की सेवा के लिए रखा था। मंदिर में काम कर रहे कुछ मजदूर भी उसके गांव के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि वो इस बीच एक बार छुट्टी लेकर कही गया था।

# पत्नी से अफेयर के शक में छोटे भाई का मर्डर, दोस्त से कट्टा मांगकर कनपटी में मारी थी गोली

**शक के कारण ही पहली पत्नी ने छोड़ा था**

**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद में बड़े ने छोटे भाई की हत्या कर दी। कनपटी पर बुलेट लगी थी। इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया था। जहां वारदात को अंजाम दिया था, वहीं पर आरोपी भाई ने कट्?टा भी छिपा दिया था। किसी को शक नहीं हो इसलिए वो अस्पताल भी पहुंचा। हत्या के अगले दिन आरोपी ने थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई। पुलिस ने घटना के संबंध में पूछताछ के लिए कई बार आरोपी भाई को थाने बुलाया, पर वो थाने नहीं गया। जिसके बाद पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ में कबूल किया कि उसने भाई की हत्या की है। आरोपी रवि रंजन (32) ने पुलिस को बताया कि मुझे शक था कि छोटे भाई छोटू (25) का मेरी पत्नी के साथ अवैध संबंध है, इसलिए उसे मार दिया। हत्या के लिए दोस्त से कट्?टा मांगा था। पुलिस के अनुसार पहली पत्नी पर भी आरोपी ऐसे ही शक करता था, इस कारण उसने रिश्ता तोड़ दिया था। मर्डर 2 अगस्त को हुआ था। 8 अगस्त को दाउदनगर एसडीपीओ अशोक दास ने मामले का खुलासा किया है। घटना हसपुरा थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव की है।

**5 दिन तक पुलिस से दूर भागता रहा आरोपी भाई :** 3 अगस्त को एफआईआर दर्ज कराने के बाद आरोपी रवि रंजन फरार हो गया था। घर भी नहीं जा रहा था। पुलिस 5 दिन तक रवि को बयान लेने के लिए फोन करती रही, पुलिस रवि को थाने आने के लिए कह रही थी। रवि पुलिस को कहता रहा आ रहा हूं... पर थाने नहीं जाता था। पुलिस रवि के घर भी गई थी, पर वो नहीं मिला। पुलिस को गुरुवार को सूचना मिली कि रवि घर आया हुआ है। जिसके बाद पुलिस पहुंची और रवि को हिरासत में ले लिया। थाने में पूछताछ हुई तो पूरी कहानी खुलकर सामने आई।



**5 साल पहले पत्नी छोड़ गई थी :** पुलिस के अनुसार आरोपी रवि शक करने वाला इंसान है। इसी कारण पहली पत्नी उसे छोड़कर भाग गई। 8 साल पहले रवि की पहली शादी हुई थी। पत्नी पर रवि हमेशा शक करता था कि वो कहीं बात करती है। इस कारण दोनों में हमेशा झगड़ा होता था। 3 साल तक वैवाहिक जीवन चला। जिसके बाद परेशान होकर पहली पत्नी ने रवि को छोड़ दिया। 5 साल पहले रवि ने दूसरी शादी की, उसे भी रवि शक की निगाह से देखने लगा। इस बार उसने अपने भाई पर भी शक कर लिया और उसकी हत्या कर दी।

**पत्नी हमेशा भाई का साइड लेती थी :** आरोपी रवि रंजन ने पुलिस को बताया कि मैं कर्ज तोड़ने के लिए अपनी जमीन बेचना चाहता था, लेकिन छोटू जमीन बेचने से मना करता था। मेरी पत्नी भी छोटू का ही साथ देती थी। वो जो बोलता था, उसकी बात का साइड लेती थी। छोटू हमेशा नशे में मेरे साथ मारपीट करता था। सीने पर चढ़कर गला दबा देता था, मुझे जान से मारने की कोशिश भी की थी। मैं अपने भाई से परेशान हो गया था। कई दिन से मैं मर्डर की प्लानिंग कर रहा था।

**दोस्त से हथियार मांगा था :** आरोपी ने पुलिस को बताया मेरा दोस्त हरेंद्र सिंह हथियार रखता है। मैंने उससे ही हथियार मांगा था, पर उसे ये नहीं बताया था कि मैं अपने भाई का मर्डर करने वाला हूं। हथियार हाथ में आने के बाद मैं मौके की तलाश में था। 2 अगस्त को मेरा भाई छोटू घर से थोड़ी दूर दालान में सोया हुआ था।

**गोली मारकर छिप गया था आरोपी :** एसडीपीओ ने कहा कि दालान में छोटू अपने दोस्त श्रीकांत यादव के साथ सो रहा था। उसी दालान में एक वृद्ध व्यक्ति भी सो रहे थे। देर रात में रवि दालान में पहुंचा और छोटू को गोली मार दी। फायरिंग के तुरंत बाद आरोपी रवि छिप गया। गोली की आवाज सुनकर वृद्ध व्यक्ति और छोटू के दोस्त की नींद खुली। दोनों ने देखा छोटू खून से लथपथ है।

# त्रिवेणी सैनिक के 30 कर्मचारियों ने एनटीपीसी मैती में तकनीकी कौशल प्रशिक्षण किया पूरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** एनटीपीसी की पकरी बरवाडीह खनन परियोजना से प्रभावित त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के 30 कर्मचारियों ने दो माह का तकनीकी कौशल विकास प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। यह प्रशिक्षण एनटीपीसी मैती में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों को तकनीकी और व्यावहारिक ज्ञान से सशक्त बनाना था। प्रमाण पत्र वितरण समारोह पकरी बरवाडीह परियोजना के कंट्रोल रूम कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के




एमडी महेश कुमार गुप्ता, एनटीपीसी मैती के प्रिंसिपल इंजीनियर मिथिलेश उपाध्याय और एडमिन हेड आशुतोष मिश्रा मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में टीएसएमपीएल के एल एंड डी हेड डॉ. अमृतांशु प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत किया। महेश कुमार गुप्ता ने कर्मचारियों की सीखने की इच्छा को सफलता की कुंजी बताते हुए त्रिवेणी सैनिक के प्रयासों की सराहना की। मिथिलेश उपाध्याय ने अनुशासन और लगन की प्रशंसा की, जबकि डॉ. प्रसाद ने अनुशासन व उद्देश्य के महत्व पर जोर दिया। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें इलेक्ट्रीशियन, फिटर और वेल्डर जैसे ट्रेड्स में नई तकनीकों की जानकारी मिली, जो उनके करियर में सहायक होगी। टीएसएमपीएल ने भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

## आरोग्यम कुणाल अस्पताल में नर्स बहनों ने बच्चों संग मनाया रक्षाबंधन

**हजारीबाग/नबिटा संवाददाता।** रक्षाबंधन जैसे पवित्र अवसर पर आरोग्यम कुणाल महिला एवं शिशु अस्पताल का माहौल प्रेम, सेवा और भावनाओं से भर उठा। यहां नर्स बहनों ने अस्पताल में भर्ती बच्चों की कलाई पर राखी बांधकर उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान बच्चों को मिठाई खिलाई गई और उन्हें परिवार जैसी गर्माहट का अहसास कराया गया। अस्पताल प्रबंधक हर्ष अजमेरा ने कहा, ''रक्षाबंधन का अर्थ केवल राखी बांधना नहीं है, बल्कि एक-दूसरे की देखभाल, सुरक्षा और सम्मान का संकल्प लेना है।

# सर्व सेवा संघ कार्यसमिति की बैठक संपन्न, कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** 8 और 9 अगस्त 2025 को रांची के काके स्थित बदलाव ट्रेनिंग सेंटर में सर्व सेवा संघ की कार्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। विभिन्न राज्यों के लिए कार्यक्रम तय किए गए तथा खादी ग्राम उद्योग, भूदान आंदोलन और एसआईआर से जुड़े प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में बताया गया कि सितंबर 1925 में बिहार में अखिल भारतीय चरखा संघ की स्थापना हुई थी, जिसने लाखों लोगों को रोजगार देकर स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वर्तमान में खादी और ग्रामोद्योग की स्थिति जर्जर हो चुकी है। बिहार सर्वोदय मंडल खादी संस्थाओं की स्थिति का अध्ययन करेगा और उनके सुधार के लिए सरकार को ज्ञापन सौंपेगा। लोकतंत्र में चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने पर भी जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मताधिकार से वंचित करना गंभीर अपराध है और राज्य का कर्तव्य है कि वह सभी पात्र नागरिकों को नागरिकता प्रदान करे। इस संदर्भ में एसआईआर की प्रक्रिया को दोषपूर्ण बताया गया। बैठक में 1951 के भूदान आंदोलन की उपलब्धियों और चुनौतियों पर भी चर्चा हुई। विनोबा भावे के प्रयासों से बिहार में 6,48,593 एकड़ भूमि प्राप्त हुई थी, जिसमें से 4 लाख एकड़ भूमि का वितरण किया जा चुका है। वितरित भूमि में भी कई समस्याएं बनी हुई हैं। मुंगेर जिले के खड़कपुर प्रखंड के 1000 किसानों का सर्वेक्षण कर तैयार रिपोर्ट भी बैठक में प्रस्तुत की गई, जिसके आधार पर आगे की कार्ययोजना बनाई गई। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्रभूषण, राष्ट्रीय संगठक विजय कुमार, सर्वोदय समाज बिहार के संयोजक प्रो. मनोज कुमार, अधिवक्ता मुनिश कुमार, प्रदेश मंत्री प्रवीण कुमार सिंह और सहरसा जिला मंत्री डॉ. दीपक कुमार सिंह सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। निर्णय लिया गया कि बिहार में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, अखिल भारतीय चरखा संघ का शताब्दी वर्ष सितंबर 2025 में मनाया जाएगा। इसके तहत सितंबर और अक्टूबर में गांधीजी के 1925 में हुए बिहार प्रवास के स्थानों पर यात्राएं और सभाएं आयोजित की जाएंगी।

# भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया रक्षाबंधन, सांसद मनीष जायसवाल सहित कइयों की कलाई पर सजा रक्षासूत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा, हजारीबाग ने सांसद सेवा कार्यालय परिसर में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया। मोर्चा की बहनों ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल सहित कई अन्य भाइयों की कलाई पर पवित्र रक्षासूत्र बांधकर प्रेम और स्नेह का संदेश दिया। प्राचीन भारतीय संस्कृति और परंपरा का पालन करते हुए महिला मोर्चा की बहनों ने पूजा की थाली में पानी का लोटा, राखी, अक्षत, मिठाई और तिलक-चंदन के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने सांसद मनीष जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण



पाण्डेय, मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, कार्यालय प्रभारी विजय वर्मा और कार्यालय के सभी कर्मचारियों के साथ-साथ सांसद के अंगरक्षक और चालक को भी राखी बांधी और उनका मुंह मीठा कराया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों और विभिन्न पेशों से जुड़ीं बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी सांसद मनीष जायसवाल की कलाई पर राखी बांधी। उन्होंने ईश्वर से उनके यश और कीर्ति में आजीवन वृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने बहनों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोहिनूर तो देखा नहीं, लेकिन अनमोल होती हैं बहनें। मैं आजीवन उनकी सुरक्षा और सम्मान का संकल्प लेता हूं।

## चौपारण से सांसद तीर्थ यात्रा का पहला जत्था आज रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चौपारण (हजारीबाग)।** बच्छई पंचायत से सांसद तीर्थ यात्रा का पहला जत्था आज रविवार, 10 अगस्त 2025 को शाम 4 बजे बच्छई पंचायत भवन डुमरी से रवाना होगा। इस जत्थे में 65 तीर्थ यात्री शामिल होंगे, जिन्हें काशी विश्वनाथ वाराणसी, अयोध्या, इलाहाबाद त्रिवेणी संगम और विंध्याचल धाम के दर्शन कराए जाएंगे। विदाई समारोह में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और विधायक मनोज कुमार यादव तीर्थ यात्रियों को आशीर्वाद और शुभकामनाओं के साथ रवाना करेंगे। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक उत्साह और सांस्कृतिक माहौल देखने को मिलेगा।

# बहनों के लिए निःशुल्क टुक-टुक सेवा, सांसद ने दिखायी हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** रक्षाबंधन के अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग ने सामाजिक सेवा की एक अनोखी मिसाल पेश करते हुए बहनों के लिए सात निःशुल्क टुक-टुक सेवा शुरू की। लगातार तीसरे वर्ष आयोजित इस पहल का शुभारंभ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बड़ा बाजार जैन मंदिर परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम के दौरान ढोल-ताशा और आतिशबाजी के बीच रवाना हुईं ये टुक-टुक गाड़ियां पूरे दिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बहनों को सुरक्षित और सम्मानजनक आवागमन की सुविधा देती रहीं। सेवा का उद्देश्य रक्षाबंधन पर बहनों को घर से मायके या अन्य स्थलों तक सुगमता से



पहुंचाना था। इसके लिए पहले से टुक-टुक चालकों के संपर्क नंबर भी जारी किए गए थे।

मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल ने इस पहल को भाईचारे और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत उदाहरण बताते हुए कहा कि हजारीबाग यूथ विंग हर त्यौहार पर सेवा कार्यों में अग्रणी रहती है। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि रक्षाबंधन मातृ-शक्ति और बहन-बेटियों के सम्मान का प्रतीक है और इस सेवा से समाज में सुरक्षित व प्रेमपूर्ण वातावरण तैयार करने का संदेश जाता है। अध्यक्ष करण जायसवाल ने बताया कि हर बहन की मुस्कान संस्था के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है और यह सेवा आने वाले वर्षों में भी जारी रहेगी। कार्यक्रम के सफल संचालन में संयोजक जयप्रकाश खंडेलवाल और रोहित बजाज का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर संस्था के अभिभावक सुरेंद्र खंडेलवाल, सचिव रितेश खंडेलवाल, सह सचिव अभिषेक पांडे, कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया, मार्गदर्शक संजय कुमार, विकास केशरी समेत कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

रक्षाबंधन का यह दिन हजारीबाग में केवल राखी और मिठाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि निःस्वार्थ सेवा, सुरक्षा और सम्मान का जीवंत उदाहरण बनकर शहरवासियों की स्मृतियों में दर्ज हो गया।

# डॉ. रंजना शरण ने कार्यालय में बांधी राखी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर शहर की सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं गार्जियन स्वरूप मानी जाने वाली डॉ. रंजना शरण ने अपने कार्यालय परिसर में रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन के रिश्ते की पवित्रता और महत्व को जीवंत कर दिया। इस विशेष अवसर पर उन्होंने आरोग्यम हॉस्पिटल के संचालक एवं समाजसेवी डॉ. हर्ष अजमेर को भी राखी बांधी और उनके दीर्घायु, सुख-समृद्धि तथा सफलता की मंगलकामनाएं की।

डॉ. शरण ने कहा कि रक्षाबंधन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि यह भाई-बहन के बीच आपसी विश्वास, प्रेम, सम्मान और एक-दूसरे की रक्षा के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि



ऐसे पर्व समाज में भाईचारे और अपनत्व की भावना को प्रगाढ़ बनाते हैं, जो आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

राखी बांधने के दौरान कार्यालय का वातावरण भावनात्मक और पारिवारिक माहौल में बदल गया। उपस्थित लोगों ने इस अनोखे पल का साक्षी बनते हुए रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और मिठाइयों के साथ इस पर्व की मिठास को और बढ़ाया।

# सावन पूर्णिमा एवं रक्षा बंधन पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने सावन पूर्णिमा एवं रक्षा बंधन के अवसर पर क्षेत्र में आयोजित कई धार्मिक, सामाजिक और व्यावसायिक कार्यक्रमों में भाग लिया तथा जनता के उत्साह में शामिल हुए। चानो रोड स्थित हरणगंज में सावित्री एनक्लेव के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर आयोजक माथुर प्रसाद एवं जिप सदस्य रीता माथुर प्रसाद के साथ भूमि पूजन किया। इस मौके पर उपस्थित महिलाओं ने राखी बांधकर विधायक को आशीर्वाद दिया। निर्मल महतो



पार्क के पास 'चाहत इंटरप्राइजेज' (होलसेल एवं रिटेलर) तथा कनहरी रोड, दीपूगढ़ा स्थित 'मनोकामना मार्बल' का उद्घाटन क्रमशः प्रोप्राइटर अनिल सिंह को शुभकामनाएं देते हुए और पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता एवं जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता के साथ संयुक्त रूप से किया। डेमोटांड़ स्थित भंडारी कोल्ड स्टोर परिसर में



महा रुद्राभिषेक एवं कांवरियों के लिए भंडारे में शामिल होकर विधायक ने भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाई-बहन के पवित्र बंधन का यह पर्व समाज में प्रेम, विश्वास और एकता का संदेश देता है तथा सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करता है।

# विधायक मनोज यादव ने किया एस.आर.के. स्पोर्ट्स सेंटर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चौपारण (हजारीबाग)।** जीटी रोड तेतरिया मोड़ स्थित एस.आर.के. स्पोर्ट्स सेंटर का उद्घाटन विधायक मनोज यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर संचालक शम्मी चंद्रवंशी और सन्नी चंद्रवंशी ने बुके भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में विधायक मनोज यादव ने कहा कि यह क्षेत्र का पहला स्पोर्ट्स सामान की दुकान है, जिससे खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को एक ही स्थान पर सभी खेल सामग्री उपलब्ध होगी। उन्होंने संचालकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पहल स्थानीय खिलाड़ियों के लिए लाभकारी



साबित होगी। संचालकों ने बताया कि दुकान में सभी प्रकार की खेल सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, रामस्वरूप पासवान, रामचंद्र सिंह, सतेन्द्र सिंह, सियाराम सिंह, कुंजील यादव, लक्ष्मी सिंह, सुनील चंद्रवंशी, सुरेंद्र चंद्रवंशी, बिनय चंद्रवंशी, अरविंद चंद्रवंशी, सतीश पांडेय, रंजन सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सिस्टम की लापरवाही का अंतिम सफर खाट पर ढोया गया मजदूर का शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ प्रखंड के चितरामो टोला गिधिनिया में सड़क और पुल के अभाव ने एक बार फिर व्यवस्था की लापरवाही को उजागर कर दिया। कर्नाटक में कार्यरत मजदूर शनिचर मरांडी (निवासी–चितरामो टोला गिधिनिया) का शव 3 अगस्त 2025 को गांव पहुंचा, लेकिन वाहन न पहुंच पाने के कारण परिजनों और ग्रामीणों को खाट पर रखकर 5 किलोमीटर जंगल और पहाड़ पार कर शव को घर तक लाना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि 78 साल आज़ादी और 25 साल राज्य गठन के बाद भी उनके गांव तक पक्की सड़क और पुल नहीं बन पाया है। हर बरसात में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। शव यात्रा की यह तस्वीर सिर्फ गांव की बदहाली नहीं, बल्कि सिस्टम की संवेदनहीनता का जिंदा सबूत है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि क्या 21वीं सदी में भी किसी को अपने प्रिय का अंतिम सफर इस तरह तय करना पड़ेगा? उन्होंने प्रशासन से तत्काल सड़क और पुल निर्माण की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी परिवार को इस तरह की पीड़ा न झेलनी पड़े।

# अनुसचिवीय कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ गोपगुट के राज्य कमेटी के आह्वान पर जिला शाखा जहानाबाद द्वारा 10 सूत्री मांगों को लेकर शनिवार 9 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थानीय समाहरणालय स्थित कारगिल चौक पर प्रारंभ हुआ।कारगिल चौक पर समाहरणालय, अनुमंडल, प्रखंड एवं अंचलों में कार्यरत तमाम निम्नवर्गीय लिपिक, उच्चवर्गीय लिपिक, प्रधान लिपिकों एवं सहायक प्रशासी पदाधिकारियों ने हड़ताल में रहकर धरना दिया। धरना की अध्यक्षता करते हुए और अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोपगुट के जिला अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने कहा कि तमाम लिपिकों के हड़ताल में चले जाने के कारण जिला का सचिवालय रूपी समाहरणालय का कामकाज ठप पड़ा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा हम लोगों को जबरन हड़ताल पर धकेला गया है। निम्न वर्गीय लिपिक को 1900 का ग्रेड पे दिया जा रहा है जो कि काफी कम है। इस वेतन पर न तो सम्मानजनक जीवन यापन हो पा रहा है और ना ही बच्चों को उचित शिक्षा मिल पा रही है। जब तक सरकार द्वारा हमारी 10 सूत्री मांगों पर सहानुभूतिपूर्ण विचार नहीं किया जाता है, हमारी हड़ताल जारी रहेगी। धरना को संबोधित करते हुए अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोपगुट के जिला सचिव संजय कुमार ने कहा कि हमारी मांगों में निम्न वर्गीय लिपिक को सहायक का पद नाम देकर ?2800 का ग्रेड पे देना प्रमुख है। साथ ही उच्च वर्गीय लिपिक को 4200 ग्रेड पे और वरीय सहायक का पदनाम, प्रधान लिपिक को प्रशाखा पदाधिकारी का पदनाम देते हुए रु 4600 का ग्रेड पे की हम मांग करते हैं। सहायक प्रशासी पदाधिकारी को हम राजपत्रित पद घोषित करते हुए रु 5400 का ग्रेड पे की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी जवानी सरकार की खिदमत में खपा देने वाले कर्मचारी आज एक अदद पेंशन को मोहताज हैं। राजनेताओं को चार-चार पेंशन मिलता है लेकिन सरकार की योजनाओं को सरजमीं पर उतारने वाले कर्मियों को एक ऐसे पेंशन में धकेल दिया गया है जिसमें बुढ़ापे की दवाई भी खरीदी नहीं जा सकती है। सभी कर्मचारी एक राष्ट्र - एक पेंशन की मांग करते हैं। नई पेंशन योजना अगर इतनी ही अच्छी है तो राजनेताओं को भी नई पेंशन योजना ले लेनी चाहिए। राजनेता खुद पुरानी पेंशन लेते हैं। धरना को संबोधित करते हुए अनुसचिवीय कर्मचारी संघ गोपगुट के जिला सचिव अजय कुमार ने कहा कि अनुसचिवीय कर्मचारियों के राज्य स्तरीय संवर्ग बनाने का राज्य सरकार के प्रस्ताव का संघ पुरजोर विरोध करता है।

HOMI BHABHA CENTRE FOR SCIENCE EDUCATION
TATA INSTITUTE OF FUNDAMENTAL RESEARCH

**National Olympiad Programme 2025-2026**
**in Astronomy, Biology, Chemistry, Physics, Junior Science**

All students wishing to participate in the programme must appear in corresponding **National Standard Examinations (NSEs)** (for science subjects) on **November 22 and 23, 2025,** conducted by **the Indian Association of Physics Teachers (IAPT).**

Qualification in NSE is the first step towards participation in the corresponding **International Olympiads of 2026.**

To enroll:
**NSEs**: https://www.iapt.org.in (Aug 21 - Sep 14, 2025)

For more details: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

cbc48143/12/0006/2526

# अंतरजिला चोर गिरोह भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

## चार बाइक, एक लैपटॉप सहित कई अन्य सामान भी हुआ बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के विसुनगंज थाना की पुलिस ने अंतरजिला चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष फूलचंद कुमार यादव ने बताया कि बराबर पहाड़ स्थित श्रावणी मेले से एक बाइक की चोरी कर चोर भाग रहा था। जिसे वाहन जांच कर रही विसुनगंज थाने की पुलिस ने रुकवा कर जांच पड़ताल किया तो चोर घबराकर बाइक छोड़ भागने लगा। इस दौरान पुलिस को शक होने पर उसे दौड़ा कर पकड़ा गया और उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक मास्टर चाभी,



एक चाकू एवं पंच बॉक्सर सहित कुछ आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ। जिसके बाद सख्ती से पूछताछ के दौरान युवक ने अपने अंतरजिला गिरोह का भंडाफोड़ किया। जिसके निशानदेही पर पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तारी किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों में विवेक कुमार एवं अभिषेक कुमार बालिग है। बाकी तीन लोग नाबालिग हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी लोग गया जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के बाद उनके पास से चार बाइक, एक लैपटॉप, एक मास्टर चाभी, एक चाकू, एक पंच बॉक्सर सहित कई और सामान बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद गिरफ्तार बालिग दो लोगो को जेल भेजा गया है। बाकी तीन लोगों को जुवेनाइल कोर्ट भेजा गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि इनकी निशानदेही पर और लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी। साथ ही मिले चार मोटरसाइकिल में एक चोरी की है इसका पता लग गया है। बाकी की मोटरसाइकिल की जांच की जा रही है।

# नाले में गिरा मासूम, तेज बहाव में लापता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर के टिकरी रोड स्थित नाले में शनिवार की शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। पानी के तेज बहाव में बहकर आठ वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मृतक की पहचान वार्ड संख्या 15 निवासी रहमद के पुत्र हमजा के रूप में हुई है। घटना के बाद से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण शहर के वार्ड संख्या 14, 15, 24 समेत पांच वार्डों में जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। नाले में पानी का बहाव इतना तेज है कि सैकड़ों घरों में पानी घुस चुका है और लोग परेशानियों का सामना कर रहे हैं। शनिवार की शाम हमजा मोहल्ले के कुछ अन्य बच्चों के साथ पुल की ओर गया था। सभी बच्चे पुल के आसपास खेल रहे थे। इसी दौरान पुल के ऊपर से गुजर रहे पानी की तेज धार में उसका पैर फिसल गया और वह नाले में जा गिरा। देखते ही देखते पानी का बहाव उसे दूर ले गया और वह लापता हो गया। घटना को देखकर मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पानी की तेज धार और नाले की गहराई के कारण कोई भी तुरंत बचाव कार्य करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। इसी बीच मोहल्ले के एक युवक, मुकेश रजक, ने हिम्मत दिखाते हुए नाले में छलांग लगाई। हालांकि, वह भी तेज बहाव में डूबने लगा, जिसे लोगों ने किसी तरह खींचकर बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव की तलाश शुरू कर दी। देर रात तक पुलिस व गोताखोरों की टीम सर्च ऑपरेशन में जुटी रही। इस हादसे के बाद मोहल्लेवासियों में नगर परिषद के खिलाफ आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था और सुरक्षा उपाय नहीं किए जाने के कारण आए दिन इस तरह की घटनाएं घट रही हैं। उन्होंने मांग की है कि तुरंत नाले पर सुरक्षा बैरिकेड लगाई जाए और जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए।

HOMI BHABHA CENTRE FOR SCIENCE EDUCATION
TATA INSTITUTE OF FUNDAMENTAL RESEARCH

**National Olympiad Programme 2025-2026**
**in Astronomy, Biology, Chemistry, Physics, Junior Science**

All students wishing to participate in the programme must appear in corresponding **National Standard Examinations (NSEs)** (for science subjects) on **November 22 and 23, 2025,** conducted by **the Indian Association of Physics Teachers (IAPT).**

Qualification in NSE is the first step towards participation in the corresponding **International Olympiads of 2026.**

To enroll:
**NSEs**: https://www.iapt.org.in (Aug 21 - Sep 14, 2025)

For more details: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

cbc48143/12/0005/2526

# बाढ़ के पानी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नाथनगर।** नाथनगर के सात पंचायतों में बाढ़ ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। यहां के लोग अपने मवेशियों और छोटे बच्चों के साथ सुरक्षित स्थानों की तलाश में भटक रहे हैं। सरकार की ओर से अब तक कोई राहत सामग्री या सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है।

महिलाएं अपने दूधमुहे बच्चों के साथ ऊंचे स्थानों पर जाने को मजबूर हैं। गोसाईंदासपुर-शाहपुर मार्ग पर चार फीट से अधिक पानी बह रहा है, जिससे स्थानीय लोग असहाय महसूस कर रहे हैं।

चुनाव के समय पंचायत और जिला स्तर के प्रतिनिधि केवल वोट मांगने तक सीमित रहते हैं, लेकिन इस संकट के समय कोई मदद के लिए आगे नहीं आया है। लोग भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं कि 'हे भगवान, इस दुख से हमें जल्दी मुक्ति दिलाओ।'

बाढ़ ने किसानों की मेहनत पर भी पानी फेर दिया है। शंकरपुर, बैरिया, राघोपुर, रन्नूचक, भुवालपुर, भतोरिया और बिलखोरिया जैसे क्षेत्रों में फसलें बर्बाद हो रही हैं।

बैरिया पंचायत के सरपंच आशुतोष कुमार ने बताया कि दियारा क्षेत्र में सब्जी की खेती होती है, जो बाढ़ में पूरी तरह बर्बाद हो गई है। अनुमान के अनुसार, सातों पंचायतों में किसानों को सब्जी की फसल में एक करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है।

वहीं, टीएमबीयू (तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय) की स्थिति भी गंभीर है। शुक्रवार की शाम तक बाढ़ का पानी विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में प्रवेश कर गया था।

विद्यार्थियों और अन्य लोगों को सुरक्षित रूप से विश्वविद्यालय पहुंचने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। विवि की कैश शाखा में विद्यार्थियों को पानी में जाकर फार्म लेने की मजबूरी का सामना करना पड़ा।

सीनेट सदस्य रंजीत कुमार ने बताया कि पानी की बढ़ती हुई स्थिति से सभी शाखाओं ने अपने जरूरी दस्तावेजों को सुरक्षित स्थानों पर रख लिया है।

# सड़कों पर चल रहे नाव

## सुविधाओं से वंचित लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** गंगा नदी के जलस्तर में थोड़ी-थोड़ी कमी आने लगी है। इसके बावजूद भी लाखों लोगों का संकट अब भी बरकरार है। बाढ़ का पानी बारिश और अंधेरे में बाढ़ पीड़ितों की रात दिन जैसे तैसे कट रही है। पिछले कई दिनों से पानी जमा होने से लोगों की मुसीबतें बनी हुई है। फिलहाल राघोपुर प्रखंड का लगभग गांव बाढ़ के पानी में डूबा हुआ है। किसानों की फसलें पानी में डूबी है।

प्रखंड की मुख्य सड़क से सभी गांवों का संपर्क भंग हो गया है। जिन सड़कों पर गाड़ियां चलती थी वहां नाव चल रही है। पिछले कई दिनों से वीरपुर, चक सिंगार, शिवनगर समेत आधा दर्जन से अधिक गांव के 60 ट्रांसफार्मर का लाइट काट दिया गया है।बीते शुक्रवार की शाम से प्रखंड के 18 पंचायत का बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। इसके कारण लोग मोबाइल चार्ज करने के लिए इधर-




उधर भटक रहे हैं।फतेहपुर समेत सभी गांव में लगी विभिन्न मोबाइल कंपनी के टावर बंद होने के कारण नेटवर्क भी काम नहीं कर रहा है। प्रखंड परिसर, रेफरल अस्पताल एवं किसान भवन मोहनपुर समेत सभी सरकारी एवं निजी विद्यालय में पानी भर गया हैं।राघोपुर में बिजली की आपूर्ति बंद कर दी गई है, लोगों को मोबाइल चार्ज करने में काफी परेशानी हो रही है। बिजली नहीं रहने के कारण मोबाइल टावर भी काम करना बंद कर दिया गया है। मुसीबत की घड़ी में एक दूसरे से संपर्क होना भी मुश्किल हो रहा है। बिजली नहीं रहने के कारण रात्रि में उमस भरी गर्मी और मच्छर के कारण लोग सो नहीं पा रहे हैं। लोगों ने सरकार से मोबाइल चार्ज करने एवं मोबाइल टावर शुरू करवाने की मांग की। कहा कि सरकार प्रत्येक गांव में मोबाइल चार्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराए। ताकि इमरजेंसी में किसी से संपर्क हो सके।राघोपुर प्रखंड बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन के द्वारा पर्याप्त नाव की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। जिसके कारण लोगों को खाद्य सामग्री जरूरत के समान एवं पशु चारा एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाने में दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन कागज पर नाव की खाना पूर्ति कर रही है।

# ट्रेन से कटकर 600 भेड़ों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** दानापुर रेल मंडल के बनाही और सिकरिया हाल्ट के बीच बनकट के समीप शनिवार अहले सुबह करीब तीन बजे ट्रेन की चपेट में आकर लगभग 600 भेड़ें कटकर मर गईं। हादसे के बाद गांव के आठ भेड़ पालकों की आजीविका पर संकट गहरा गया है। देर रात द्रुत गति से जा रही ट्रेन से यह हादसा हुआ। पटरी पर भेड़ के सैकड़ों शव पड़े थे, हालांकि हैरानी की बात है कि रात में गुजरने वाली किसी ट्रेन के लोको पायलट ने प्रोटोकाल के तहत इसकी सूचना दानापुर कंट्रोल को नहीं दी। इधर, सुबह सूचना पर बिहिया से पहुंचे सरकारी पशु चिकित्सक डा. संजीव कुमार ने मृत भेड़ों की गिनती और अंत्यपरीक्षण रिपोर्ट तैयार की। बताया गया कि शुक्रवार रात भेड़ें रेलवे लाइन के उत्तर दिशा में बंधी थीं। बारिश के बीच किसी जंगली जानवर, संभवतः सियार के आने से झुंड घबराकर रेल पटरियों पर जा पहुंचा। इसी दौरान डाउन ट्रैक से

## पशुपालक कर रहे मुआवजे की मांग

एक एक्सप्रेस ट्रेन गुजरी और सैकड़ों भेड़ें उसकी चपेट में आ गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद कुछ देर के लिए ट्रेन रुकी भी थी। हालांकि, दानापुर नियंत्रण कक्ष और आरा जंक्शन पर किस ट्रेन से यह घटना हुई, इसकी जानकारी नहीं है। सुबह जब पालकों की नींद खुली तो भेड़ों का कहीं पता नहीं चला। खोजबीन में पता चला कि पूरी बकरियों का झुंड पटरियों पर कटा पड़ा है, जिनके शव क्षत-विक्षत हालत में बिखरे थे। मृत भेड़ों में भरत पाल, उदयनारायण पाल, जितेंद्र पाल, श्रीभगवान पाल, मनराखन पाल, जगदीश पाल और मार्कण्डेय पाल सहित कुल आठ पाल समुदाय के पालकों की भेड़ें शामिल हैं। बनकट गांव में अधिकांश परिवार भेड़ पालन पर निर्भर हैं।

# घर में घुसकर हथियार से बुजुर्ग महिला की हत्या

## पुलिस कर रही मामले की छानबीन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयजी।** जिले के रोशनगंज थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव में शुक्रवार की रात को घर में प्रवेश कर 60 वर्षीय विधवा महिला की हत्या किया गया। घटना स्थल पर काफी खून बिखरा हुआ था। मृतक की पहचान बिपती देवी 60 वर्ष पति स्व. चमारी सिंह के रूप में की गई है।

रोशनगंज पुलिस ने शव बरामद कर अंतपरीक्षण के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल भेजा। इससे पहले शव नहीं उठाने दिया जा रहा था। बाद में शेरघाटी के एएसपी शैलेंद्र सिंह घटना स्थल पर स्वयं पहुंचकर ग्रामीणों का मांग स्वीकार करने के बाद शव उठाने दिया गया। पोस्टमार्टम कराकर शव स्वजनों को शनिवार को सौंप दिया गया।रोशनगंज थानाध्यक्ष अनु राजा ने बताया कि मृतक अपने घर में अकेले रहती थी। इनके दो पुत्र दिल्ली में निजी कंपनी में कार्य करते है। घर के बगल में ही मृतक के रिश्तेदार भी रहते है जिनके घर जाकर मृतक प्रतिदिन खाना खाया करती थी।शनिवार को सुबह नाश्ता खाने नहीं गई तो रिश्तेदारों ने घर जाकर देखा गया तो दरवाजा बंद था। पुकार करने पर कोई आवाज भी नहीं हुई। इसके बाद लोग किसी तरह दरवाजा खोला और देखा कि वह मृत पड़ी है।सिर पर प्रहार किया गया था।

थानाध्यक्ष ने बताया कि घर में कोई सामान की चोरी भी नहीं की गई है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित परिवार द्वारा आवेदन नहीं मिला है। पुलिस हर बिंदुओं पर जांच कर रही है। इसके दो तीन दिन पहले इसी थानांतर्गत मेघनाडीह में एक महिला की हत्या उसके पति द्वारा बंद घर में लोहे का धारदार वस्तु से मार कर हत्या कर दिया गया था।

## आपस में भिड़े बदमाश

**मुजफ्फरपुर।** करजा थाना क्षेत्र के चमरूआ के निकट एनएच-722 पर लूट और छिनतई की राशि के बंटवारे के दौरान दो गुटों में बंटे बदमाशों के बीच भिड़ंत हो गई। इस दौरान नोकझोंक के बाद विवाद बढ़ने पर एक पक्ष के बदमाशों ने फायरिंग कर दी, लेकिन इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने झाड़ी में छिपे दो बदमाशों को खदेड़कर दबोच लिया। इसको लेकर इंटरनेट मीडिया पर मैसेज चलने लगा कि बदमाशों द्वारा पुलिस पर फायरिंग कर दी गई है। हालांकि थानाध्यक्ष ने फायरिंग की घटना से इन्कार किया है। हालांकि निशानदेही पर छापेमारी के बाद आर्म्स को जब्त कर लिया गया है। बताया गया कि बदमाशों के आपसी झगड़े के दौरान पुलिस का गश्ती दल मौके पर पहुंच गया। पुलिस को देखकर दो गुटों में बंटे बदमाश भाग खड़े हुए। इस बीच बदमाशों ने पिस्टल पानी में फेंककर झाड़ियों में छिपने का प्रयास किया।

## खतरे के निशान से नीचे पहुंची गंगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** गुरुवार को दोपहर बाद से बक्सर में गंगा के जलस्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इस बीच घटने की रफ्तार तीन सेमी प्रति घंटा तक चली गई थी, जिससे दोपहर तक 82 सेमी जलस्तर नीचे चला गया है। हालांकि, शनिवार की सुबह से घटने की रफ्तार एक सेमी कम हो गई है। बक्सर में विगत दो दिनों से गंगा का जलस्तर लगातार घट रहा है और गुरुवार से अब तक 82 सेमी जलस्तर में कमी दर्ज की जा चुकी है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह सात बजे बक्सर में तीन सेमी प्रति घंटा की रफ्तार से घटते हुए 60.18 मीटर तथा सुबह आठ बजे 20.15 मीटर जलस्तर रिकॉर्ड किया गया था।

लेकिन इसके तुरंत बाद सुबह नौ बजे दो सेमी की रफ्तार हो गई और 60.13 मीटर दर्ज किया गया। इसके बाद से लगातार दो सेमी की रफ्तार से पानी घटते हुए दोपहर 12 बजे 60.07 मीटर दर्ज किया गया है।

उधर गाजीपुर से प्रयाग तक सभी जगह जलस्तर में लगातार कमी दर्ज किए जाने की सूचना है।


# ककोलत जलप्रपात में बढ़ा पानी का प्रवाह

## लोगों का प्रवेश बंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** नवादा जिले के गोविंदपुर प्रखण्ड अंतर्गत ककोलत जलप्रपात में जलप्रवाह अत्यधिक तेज होने के बाद वहां कुंड समेत झरना परिसर को नुकसान पहुंचा है। करीब 60 फीट पहाड़ी की ऊंचाई से तेज पानी बहाव के साथ बड़े-बड़े पत्थर, बालू, गाद आदि गिरने से पूरा कुंड भर गया है। सेल्फी प्वाइंट को भी क्षति पहुंची है। ककोलत झरना महावर पहाड़ी से जुड़ा हुआ है। यह पहाड़ झारखंड के हजारीबाग, कोडरमा की पर्वत श्रृंखलाओं से जुड़ा हुआ है। पर्वत की चोटी से ठंडा पानी जल धारा के रूप में ककोलत में गिरती है। इस जल धारा में स्नान कर सैलानी आनंदित होते हैं। यह पूरा इलाका प्राकृतिक रूप से मनमोहक है। यही कारण है बिहार, झारखंड समेत देश भर से सैलानी यहां प्राकृतिक वादियों का लुत्फ उठाने यहां पहुंचते हैं। सुरक्षा कारणों से फिलहाल ककोलत में सैलानियों के जाने पर रोक लगा दी गयी है। जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी श्रेष्ठ कृष्ण ने कहा कि ककोलत जल प्रपात में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। फिलहाल वहां किसी के भी जाने की मनाही है।

बता दें कि झारखंड के पहाड़ी इलाकों में अक्सर तेज वर्षा होने के बाद ककोलत में जल प्रवाह खतरनाक रूप अख्तियार कर लेती है। ककोलत में पूर्व में भी इस तरह के हालात कई बार बनते रहे हैं। इस साल कई बार ककलोत को बंद करना पड़ा है।



हर बार जल प्रवाह तेज होते ही सुरक्षा कारणों से वहां सैलानियों के पहुंचने पर रोक लगा दी जाती है। ककोलत जलप्रपात में जीर्णोद्धार विकास का कार्य पिछले साल ही पूरा किया गया था। तब करीब 16 करोड़ की राशि से पूरे ककोलत जलप्रपात का जीर्णोद्धार किया गया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वहां हुए जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया था। जिसके बाद इस साल गर्मी के सीजन में औसतन हर दिन 10 से 15 हजार लोगों की भीड़ ककोलत में जुट रही थी। अनुमान है कि अगले आदेश तक तक ककोलत बंद रहेगा। ककोलत कुंड व इसके पास जमा हुए पत्थर, मलवा हटाने के बाद ही अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिए जाने के बाद इसे आम लोगों के लिए खोला जाएगा।

## नशा करते एसआइ धराया

**हाजीपुर।** गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने नशा करते एक छपरा जिले में तैनात एसआई को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। एसआई के जवान पटना जिले के रहने वाला चंदन कुमार बताया गया। बताया गया है कि वह अनुकंपा पर नौकरी करता है। फिलहाल छपरा जिले में पुलिस लाइन में तैनात हैं। स्थानीय लोगों ने नशा करते पुलिस कर्मी को पकड़ लिया। पुलिसकर्मी अपनी वर्दी खोलकर हाथ में लिए हुए था। इसकी सूचना गंगा ब्रिज थाने की पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पुलिस कर्मी को अपने साथ थाने पर ले गई। लोगों ने बताया कि पुलिसकर्मी करीब एक महीने से हमेशा गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र में आकर स्थानीय युवकों के साथ कोटा का नशा करता था। लोगों ने बताया कि गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र में सूखा नशा का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। पुलिस कर्मी हमेशा आकर यहा के युवाओं के साथ सूखा नशा करता था। पुलिस कर्मी पहले भी अपनी ड्यूटी से कई बार फरार हो चुका है। गंगा ब्रिज थाने पर लाकर पुलिसकर्मी को उसकी जानकारी उसके वरीय पुलिस पदाधिकारी को दी गई है।

इस संबंध में गंगा ब्रिज थाना अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों एक एसआई को पकड़ कर दिया है। वह छपरा जिले में तैनात हैं। अनुकंपा पर नौकरी लगी है। उसके अधिकारी को सूचना दी गई है। उसके पास से कोई नशा का सामान नहीं मिला है।

# धू-धूकर जली खड़ी कार, मची अफरा-तफरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना क्षेत्र के प्रखंड कार्यालय के समीप एक खड़ी कार में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते सुजुकी कंपनी की यह कार धू-धू कर जलने लगी।

आग की लपटें इतनी भयंकर थी कि मौके पर मौजूद लोगों में से किसी ने भी बुझाने की हिम्मत नहीं जुटाई। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी, लेकिन जब तक सहायता पहुंची, तब तक पूरी कार जलकर खाक हो चुकी थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक किसी काम से प्रखंड कार्यालय के पास गाड़ी पार्क कर चला गया था। गनीमत रही कि उस समय कार के भीतर कोई सवार नहीं था, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। कार में आग लगने के बाद आसपास धुआं और लपटें तेजी से फैलने लगी, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया।

करीब आधे घंटे बाद थानाध्यक्ष



रजनीश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। उन्होंने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। कार मालिक की पहचान कर पूछताछ की जाएगी, ताकि आग लगने के सही कारणों का पता चल सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार में चाबी लगी हुई थी। संभावना व्यक्त की जा रही है कि शार्ट सर्किट के कारण कार में आग लगी होगी।

हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। घटना स्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार, अगर समय रहते आग पर काबू पा लिया जाता तो गाड़ी को बचाया जा सकता था, लेकिन आग लगने की रफ्तार इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में पूरी कार लपटों में घिर गई।

# गरीबों की मसीहा बनी मुखिया चमेली देवी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** गया जिले के डोभी प्रखंड के पचरतन पंचायत की मुखिया चमेली देवी ने अपने कार्यकाल में एक अनोखी मिसाल पेश की है। 2021 में मुखिया निर्वाचित होने के बाद उन्होंने चुनावी वादों से आगे बढ़कर ऐसा कदम उठाया, जिसने हजारों लोगों के जीवन में उम्मीद की किरण जगा दी।

पंचायत के लोगों को समय पर एम्बुलेंस सुविधा न मिलने और कई मरीजों को दम तोड़ते देखने का दर्द चमेली देवी के मन में गहराई से उतर गया था।

चुनाव के दौरान उन्होंने देखा कि ज्यादातर गरीब लोग एम्बुलेंस की अनुपलब्धता से जूझते हैं। कई बार सरकारी एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाती थी, जिससे मरीजों की हालत बिगड़ जाती थी या उनकी जान चली जाती थी।

विशेषकर पंचायत के अच्छवा गांव की एक दर्दनाक घटना ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया। इसी अनुभव ने उन्हें प्रण दिलाया कि मुखिया बनने के बाद सबसे पहले अपने पैसों से एम्बुलेंस खरीदेंगी।

मुखिया बनने के मात्र छह महीने बाद चमेली देवी ने यह वादा पूरा किया। साढ़े सात लाख रुपये की लागत से उन्होंने खुद की एम्बुलेंस खरीदी और पंचायतवासियों के




लिए इसे फ्री सेवा के रूप में शुरू किया।

पचरतन पंचायत, जिसमें 15 वार्ड, छह गांव और 15 टोले शामिल हैं, की लगभग 10 हजार की आबादी को यह सेवा बिना किसी शुल्क के उपलब्ध है।

अब तक इस एम्बुलेंस के जरिए करीब सैकडों मरीजों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जा चुका है। गंभीर मरीजों को गया, रांची, पटना, वाराणसी, चतरा, औरंगाबाद, बरही और चौपारण स्थित अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

इस सेवा का पूरा खर्च चमेली देवी खुद उठाती हैं। न ईंधन के पैसे, न चालक का किराया, न ही किसी तरह की फीस मरीजों से ली जाती है। चमेली देवी का कहना है कि यह एम्बुलेंस केवल एक वाहन नहीं, बल्कि उनकी पंचायत के लिए जीवनरेखा है।

## पत्नी ने बेलन से तोड़ी पति की नाक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** दांपत्य जीवन में यदि एक-दूसरे के प्रति विश्वास खत्म हो जाए तो सबकुछ तबाह हो जाता है। अहियापुर थाना क्षेत्र की बड़ा जगन्नाथ पंचायत निवासी रवि कुमार के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ।

उनका दांपत्य जीवन सामान्य चल रहा था। कुछ दिन पहले उन्होंने अपनी पत्नी के व्यवहार में बदलाव नोटिस किया। बाद में उन्हें अपनी पत्नी के विवाहेतर संबंध होने का शक होने लगा। उसके बाद उन्होंने अपनी पत्नी पर नजर रखना शुरू कर दिया। ऐसा ही सबकुछ चल रहा था। बीती रात की बात है। जब रवि घर लौटे तो उन्होंने देखा कि उनकी पत्नी वीडियो काल पर लगी है। किसी पुरुष से बात कर रही थी। वह संभवतः उसका प्रेमी था। जब रवि ने अपनी पत्नी से पूछा कि वह किससे बात कर रही थी? पत्नी ने इसका कोई जवाब नहीं दिया।

रवि की उत्सुकता बढ़ती जा रही थी। वे जानना चाह रहे थे कि आखिर रात में वीडियो काल पर किससे बात करती है। रवि ने पत्नी से फोन छीनने का प्रयास किया, जिससे उसकी पत्नी भड़क गई। उसने किचन से बेलन उठाकर रवि पर हमला कर दिया।

## पानी में डूबा दफ्तर और अस्पताल




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** जिले में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से काफी ऊपर बह रहा है, जिसके कारण बाढ़ का कहर लगातार जारी है। नए-नए इलाकों में पानी घुस गया है, जिससे गांव से लेकर शहर तक त्राहिमाम की स्थिति बनी हुई है। लोग घर छोड़कर ऊंचे स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हैं।

जिले के बरियारपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक बाढ़ का पानी पहुंच गया है। प्रखंड कार्यालय में करीब एक फीट पानी भरने से सरकारी कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। कर्मचारी जरूरी कागजात को पानी से बचाने में जुटे हुए हैं और उन्हें ऊंचाई पर रख रहे हैं। कार्यालय के पीछे लोहा पुल से प्रखंड कार्यालय तक बांध पर रखी गई बोरियों के ऊपर से पानी बहते हुए इलाके में प्रवेश कर गया। बाढ़ के पानी की चपेट में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियारपुर भी आ गया है। यहां मरीजों को पहुंचने के लिए 2 से 3 फीट पानी पार करना पड़ रहा है। इससे स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं, खासकर गर्भवती महिलाओं और असमर्थ मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्यकर्मी भी पानी पार करके पीएचसी तक पहुंच रहे हैं और जरूरी उपकरण व कागजात को सुरक्षित कर रहे हैं। गंगा के बढ़ते जलस्तर से बरियारपुर बस्ती, गांधीपुरम सहित कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं और प्रशासन व स्थानीय लोग राहत कार्य में जुटे हुए हैं।

# रेड लाइट एरिया में पुलिस की छापेमारी


## पांच महिलाओं और नौ ग्राहकों को लिया हिरासत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** जिले के हरदा बाजार स्थित रेड लाइट एरिया में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। सवेरा एनजीओ की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में देह व्यापार से जुड़ी पांच महिलाओं और नौ ग्राहकों को हिरासत में लिया गया, जबकि दो नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू किया गया है। बरामद नाबालिगों में एक मुजफ्फरपुर जिले की भी है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि देह व्यापार के लिए बाहर से लड़कियों को लाया जा रहा है। इसके बाद एसपी स्वीटी सहरावत के निर्देश पर ट्रैफिक डीएसपी सह प्रभारी सदर एसडीपीओ कौशल किशोर कमल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में मरंगा थानाध्यक्ष रूपक रंजन सिंह, महिला थाना पुलिसकर्मी और सादे लिबास में अन्य जवान शामिल थे।

पुलिस टीम और सवेरा एनजीओ के सदस्य अचानक हरदा बाजार पहुंचे और कई घरों में छापेमारी की। पुलिस के पहुंचते ही कई लोग भागने लगे, लेकिन खदेड़कर कई लोगों को पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर



आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

मरंगा थानाध्यक्ष रूपक रंजन सिंह ने बताया कि छापेमारी में कई महिला और पुरुष हिरासत में लिए गए हैं। सभी से बारीकी से पूछताछ की जा रही है, ताकि देह व्यापार से जुड़े बड़े रैकेट का पदार्फाश किया जा सके।

## 39 घंटे की तलाश के बाद शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कैमूर।** जिले के रामपुर प्रखंड के सबार गांव में रक्षाबंधन के दिन दुर्गावती नदी में डूबे युवक का शव तीसरे दिन, करीब 39 घंटे की तलाश के बाद बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम की तैयारी शुरू की। सूचना मिलते ही भभुआ विधानसभा के भाजपा विधायक भरत बिन्द सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। मीडिया से बातचीत में विधायक ने घटना को बेहद दुखद बताया और कहा कि मृतक के परिजनों को आपदा राहत कोष की राशि जल्द उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

मृतक की पहचान सबार गांव निवासी नथुनी शर्मा के 24 वर्षीय पुत्र कृष्णा शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेजा गया है। शव मिलने के बाद गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# उत्तराखण्ड में गायब पिता-पुत्र का पुतला बनाकर किया दाह संस्कार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेतिया।** रक्षाबंधन के दिन जहां सुबह-सुबह घरों में पूजा की थाल सजती है, बहनें भाइयों के माथे पर तिलक लगाती हैं, रसोई से मिठाइयों की खुशबू फैलती है लेकिन इस बार पुरुषोत्तमपुर में न मिठास थी, न हंसी, बस आंसू और सन्नाटे की आवाज। उत्तराखंड के धराली में बादल फटने के बाद लापता हुए 55 वर्षीय देवराज शर्मा और उनके बेटे अनिल कुमार (20) व सुशील शर्मा (18) की कोई खबर पांच दिन तक नहीं मिली। इंतजार लंबा होता गया, उम्मीद की डोर पतली पड़ती गई और आखिरकार परिवार ने टूटे दिल से मान लिया कि वे अब कभी लौटकर नहीं आएंगे। शनिवार को गांव के लोगों ने पुतला बनाकर उनका अंतिम संस्कार किया।

देवराज की पत्नी, लक्ष्मीना देवी का दुख शब्दों में बयान करना मुश्किल है। रक्षाबंधन के दिन जब हर बहन अपने भाई को राखी बांध रही थी, लक्ष्मीना देवी अपने पति और बेटों की तस्वीरें सीने से लगाए बार-बार बेहोश हो रही थीं। पास में डॉक्टर इलाज के लिए बैठे थे लेकिन उनकी आंखों का दर्द किसी दवा से कम नहीं हो सकता



था।

परिवार के सदस्य सुनील शर्मा ने धराली जाकर वहां की स्थिति देखी तो उनकी आंखें भर आईं। उन्होंने बताया कि हमारे पिता और दोनों भाई उत्तराखंड में 11 लोगों के साथ एक घर में रह रहे थे। उस दिन मेरे मामा श्याम शर्मा और मेरे ममेरा भाई आनंद कुमार बाहर काम से गए थे, बाकी नौ लोग घर के अंदर थे। अचानक पहाड़ से काले बादल उतरे और फिर मूसलधार पानी व मलबा आया, जिसने पूरी बस्ती बहा दी। जो बाहर थे उन्होंने अपनी आंखों से देखा कि कैसे पलक झपकते ही मकान पानी में समा गया।

पुरुषोत्तमपुर गांव में अब न त्योहार का माहौल है, न कोई उत्साह। गलियां सूनसान हैं, चूल्हे ठंडे पड़े हैं। हर घर का दरवाजा आधा खुला है, मानो कोई परिचित आवाज दे और लापता लोग लौट आएं लेकिन हकीकत यह है कि अब वे सिर्फ यादों में लौटेंगे, भारी और दर्द से भरी यादों में। गांव के एक बुजुर्ग रविन्द्र बाबा ने आंसू पोंछते हुए कहा कि राखी के दिन पहली बार देखा कि एक साथ पिता और दो बेटों की आरती उठी, ये हादसा गांव कभी नहीं भूल पाएगा।

# 24 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से बक्सर में बनेगा महर्षि विश्वामित्र पार्क : सम्राट चौधरी

## पर्यटकों को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान कराने के लिए गायत्री मंत्र थीम पर होगा पार्क निर्माण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि बक्सर में भव्य, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध महर्षि विश्वामित्र पार्क निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पार्क के निर्माण पर 24 करोड़ 42 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले चरण में 8 करोड़ 11 लाख रुपये की राशि व्यय की जाएगी। श्री चौधरी ने कहा कि पार्क निर्माण का उद्देश्य ईको-पर्यटन को बढ़ावा देना, पर्यावरणीय संरक्षण सुनिश्चित करना और स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि महर्षि विश्वामित्र पार्क को गायत्री मंत्र की अवधारणा (थीम) पर विकसित किया जाएगा। इसके तहत ध्यान केंद्र, वैदिक शैली के पथ, शांति के प्रतीक हरित संरचनाएं और धार्मिक श्लोकों से सजे प्राकृतिक स्थल निर्मित किए जाएंगे। इससे पार्क पहुंचने वाले लोग प्रकृति से जुड़ाव और आध्यात्मिक अनुभव कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पार्क में हरियाली और जैव विविधता को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। वृक्षारोपण, औषधीय पौधों की नर्सरी और स्थानीय और प्रवासी पक्षियों के लिए संरक्षित क्षेत्रों की व्यवस्था की जाएगी। परियोजना स्थल के रूप में मृत सोन नहर की भूमि का उपयोग किया जाएगा। सम्राट चौधरी ने बताया कि बक्सर को महर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह वह स्थान है जहां उन्होंने अपना आश्रम स्थापित किया था और भगवान राम एवं लक्ष्मण को शस्त्र एवं शास्त्र की शिक्षा दी थी। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक और पौराणिक धरोहर को संजोने के उद्देश्य से भी इस पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। बिहार में नीतीश कुमार की नेतृत्व वाली एनडीए सरकार प्राकृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को संरक्षित और पर्यटकीय रूप से बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही। इसी कड़ी में महर्षि विश्वामित्र पार्क निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है।



# रक्षाबंधन पर 'मेरा विधायक मेरा परिवार' के तहत मंत्री डॉ. सुनील कुमार को छह सौ महिलाओं ने बांधी राखी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बिहारशरीफ में 'मेरा विधायक, मेरा परिवार' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस विशेष अवसर पर 600 से अधिक महिलाओं ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं स्थानीय विधायक डॉ. सुनील कुमार को राखी बांधी। भावनाओं से भरे इस समारोह में महिलाओं ने मंत्री को राखी बांधकर न सिर्फ भाई का स्नेह जताया, बल्कि अपने सुख-दुख में साथ खड़े रहने का भरोसा भी उनसे पाया। जवाब में डॉ. सुनील कुमार ने सभी बहनों का आशीर्वाद और प्रेम स्वीकार करते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र की हर महिला की सुरक्षा, सम्मान और सहयोग का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बहनों को प्रेम और सम्मान के प्रतीक स्वरूप सुंदर घड़ियां भेंट कीं। इस मौके पर मंत्री ने कहा रक्षाबंधन सिर्फ एक त्यौहार नहीं, बल्कि समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सुरक्षा का प्रतीक है। मेरे क्षेत्र की हर महिलाओं की रक्षा एवं सम्मान मेरा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आज देश हो या राज्य हर जगह महिलाओं को एनडीए सरकार पर भरोसा है क्योंकि जो काम कई दशकों में विपक्षी पार्टी की सरकारों ने नहीं किया, वो महिलाओं के हितार्थ वो सभी कार्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार में सुशासन के प्रतीक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नेतृत्व वाली सरकार ने कर दिखाया। इसका लाभ बिहारशरीफ में भी माताओं एवं बहनों को मिला। इसलिए आगे भी माताओं एवं बहनों का आशीर्वाद हमें मिलेगा, यह आज इस पावन अवसर पर साफ जाहिर हो रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रक्षाबंधन के इस अनोखे उत्सव ने न केवल रिश्तों को मजबूत किया बल्कि जनप्रतिनिधि और जनता के बीच विश्वास की डोर को भी और सुदृढ़ बना दिया।



# पेड़ हमारे जीवन का आधार : डॉ अजय प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** रक्षाबंधन एवं बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस के अवसर पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर गायघाट में वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर हमारे जीवन को रक्षा देने के लिए आभार एवं धन्यवाद कार्यक्रम राजाओं के राजा विघ्नहर्ता सेवा समिति, अजेय रामदूत फाउंडेशन एवं दिनकर सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ अजय प्रकाश ने कहा कि संसार में वृक्ष का संतुलन बने रहना अति आवश्यक है क्योंकि वृक्ष द्वारा हमें जीवन का सबसे महत्वपूर्ण ऑक्सीजन, भोजन सामग्री के साथ-साथ उपयोग आने वाले विभिन्न प्रकार से पेड़ का सहयोग प्राप्त होता है। हमें पेड़ के संरक्षण हेतु उनका आभार व्यक्त करने के साथ-साथ पेड़ लगाना एवं जल, खाद आदि से उनकी सेवा करने की नितांत आवश्यकता है। ताकि हमारी अगली पीढ़ी भी सुरक्षित एवं संरक्षित रहे। वहीं संस्थापक सह महासचिव विकास कुमार मौड़ीवाल ने कहा कि आज रक्षाबंधन के दिन संरक्षण देने वाले पेड़ को भाई मानते हुए राखी बांधा गया है और हम सभी भी पेड़ लगाने का कार्य करेंगे और उसे संरक्षण देने का काम करेंगे पर्यावरण सुरक्षा के साथ मानव स्वास्थ्य को सुरक्षा देने का कार्य करता है वृक्ष। साथ ही मौड़ीवाल ने बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस की सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई भी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लल्लू शर्मा, गौरव अग्रवाल, अमित कुमार, मोहित कुमार मौड़ीवाल, पप्पू साह, राहुल चौधरी, विकास कुमार गुप्ता, दिलीप गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



## पारस हॉस्पिटल हत्याकांड में संलिप्त दो अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शास्त्रीनगर थानांतर्गत पारस हॉस्पिटल में घटित हत्याकांड में मुख्य आरोपी तौसीफ राजा सहित 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पूर्व में ही न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। अग्रेतर अनुसंधान के क्रम में हत्या में प्रत्यक्ष रूप से संलिप्त अभियुक्त रुद्रा पांडेय को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त हथियार उपलब्ध कराने वाले अभियुक्त राजेश यादव को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त राजेश यादव की निशानदेही पर उसके द्वारा लाया गया 190 ग्राम हेरोइन (मादक पदार्थ ),जहां वह पूर्व में ठहरा था, उसके मित्र के आनंद बिहार कॉलोनी स्थित फ्लैट से बरामद किया गया है। इस सम्बन्ध में कार्तिकेय के शर्मा, वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना द्वारा दी गई।

# कश्मीर घाटी में पहली मालगाड़ी सीमेंट लेकर अनंतनाग गुड्स शेड पहुंची

## कश्मीर घाटी में मालगाड़ी का आगमन लॉजिस्टिक और आर्थिक विकास के एक नए युग का सूचक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए एक ऐतिहासिक विकास में पंजाब के रूपनगर से पहली बार एक मालगाड़ी सफलतापूर्वक कश्मीर घाटी के अनंतनाग गुड्स शेड तक पहुंची है। यह कश्मीर क्षेत्र को राष्ट्रीय माल ढुलाई नेटवर्क से जोड़ने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सीमेंट से लदी मालगाड़ी के आगमन से बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी आएगी और कश्मीर के लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। उद्घाटन मालगाड़ी में सीमेंट के 21 बीसीएन वैगन लदे थे। लगभग 600 किलोमीटर की यह यात्रा आज 18 घंटे से भी कम समय में नवनिर्मित अनंतनाग गुड्स शेड पर पूरी हुई। यह आयोजन कश्मीर क्षेत्र में लॉजिस्टिक और आर्थिक विकास के एक नए युग का समर्थन करने के लिए इसकी तत्परता को दर्शाता है। इस ट्रेन में परिवहन किए जाने वाले सीमेंट का उपयोग कश्मीर घाटी में सड़कों, पुलों, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और आवासीय भवनों के निर्माण सहित महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए किया जाएगा। इस अभूतपूर्व यात्रा के लिए लॉजिस्टिक व्यवस्था को सटीकता के साथ क्रियान्वित किया गया। 7 अगस्त, 2025 को 23:14 बजे उत्तर रेलवे को एक इंडेट भेजा गया जिसके बाद अगले दिन यानी 8 अगस्त को सुबह 9:40 बजे रेक की व्यवस्था की गई। 8 अगस्त, 2025 को शाम 6:10 बजे लदान पूरा हो गया और ट्रेन शाम 6:55 बजे पंजाब के रूपनगर स्थित गुजरात अंबुजा सीमेंट लिमिटेड सुविधा से रवाना हुई। मालगाड़ी को इलेक्ट्रिक वैग – 9 लोकोमोटिव द्वारा ले जाया गया जो राष्ट्रीय रेल नेटवर्क की आधुनिक क्षमताओं को दर्शाता है। इस पहली मालगाड़ी का आगमन न केवल एक लॉजिस्टिकल उपलब्धि है, बल्कि प्रगति और एकीकरण का एक सशक्त प्रतीक है जो एक अधिक संबद्ध और समृद्ध कश्मीर घाटी का मार्ग प्रशस्त करता है।



# बिहार कांग्रेस स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक 13 और 14 को सदाकत आश्रम में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आगामी विधानसभा चुनाव 2025 के लिए स्क्रीनिंग कमेटी की बैठकें 13 और 14 अगस्त सदाकत आश्रम में आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में विभिन्न जिलों के संभावित प्रत्याशियों के साथ राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा होगी। बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अजय माकन, सदस्य प्रणीति शिंदे, इमरान प्रतापगढ़ी और कुणाल चौधरी के साथ बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारु, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, डॉ शकील अहमद खान, डॉ मदन मोहन झा एवं तीनों प्रभारी सचिव भी मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि तीनों प्रभारी सचिव अपने-अपने प्रभार वाले जिलों से आए प्रत्याशियों से विस्तृत जानकारी लेंगे और फिर उसे स्क्रीनिंग कमेटी के सामने रखेंगे।

13 अगस्त 2025 को प्रभारी सचिव सुशील पासी और देवेंद्र यादव पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, गोपालगंज, सिवान, सारण, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, नालंदा, पटना नगर, पटना ग्रामीण 1 और 2, भोजपुर, बक्सर, रोहतास, कैमूर, गया जी जिलों से आए संभावित प्रत्याशियों से विचार-विमर्श करेंगे।

# क्रांति दिवस पर राजेश राम ने अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 'भारत छोड़ो आन्दोलन' के 83 वीं वर्षगांठ पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा आज शहीद स्मारक में अमर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने की प्रतिज्ञा ली गई तथा कांग्रेस सेवादल के द्वारा सदाकत आश्रम से शहीद स्मारक तक तिरंगा मार्च निकाला गया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम से निकले तिरंगा यात्रा का नेतृत्व बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, सेवादल बिहार के प्रभारी अफरोज खान, सेवादल के मुख्य संघटक डॉ संजय यादव कर रहे थे। सेवादल के द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा सदाकत आश्रम से होकर एलसीटी घाट, राजापुर, बोरिंग रोड चौराहा, हाईकोर्ट मोड़, वीरचंद पटेल पथ होते हुए विधान सभा गेट के सामने स्थित शहीद स्मारक पर आकर श्रद्धांजलि सभा सह प्रतिज्ञान कार्यक्रम में तब्दील हो गई। शहीद स्मारक पर माल्यार्पण के बाद बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी कांग्रेसजन को प्रतिज्ञा दिलाई। इसके बाद उन्होंने कहा कि यह देश त्याग, समर्पण और बलिदानियों का देश रहा है। इस देश को अखंड बनाने में कई कुर्बानियां हुई हैं और कालांतर में हमने गांधीवादी नीतियों से इसे और बुलंद किया। हम कांग्रेसजन इस बात का संकल्प लेते हैं कि आखिरी सांस तक इस देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने की हम लड़ाई लड़ते रहेंगे। हमारा इतिहास बलिदान का रहा है और हमने इस देश को सींचा है। अमर शहीद हमें प्रेरणा देते हैं कि देश के तिरंगा को हमेशा कांग्रेसजन बुलंदी देंगे। देश में तानाशाही सरकार को समझना होगा कि आम जनता के विकास के लिए उन्हें काम करना होगा तभी सच्चे मायनों में हम आजादी की जीती हुई लड़ाई को स्थापित रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि 1942 का यह दिन भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' आंदोलन की गूंज देशभर में फैल गई थी। श्री राम ने कहा कि असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर आजादी का अमूल्य उपहार हमें दिया।



# राज्य पर्षद् ने पुनः आग्रह किया अनावश्यक हार्न बजाने से बचें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शहर में विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न हो रहे ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा 30 जुलाई को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जन-सामान्य से अपील की गई थी कि हर रविवार को वाहन चालक अपने वाहन का हार्न न बजाएं ताकि शहरवासियों को ध्वनि प्रदूषण से राहत मिल सके। राज्य पर्षद् की यह पहल सराहनीय तो है, पर शहर में अभी भी अनावश्यक हार्न बजाने की प्रवृति बनी हुई है। अतः राज्य पर्षद् पुनः पटना के सभी जागरूक नागरिकों, वाहन चालकों से विनम्र आग्रह करता है कि हर रविवार को 'नो हार्न डे का पालन करें, आवश्यकता न होने पर किसी भी दिन अनावश्यक हार्न बजाने से बचे, विशेष रुप से शहर के शांत घोषित क्षेत्रों के आसपास ध्वनि प्रदूषण न करें, ध्वनि प्रदूषण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का कारण बन सकता है। आपका छोटा सा सहयोग, शहर के वातावरण और नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए बड़ा योगदान होगा।

# पटना मेट्रो परियोजना में बड़ा कदम, विद्युत निरीक्षण से संचालन की तैयारी तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानीवासियों के लिए मेट्रो में सफर करने का सपना अब हकीकत के और करीब पहुंच गया है। पटना मेट्रो परियोजना के तहत मुख्य विद्युत निरीक्षक जनरल भारत सरकार (सीईआईजी) जगदीश कुमार ने प्रमुख विद्युत प्रतिष्ठानों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस निरीक्षण ने न केवल परियोजना की प्रगति को रफ्तार दी है, बल्कि सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों के प्रति प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया है। निरीक्षण में रिसीविंग सब स्टेशन (आरएसएस), ऑक्जिलरी सब स्टेशन (एएसएस), फीडर लाइन, डिपो लाइन और अन्य महत्वपूर्ण ऑन-साइट विद्युत कनेक्शनों की बारीकी से जांच की गई।

पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों ने जगदीश कुमार के साथ इस निरीक्षण में भाग लिया। इस दौरान सभी विद्युत उपकरणों और कनेक्शनों का परीक्षण किया गया जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि मेट्रो के संचालन के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी समस्या न हो।

पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से बताया गया कि परियोजना के हर चरण में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। हर लाइन जो हम बिछाते हैं, उसमें सुरक्षा पहले आती है, कॉरपोरेशन ने स्पष्ट किया। यही कारण है कि संचालन शुरू होने से पहले सभी तकनीकी और सुरक्षा मानकों का कठोरता से पालन किया जा रहा है। विद्युत निरीक्षण के पूरा होने के बाद अब मेट्रो परियोजना के अगले चरण में परीक्षण संचालन (ट्रायल रन) की तैयारी शुरू की जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के निरीक्षण न केवल संचालन की सुचारुता सुनिश्चित करते हैं, बल्कि यात्रियों के भरोसे को भी बढ़ाते हैं।

# सोनालीका ने अप्रैल-जुलाई के बीच 53,772 ट्रैक्टरों की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ने वित्त वर्ष 2026 के अपने सफर में लगातार प्रगति जारी रखी है और केवल 4 महीनों में 50,000 ट्रैक्टर बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी ने अप्रैल-जुलाई 2025 के बीच 53,772 ट्रैक्टरों की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की है जो कंपनी के इनोवेशन और मजबूत मूल्यों को दर्शाता है। साथ ही घरेलू बाजार में ब्रांड के निरंतर विकास का आधार है। सोनालीका कृषक समुदाय को बेहतर फसल प्राप्त करने हेतु अत्याधुनिक कृषि मशीनीकरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सोनालीका का विश्व का नंबर 1 ट्रैक्टर प्लांट रोबोट द्वारा संचालित है जो 2 मिनट में एक हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर तैयार करने में सक्षम है।

## रक्षाबंधन तथा बिहार पृथ्वी दिवस पर वृक्षबंधन कार्यक्रम का आयोजन

# पर्यावरण संतुलन में वृक्षों की भूमिका अहम : संजय कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वावधान में रक्षाबंधन तथा बिहार पृथ्वी दिवस के अवसर पर शनिवार को एनवायरनमेंट वॉरियर्स, छात्रों तथा स्वयंसेवकों के द्वारा वृक्षों को राखी बांध कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वॉरियर्स के संयोजक संजय कुमार और निशांत रंजन ने कहा कि कई कारणों से पेड़ों को काटा जा रहा है। पर्यावरण संतुलन में वृक्षों की भूमिका अहम है ऐसे में वृक्षों की रक्षा के लिए राखी बांध कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना हमारा कर्तव्य बनता है। मौके पर एनवायरनमेंट वॉरियर्स की अध्यक्ष अदिति रॉय ने बताया कि आज रक्षाबंधन तथा बिहार पृथ्वी दिवस एक ही दिन है, पेड़ हमारे सबसे बड़े रक्षक हैं, इसलिए आज के अवसर पर आम लोगों को उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से वृक्षबंधन का आयोजन किया गया है। वहीं सभ्यता कुमारी ने बताया कि पेड़-पौधों से हमारा जीवन संभव हो पाया है, इसलिए सर्वप्रथम इन्हें धन्यवाद देने तथा इनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। पेड़ों को राखी बांधना एक सांकेतिक पहल है जो मनुष्य और वृक्षों की हजारों साल पुरानी अंतर्संबंध को प्रदर्शित है। इस मौके पर अंकित राज, प्रियांशु रंजन, मासूम रंजन, निश्चल कुमार, राजकुमार, संजन कुमार, आकाश राज आदि लोग उपस्थित थे।



# राजस्व महाअभियान 16 अगस्त से, पंचायत प्रतिनिधियों का लिया जाएगा सहयोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा पूरे राज्य में 16 अगस्त से 20 सितम्बर 2025 तक राजस्व महा-अभियान का आयोजन किया जा रहा है। बड़े स्तर पर आयोजित होने वाले इस अभियान की पहुंच घर-घर तक करने तथा इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों और विभिन्न सेवा संघों के साथ बैठक का आयोजन किया गया है जो 10 अगस्त (रविवार) को पूर्वाह्न 10:30 बजे राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में होगी। बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह करेंगे। इस अभियान के दौरान डिजिटाइज्ड जमाबंदियों में त्रुटियों में सुधार, छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन करने, उत्तराधिकार नामांतरण और संयुक्त संपत्तियों के बंटवारा नामांतरण हेतु आवेदन लिए जाएंगे। इस दौरान टीम घर-घर जाकर जमाबंदी की प्रति एवं आवेदन प्रपत्रों का वितरण करेगी। इसके बाद हल्का स्तर पर शिविर लगाकर आवेदन और दस्तावेजों का संकलन किया जाएगा। विभाग इस महा-अभियान को सफल बनाने हेतु पूरी तरह से कार्यरत है। अपर मुख्य सचिव, सचिव तथा अन्य वरीय पदाधिकारियों के द्वारा विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी लोगों से अपील की जा रही है कि लोग इस बारे में जागरूक हों तथा इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# गोस्वामी तुलसीदास की जयंती सांस्कृतिक वातावरण में संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रज्ञा समिति, बिहार संस्कृत संजीवन समाज एवं बिहार पेंशनर समाज के तत्वावधान में बिहार पेंशनर भवन, न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी में संत शिरोमणि एवं सनातन संस्कृति के पुरोधा महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती समारोह तथा संस्कृत दिवस समारोह का भव्य आयोजन सांस्कृतिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि विजय शंकर दुबे, पुर्व मुख्य सचिव बिहार एवं झारखण्ड ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रज्ञा समिति एवं बिहार संस्कृत समाज के अध्यक्ष शिवबंश पाण्डेय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का प्रारंभ राहुल पाण्डेय द्वारा मंगलाचरण एवं स्वागत भाषण प्रज्ञा समिति के निवर्तमान महासचिव जनक कुमार पाण्डेय द्वारा दिया गया। विशिष्ट अथिति डॉ राजेश कुमार मिश्र, पाली विभागाध्यक्ष, गया कॉलेज, गया मुख्य वक्ता प्रो रागिनी वर्मा, संस्कृत विभागाध्याक्ष, गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना तथा मंच का सञ्चालन बिहार संस्कृत समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा एवं धन्यवाद ज्ञापन तरुण कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर प्रज्ञा समिति द्वारा अध्यक्ष पद पर मुकेश कुमार पाण्डेय एवं महासचिव के पद पर तरुण कुमार पाण्डेय को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। पुनः प्रज्ञा समिति की पत्रिका 'प्रज्ञा वाणी' का लोकार्पण किया गया साथ ही साथ प्रज्ञा समिति की वेबसाइट को लांच किया गया। इस अवसर पर तुलसीदास के जीवन एवं उनके जीवन में संस्कृत के महत्व की चर्चा की गयी। आज के समाज में संस्कृत की उपियोगिता एवं महत्ता पर प्रकाश डाला गया एवं प्राचीन ग्रीक एवं ईरान आदि देशों की भाषाओं के साथ इसके संबंध की चर्चा की गयी।



# बिहार में बन रहे विश्वविश्वस्तरीय स्टेडियम का उद्घाटन जल्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में अत्याधुनिक सुविधाओं वाला पहला विश्वस्तरीय स्टेडियम तैयार हो रहा है। इसका निर्माण अपने अंतिम चरण में हैं। अगले महीने तक इसके हो जाने की संभावना है। इसके बाद इसका उद्घाटन किया जाएगा। तब इसे मैच और प्रैक्टिस के लिए खोल दिया जाएगा। स्टेडियम का निर्माण बीसीसीआई के सभा मानकों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। इसमें अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ 40 हजार लोगों के बैठने की क्षमता होगी। इस मैदान का निर्माण 18 एकड़ के क्षेत्र में किया जा रहा है। इसका डिजाइन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले मैचों के लिए तैयार किया गया है। पांच तल वाले मुख्य पवेलियन का निर्माण 14 हजार 295 वर्गमीटर क्षेत्र में किया जा रहा है। इसमें खिलाड़ियों, अंपायरों, मीडिया और वीआईपी अतिथियों के लिए अलग- अलग आधुनिक सुविधाएं रहेंगी। इसके साथ ही जिम, स्पा, लांड्री, फिजियो रूम और चिकित्सा केंद्र जैसी सुविधाएं होंगी। इसमें कुल 13 पीचें बनाई जा रही हैं। इनकी सात पीचें मोकामा की काली मिट्टी से और छह पीचें महाराष्ट्र से लाई गई लाल मिट्टी से तैयार की जा रही है। मोकामा की मिट्टी में चिकनाई अधिक होती है जिससे पिच पर गेंद बेहतर बाउंस करती है।

## संपादकीय

# अमेरिका को भारत का कड़ा संदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अमेरिकी टैरिफ पर पहली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अमेरिका या डॉनल्ड ट्रंप का नाम लिए बगैर कहा कि किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों के साथ भारत कभी समझौता नहीं करेगा। भारत ने इससे पहले ट्रंप के 50त्न टैरिफ को अनुचित, अन्यायपूर्ण और तर्कहीन बताया था। ट्रंप बातें रूस की कर रहे हैं, लेकिन समझना मुश्किल नहीं है कि उनकी निराशा के मूल में भारत के साथ अटकी ट्रेड डील भी है। वह चाहते हैं कि भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों और डेयरी प्रॉडक्ट्स के लिए अपना बाजार खोले। लेकिन, भारत के लिए यह राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील मुद्दा है। देश की बड़ी आबादी खेती पर आश्रित है और किसान आर्थिक रूप से सशक्त नहीं हैं। फिर वे सब्सिडाइज्ड अमेरिकी प्रॉडक्ट्स से होड़ नहीं कर सकते। पीएम मोदी ने अपने भाषण के जरिये भारत का यही पक्ष रखा है। हताशा में लिए फैसले। ट्रंप इस चिंता को शायद ही समझें, क्योंकि अब ऐसा लग रहा है कि अपनी हर नाकामी का ठीकरा फोड़ने के लिए उन्हें कोई देश चाहिए। अमेरिका में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का दबाव व यूक्रेन युद्ध न रुकवा पाने की हताशा ट्रंप के फैसलों में झलक रही है। पहले उन्होंने चीन पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन जब वहां से 'रेयर अर्थ मिनरल्स' के रूप में झटका लगा, तो भारत और रूस से अपनी बात मनवाना चाहते हैं। ट्रंप का मानना है कि रूस तेल बेचकर युद्ध लड़ने के लिए संसाधन जुटा रहा है। हालांकि उन्होंने इस सच से आंखें मूंद ली हैं कि मॉस्को का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार चीन है। और, भारत के अलावा यूरोपीय यूनियन और यहां तक कि खुद अमेरिका भी रूस से व्यापार जारी रखे हुए है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस व्यापार का पूरा डेटा सामने रखकर अमेरिका की पोल खोल दी थी। भारत अपनी जरूरत का 85त्न तेल आयात करता है। रूस से तेल खरीद घरेलू ही नहीं, ग्लोबल ऑयल मार्केट को भी स्थिर रखता है। अमेरिका की पिछली बाइडन सरकार ने भारत के रूस से तेल खरीदने की सराहना की थी क्योंकि उससे बाजार में स्थिरता बनी रही। लेकिन, ट्रंप इन सारी बातों को दरकिनार कर रहे हैं। खैर, इसी महीने अमेरिकी टीम व्यापार वार्ता के लिए भारत आ रही है। आशा है कि दोनों देश कोई रास्ता निकालेंगे। लेकिन इसके साथ भारत को यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौता जल्द करना चाहिए और अन्य देशों के साथ भी ऐसी डील करनी चाहिए ताकि देश का निर्यात लगातार बढ़ता रहे।

**विश्व आदिवासी दिवस, 9 अगस्त मनाया जाता है, केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह सभ्यता की जड़ों और संवेदनशीलता के स्रोत को स्मरण करने का दिन है। यह दिन न केवल आदिवासियों के अस्तित्व, अधिकारों यानी जल, जंगल, जमीन और उनके जीवन की रक्षा का उद्घोष है, बल्कि यह नए भारत के पुनर्निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करने का भी अवसर है। आदिवासी समाज कोई पिछड़ा समूह नहीं, बल्कि वह सांस्कृतिक ऊर्जा का अक्षय स्रोत है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर पर्यावरण रक्षा तक, सामाजिक समरसता से लेकर आध्यात्मिक परंपराओं तक, हर दिशा में क्रांतिकारी भूमिका निभाई है।**

# प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी हैं आदिवासी

(ललित गर्ग)

आज आदिवासी समाज को जितना खतरा बाह्य आर्थिक और राजनीतिक शोषण से है, उससे कहीं अधिक सांस्कृतिक अस्मिता के विघटन से है। धर्मान्तरण की गतिविधियाँ न केवल धार्मिक परिवर्तनों का परिणाम देती हैं, बल्कि उससे जुड़ी मानसिक गुलामी और राष्ट्र-विरोधी मानसिकता भी पनपती है।

विश्व आदिवासी दिवस, 9 अगस्त मनाया जाता है, केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह सभ्यता की जड़ों और संवेदनशीलता के स्रोत को स्मरण करने का दिन है। यह दिन न केवल आदिवासियों के अस्तित्व, अधिकारों यानी जल, जंगल, जमीन और उनके जीवन की रक्षा का उद्घोष है, बल्कि यह नए भारत के पुनर्निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करने का भी अवसर है। आदिवासी समाज कोई पिछड़ा समूह नहीं, बल्कि वह सांस्कृतिक ऊर्जा का अक्षय स्रोत है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर पर्यावरण रक्षा तक, सामाजिक समरसता से लेकर आध्यात्मिक परंपराओं तक, हर दिशा में क्रांतिकारी भूमिका निभाई है।

आदिवासी प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी है। 'जो प्रकृति से जुड़ा है, वही मनुष्यत्व का संरक्षक है'-यह वाक्य आदिवासी समाज पर अक्षरशः लागू होता है। आदिवासी शब्द मात्र एक सामाजिक पहचान नहीं, बल्कि एक दर्शन है, सहजता, सामूहिकता, संतुलन और सह-अस्तित्व का दर्शन। करीब 90 प्रतिशत खनिज सम्पदा, वनौषधियां और जैव विविधता इन्हीं के क्षेत्रों में विद्यमान है। उनका जीवन सभ्यता के केंद्र से नहीं, बल्कि संवेदना के मूल से संचालित होता है। वे भले ही 'वनवासी' कहलाए गए, परंतु उनका जीवन दर्शन हमें शहरीकरण के आडंबर से बाहर निकालकर स्वाभाविक जीवन की राह दिखाता है। नए भारत में विकास का पर्याय यदि केवल बहुराष्ट्रीय निवेश, चकाचौंध और स्मार्ट सिटी बन गया है, तो आदिवासी समाज उसके विस्थापित मूल्य हैं। जल-जंगल-जमीन के नाम पर किए गए सौदे, खनिज लूट, धार्मिक कन्वर्जन, सांस्कृतिक विघटन और जबरन भूमि अधिग्रहण की घटनाएं केवल उनकी आर्थिक दशा ही नहीं बिगाड़ती, बल्कि उनकी पहचान, संस्कृति, भाषा और परंपरा को भी निगलती जा रही हैं। आज आदिवासी समाज त्रष्टा, अशिक्षा, पलायन, अस्वास्थ्यकर जीवन, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से ग्रस्त है। तथाकथित विकास ने उन्हें 'पराया' बना दिया है। वे भारत में रहकर भी अपने ही देश में अदृश्य नागरिक बन गए हैं, जिनके पास न राशन कार्ड है, न पहचान पत्र, न ही राजनीतिक प्रतिनिधित्व की शक्ति।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत की कल्पना में अगर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का सूत्र वाक्य सार्थक करना है, तो आदिवासी पुनर्जागरण सबसे पहली शर्त है। इस दिशा में गुजरात के प्रसिद्ध जैन संत गणि राजेन्द्र विजयजी का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका जीवन आदिवासी क्षेत्रों के लिए संघर्ष, सेवा और सद्भाव की त्रयी बन गया है। वे वर्षों से आदिवासी समाज के उत्थान हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, नशामुक्ति, रोजगार और संस्कृति संवर्धन के अभियान चला रहे हैं। उनका सुखी परिवार अभियान केवल परिवार को नहीं, बल्कि पूरे आदिवासी




समाज को जागृत करने का एक जनांदोलन बन चुका है। वे आदिवासियों में आत्मबल, आत्मगौरव और आत्मनिर्भरता की भावना जगा रहे हैं। बालिका शिक्षा केंद्र, नैतिक शिक्षा अभियान, युवाओं के लिए स्वावलंबन कार्यशालाएं, महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, आदिवासी ग्रामोद्योग, आदिवासी संस्कृति उन्नयन और स्व-सहायता समूहों का गठन- ये सभी उनके प्रयासों का हिस्सा हैं। वे जनजातीय समाज में अहिंसा, नैतिकता और भारतीय संस्कृति के बीज बो रहे हैं, ताकि वे अपने मूल से कटे नहीं, बल्कि गौरव से जुड़े रहें।

आज आदिवासी समाज को जितना खतरा बाह्य आर्थिक और राजनीतिक शोषण से है, उससे कहीं अधिक सांस्कृतिक अस्मिता के विघटन से है। धर्मान्तरण की गतिविधियाँ न केवल धार्मिक परिवर्तनों का परिणाम देती हैं, बल्कि उससे जुड़ी मानसिक गुलामी और राष्ट्र-विरोधी मानसिकता भी पनपती है। गणि राजेन्द्र विजयजी इस खतरे को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने धर्मान्तरण के विरुद्ध शांति, संवाद और आध्यात्मिक पुनर्जागरण का मार्ग अपनाया है। उन्होंने जैन धर्म के मूल्यों के साथ-साथ सभी धर्मों के सकारात्मक मूल्यों को आदिवासी जनजीवन से जोड़ा है ताकि वे किसी भी प्रकार की सांस्कृतिक हिंसा से बचें। गणिजी का स्पष्ट मत है कि हर आदिवासी को अपनी जड़ों में झांकना होगा। उसे यह पहचानना होगा कि वह केवल वनवासी नहीं, अपितु संस्कृति का संवाहक है।' वे आदिवासियों को आत्म निरीक्षण की प्रेरणा देते हैं कि जो अपने मूल से कट जाता है, वह किसी भी विकास का अधिकारी नहीं बन सकता।उनकी प्रेरणा से कई आदिवासी युवाओं ने शिक्षा ग्रहण की, रोजगार स्थापित किए, कुटीर उद्योगों की ओर बढ़े और सबसे महत्वपूर्ण, अपने आत्मगौरव को पुनः प्राप्त किया।

आज जब दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ब्लॉकचेन, ड्रोन टेक्नोलॉजी और डिजिटल नवाचार की ओर अग्रसर हो रही है, तब आदिवासी समाज को भी इस बदलाव की मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है। तकनीक उनके जीवन में केवल बदलाव का कारक नहीं, बल्कि संरक्षण और सशक्तिकरण का माध्यम बन सकती है। एआई आधारित भाषाई अनुवाद तकनीकों से उनकी बोली और लोककथाओं को डिजिटल रूप में संरक्षित किया जा सकता है, जिससे उनकी सांस्कृतिक विरासत विश्व तक पहुंचे। ड्रोन एवं जीआईएस तकनीक से आदिवासी क्षेत्रों के भू-अधिकार सुरक्षित किए जा सकते हैं। मोबाइल हेल्थ यूनिट्स, टेलीमेडिसिन और डिजिटल शिक्षा से वे दुर्गम क्षेत्रों में भी उन्नत जीवन स्तर पा सकते हैं। नवाचार तभी सार्थक होगा जब वह जंगलों में बसे एक युवा को भी ग्लोबल लर्निंग का अवसर प्रदान करे, न कि उसे अपनी जड़ों से काटे।

आज की वैश्विक दुनिया 'लोकल टू ग्लोबल' की सोच को प्रोत्साहित कर रही है और आदिवासी समाज इसमें एक अनमोल भागीदार बन सकता है। उनका पारंपरिक ज्ञान, जैविक खेती, वन औषधियों की समझ, हस्तशिल्प और पर्यावरण संतुलन की परंपराएं विश्व समुदाय के लिए एक वैकल्पिक जीवनदर्शन बन सकती हैं। इसके लिए जरूरी है कि आदिवासी युवा आधुनिक शिक्षा को अपनाएं, लेकिन अपनी संस्कृति और जीवनमूल्यों से जुड़े रहें। उन्हें अपने उद्यमिता कौशल को पहचानने और विकसित करने की आवश्यकता है, जैसे वनोपज आधारित उद्योग, इको-टूरिज्म, वन-हस्तशिल्प, संगीत-नृत्य उत्सव आदि के माध्यम से वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकते हैं। डिजिटल मार्केट प्लेस के जरिए उनके उत्पादों को वैश्विक बाज़ार में पहुंचाया जा सकता है। आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा तभी पूर्ण होगी जब आदिवासी समाज भी अपने भीतर से आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़े।

भारत की स्वतंत्रता केवल मैदानों और दरबारों में नहीं, बल्कि जंगलों और पहाड़ियों में भी लड़ी गई थी, जहाँ आदिवासी वीरों ने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिला दी थी। बिरसा मुंडा जैसे अद्भुत योद्धा और आध्यात्मिक नेता ने न केवल अंग्रेजों के भूमि अधिग्रहण और धर्मान्तरण के विरुद्ध जनजागरण किया, बल्कि एक सशस्त्र संघर्ष को भी नेतृत्व प्रदान किया। झारखंड में चला उनका उलगुलान आंदोलन (महाविप्लव) आदिवासी अस्मिता और स्वाभिमान की एक ऐतिहासिक घोषणा थी। इसी तरह सिद्धू-कान्हू, रानी दुर्गावती, तेलंगाना के कोमराम भीम, भील आंदोलन के गोविंद गुरु, तेनालीराम बावरी, और नारायण सिंह जैसे अनेक आदिवासी सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर यह सिद्ध किया कि भारत की आज़ादी की चिंगारी सबसे पहले आदिवासी अंचलों में धधकी थी। बिरसा मुंडा और आदिवासी वीरों का आजादी में अविस्मरणीय योगदान रहा लेकिन दुर्भाग्यवश, इतिहास की मुख्यधारा में इनके योगदान को उतनी जगह नहीं मिली, जितनी मिलनी चाहिए थी। आज विश्व आदिवासी दिवस हमें इन भूलाए गए नायकों को स्मरण करने, उनका गौरव गान करने और नई पीढ़ी में उनकी प्रेरणा जगाने का अवसर देता है।

# ट्रंप के ट्रेड फतवों को खारिज कर मोदी ने अमेरिका को भारत की ताकत का अहसास करा दिया है

(नीरज कुमार दुबे)

हम आपको बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने पहले से ही भारत पर 25त्न शुल्क लगाया था और हाल ही में रूसी तेल की खरीदारी को लेकर अतिरिक्त 25त्न शुल्क जोड़ते हुए कुल 50त्न टैरिफ लागू कर दिए, जो किसी भी देश पर अब तक सबसे ज्यादा शुल्क है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर एकतरफा तरीके से भारी-भरकम टैरिफ (शुल्क) लगाने और व्यापारिक फतवों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सख्त और संतुलित रुख सामने आया है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिना अमेरिका या ट्रंप का नाम लिए यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अपने किसानों, मछुआरों और पशुपालकों के हितों पर किसी भी अंतरराष्ट्रीय दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है। यह एक ऐसा कदम है जो भारत की आत्मनिर्भरता, संप्रभुता और जनहित को प्राथमिकता देने का संकेत देता है।

हम आपको बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने पहले से ही भारत पर 25त्न शुल्क लगाया था और हाल ही में रूसी तेल की खरीदारी को लेकर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क जोड़ते हुए कुल 50प्रतिशत टैरिफ लागू कर दिए, जो किसी भी देश पर अब तक सबसे ज्यादा शुल्क है। यह सीधा-सीधा दबाव बनाने की रणनीति है ताकि भारत अपने व्यापारिक नीतियों को अमेरिकी हितों के अनुसार ढाल ले।

इसके जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने दो टूक कहा कि भारत किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के हितों पर कभी समझौता नहीं करेगा। हमें इसके लिए भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, इसकी मुझे जानकारी है, और मैं इसके लिए तैयार हूं। भारत इसके लिए तैयार है। देखा जाये तो यह बयान न केवल साहसी था, बल्कि यह अमेरिका को एक स्पष्ट संदेश भी था कि भारत अब अंतरराष्ट्रीय संबंधों में बराबरी के स्तर पर संवाद चाहता है, न कि दबाव में।

इसके साथ ही, भारत सरकार ने ट्रंप की मांगों को लेकर एक स्पष्ट 'रेड लाइन' खींच दी है। विशेष रूप से कृषि, डेयरी और जेनेटिकली मोडिफाइड खाद्य पदार्थों के क्षेत्र में अमेरिका को बाजार में खुला प्रवेश देने से इंकार कर दिया गया है। देखा जाये तो भारत में छोटे किसान, जो जीविका के लिए कृषि पर निर्भर हैं, अमेरिकी कृषि उत्पादों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते, क्योंकि अमेरिका के बड़े-बड़े फार्मों को सरकार की तरफ से भारी सब्सिडी मिलती है। यदि इन उत्पादों को भारत में बिना शुल्क के आने दिया गया, तो भारतीय किसानों की आजीविका पर सीधा खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसी तरह, डेयरी सेक्टर में भी अमेरिका ने ज़ीरो ड्यूटी की मांग की है, लेकिन भारत ने इसे सिरे से नकार दिया है। भारत की डेयरी




व्यवस्था लाखों छोटे पशुपालकों के जीवन से जुड़ी हुई है और यह न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक स्थायित्व से भी जुड़ा हुआ मुद्दा है।

इसके अलावा, जेनेटिकली मोडिफाइड फूड एक और विवादास्पद क्षेत्र है, जहां भारत ने ट्रंप प्रशासन की ज़बरदस्ती को सख्ती से नकार दिया है। हम आपको बता दें कि भारत में जीएम फूड को लेकर वैज्ञानिक और सामाजिक चिंताएं बनी हुई हैं। अमेरिका की तरफ से ऐसे खाद्य पदार्थों के निर्यात पर दबाव बनाया गया, जबकि भारत ने इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से अस्वीकार्य माना। वहीं तेल की खरीद को लेकर भी भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि यह निर्णय भारत की ऊर्जा सुरक्षा को ध्यान में रखकर बाजार आधारित तरीकों से लिया गया है, न कि किसी एक देश को लाभ पहुंचाने के लिए।

देखा जाये तो डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीति में एक तरफा लाभ लेने की प्रवृत्ति दिखती है। उन्होंने जिन अन्य देशों के साथ समझौते किए, वहां भी टैरिफ कम करने के बदले कोई ठोस रियायत नहीं दी।

# चित्तौड़ की राख से उदयपुर के प्रकाश तक स्वराज के शिल्पी थे महाराणा उदय सिंह

**महाराणा प्रताप जैसे अमर पुत्र को जन्म देने वाले इस राजपुरुष की सबसे बड़ी उपलब्धि यह नहीं थी कि उन्होंने नगर बसाया, बल्कि यह थी कि उन्होंने एक ऐसे राज्य की पुनर्रचना की जिसने पराजय की नहीं, पुनर्निर्माण की राजनीति बोली।**

(प्रणय विक्रम सिंह)

जब समय की आंधी किलों को ढहा देती है और सत्ता के सिंहासन राख हो जाते हैं, तब कुछ युगपुरुष इतिहास को हथेली पर उठाकर नवयुग की दिशा दिखाते हैं। ऐसे ही एक दीप-पुरुष थे, महाराणा उदय सिंह द्वितीय, जिनकी दृष्टि में दूरगामी रणनीति थी, भुजाओं में स्वराज्य का संकल्प था और हृदय में मातृभूमि के लिए अमिट श्रद्धा।

वे केवल एक राजा नहीं थे, संस्कृति के संरक्षक, आत्मगौरव के अभियंता और प्रजा के विश्वास-पुरुष थे। चित्तौड़ की राख से जिन्होंने उदयपुर के सूर्य को जन्म दिया और इतिहास को यह सिखाया कि पराजय की धूल में भी नवनिर्माण की चेतना अंकुरित हो सकती है।

**चित्तौड़ की छाया से उदयपुर के प्रकाश तक-** 16वीं शताब्दी का भारत निरंतर मुगलिया हमलों और आंतरिक कलह से त्रस्त था। चित्तौड़ पर जब एक नहीं, कई बार विध्वंसकारी हमले हुए, तब मेवाड़ की रक्षा हेतु एक नई रणनीति की आवश्यकता पड़ी। यह महाराणा उदय सिंह ही थे, जिन्होंने दूरदर्शिता और साहस का परिचय देते हुए अरावली की गोद में उदयपुर नामक एक नए नगर की नींव रखी।

यह कोई राजधानियों की अदला-बदली नहीं थी। यह था, स्वराज्य के विचार को फिर से सजीव करने का प्रयत्न, एक ऐसा नगर जो युद्ध नहीं, संस्कृति और निर्माण की भाषा बोले।

**युद्धभूमि से युगनिर्माण की ओर-** महाराणा उदय सिंह कोई केवल तलवार के धनी नहीं थे। वे भविष्य की भूमि पर आशा के बीज बोने वाले शिल्पी थे। चित्तौड़ की राख से वे केवल बदला नहीं, बदलाव ले आए। उन्होंने सिसोदिया वंश को केवल जीवित नहीं रखा, बल्कि उसे धर्मरक्षा, लोकसेवा और सांस्कृतिक चेतना का नेतृत्व सौंपा।



उदयपुर की स्थापना मात्र एक नगर नहीं, बल्कि नव-आत्मगौरव की घोषणा थी। यह एक ऐतिहासिक उदाहरण है कि जब शत्रु दीवारें गिराता है, तब प्रबुद्ध राजा दुर्गों का स्थान आत्मबल में खोजते हैं।

**मातृभूमि के लिए समर्पित एक सम्राट-** चित्तौड़ के तीसरे साके की ज्वाला कोई साधारण इतिहास नहीं, वह अस्मिता की अग्निपरीक्षा थी। जब अकबर के आक्रमण में चित्तौड़ की प्राचीरें गिरीं, महलों की मीनारें राख हुईं और स्त्री-शिशु-सैनिकों की आंखों में धधकते धुएं का धुंधलका छा गया, तब महाराणा उदय सिंह ने केवल अपने कुल की रक्षा नहीं की, बल्कि समूचे मेवाड़ की आत्मा को नया आश्रय, नया आकार और नया अभिप्राय दिया।

वे जानते थे कि कोई भी शासन केवल प्रासादों और परकोटों से नहीं, बल्कि प्रजा के विश्वास, नेतृत्व की दृष्टि और आत्मगौरव के बीजों से खड़ा होता है।

उदयपुर, आज जो 'झीलों का शहर' कहलाता है, उसकी नींव केवल पत्थरों से नहीं, बलिदान और बुद्धिमत्ता से रखी गई थी।

महाराणा प्रताप जैसे अमर पुत्र को जन्म देने वाले इस राजपुरुष की सबसे बड़ी उपलब्धि यह नहीं थी कि उन्होंने नगर बसाया, बल्कि यह थी कि उन्होंने एक ऐसे राज्य की पुनर्रचना की जिसने पराजय की नहीं, पुनर्निर्माण की राजनीति बोली।

उदयपुर उस कालखंड में एक सांस्कृतिक प्रतिरोध की रचना थी, जहां नगर एक भूगोल नहीं, एक वैचारिक घोषणा बना। उन्होंने यह सन्देश दिया कि जो राजा केवल युद्धभूमि पर नहीं, सांस्कृतिक संघर्षों में भी दिशा देता है, वही राष्ट्र की धरोहर बनता है। मेवाड़ का अस्तित्व उस दिन मिटा नहीं था, उदय सिंह की दूरदृष्टि और प्रजाधर्म की शक्ति से वह एक नए स्वरूप में उदित हुआ था। विदित हो कि जिस हाथ ने प्रताप को झूला झुलाया, उसी हाथ ने आने वाली पीढ़ी को मातृभूमि के लिए संघर्ष का संस्कार दिया।

एक पिता, एक राजा, एक राष्ट्रभक्त उदय सिंह ने इतिहास को न केवल जीवित रखा, उसे पुनः जीवंत किया। वे जानते थे, एक पराजय अंतिम नहीं होती, परन्तु पराजय को स्वीकार कर लेना इतिहास का अंतिम अध्याय बन सकता है।

**महाराणा के मेवाड़ी मंत्र-** आज जब हम महाराणा उदय सिंह द्वितीय की जयंती मना रहे हैं, यह केवल श्रद्धांजलि का क्षण नहीं, बल्कि स्मृति से संकल्प तक की एक ऐतिहासिक यात्रा है। यह वह अवसर है, जब अतीत की राख से भविष्य की चिंगारियों को पहचानने का संकल्प लेना होगा।

महाराणा उदय सिंह हमें सिखाते हैं कि रणनीति में धैर्य और विपत्ति में दृष्टि ही एक सच्चे सम्राट की पहचान होती है। पराजय केवल अंत नहीं, नवसर्जन का बीज भी हो सकती है और यह कि भूमि और संस्कृति की रक्षा के लिए विलंब विनाश बन सकता है। आज का भारत जब विकसित राष्ट्र की ओर द्रुत गति से अग्रसर है, तब यह स्मरण अत्यंत आवश्यक है कि विकास महज कांक्रीट का खेल नहीं, आत्मगौरव का अभियान है। शहरों की नींव और संस्कारों की धारा साथ-साथ चलनी चाहिए। ऐसे समय में महाराणा उदय सिंह की स्मृति हमें चेताती है कि विकास केवल ईंट और पत्थर से नहीं, आत्मा, अभिप्राय और दृष्टि से होता है।

श्रद्धा-सुमन उस युगदृष्टा को, जिसने उजाड़ की धूल में उजाले की नगरी बसाई, जिसने पराजय में पराक्रम का बीज बोया, और जिसके एक निर्णय ने मेवाड़ को मिटने नहीं, अमरता का आशीर्वाद दिया।

जय महाराणा उदय सिंह!

जय मेवाड़! जय भारत! (ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षाबंधन ने बढ़ाई भाईचारे की मिठास, घर-घर में बंधी प्रेम की डोर

**मांझी/दाउदपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाई-बहन के अटूट रिश्ते और पावन प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को मांझी प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों ने परंपरागत तरीके से भाइयों के ललाट पर तिलक लगाकर कलाई पर राखी बांधी और उनके स्वस्थ, लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों के सुख-दुख में हर समय साथ निभाने का वचन दिया। पर्व को लेकर शादीशुदा बहनों का मायके आना-जाना दिन भर जारी रहा। जो बहनें मायके नहीं पहुंच सकीं, उनके घर भाई स्वयं राखी बंधवाने पहुंचे। बच्चों में भी राखी बांधने और बंधवाने को लेकर खासा उत्साह देखा गया। रक्षाबंधन के अवसर पर प्रखंड की सभी सड़कों पर दिनभर चहल-पहल रही। मांझी, ताजपुर, दाउदपुर, कोहड़ा बाजार, शीतलपुर, बरेजा, नवाप समेत सभी गांवों व बाजारों में राखी, मिठाई और कपड़ों की दुकानों पर भीड़ उमड़ पड़ी। रंग-बिरंगी राखियों और मिठाइयों से सजे बाजारों ने पूरे इलाके में त्योहार का रंग बिखेर दिया।



### डॉ राजेश यादव बने राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश उपाध्यक्ष, नेताओं ने दी बधाई

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ, बिहार की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सारण जिला अध्यक्ष डा. राजेश यादव को संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन संघ के प्रदेश महासचिव तसीवर हुसैन द्वारा उनकी योग्यता, समर्पण और संगठन के प्रति सक्रिय योगदान को देखते हुए किया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष उदयशंकर गुड्डू ने इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आशा जताई कि डा. यादव के प्रोन्नयन से प्रदेश स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि डा. यादव ने संगठनात्मक कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाई है और अब प्रदेश स्तर पर भी वे शिक्षकों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाएंगे।

**संघ पदाधिकारियों ने दी बधाई:**

डॉ. राजेश यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर राज्य व जिला स्तरीय संघ पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, प्रदेश सचिव सुनील तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता सह सचिव बैजू कुमार, शैलेश झा, उषा कुमारी, अभिषेक रंजन, शिक्षक नेता संजय सिंह चुन्नू, उमेश प्रसाद यादव, अमित प्रकाश, अजय यादव, प्रभुनाथ राय, संजीव श्रीवास्तव आदि शामिल हैं। सभी ने इस निर्णय को संगठन के हित में उठाया गया सार्थक कदम बताते हुए आशा जताई है कि डॉ. यादव अपने नये दायित्वों का कुशलता से निर्वहन करेंगे।

### जल जीवन हरियाली के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** योगापट्टी प्रखंड के आदर्श कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय मच्छरगांव में जल जीवन हरियाली के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस अभियान के तहत विद्यालय के यूथ एवं इको क्लब के नोडल शिक्षक राजकुमार पांडे द्वारा छात्राओं से आग्रह किया गया कि वे विद्यालय में मां के नाम पर पेड़ लगाने के साथ- साथ उनके पोषण का भी ध्यान रखें साथ- साथ घर जाकर अपने माता-पिता एवं अन्य लोगों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें ताकि गांव और मोहल्ले को हरा भरा बनाया जा सके। नोडल शिक्षक ने बताया कि अभियान के माध्यम से लोगों में जागरूकता बढ़ाई जा रही है कि पौधारोपण न केवल पर्यावरण सुरक्षित करता है बल्कि यह जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने में भी हमारे लिए मददगार है।

### 120 लीटर शराब जब्त,धंधेबाज फरार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा पुलिस ने थाना क्षेत्र से 120 लीटर शराब जब्त किया है।वही मौके से कारोबारी फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने फरार व्यक्ति को चिन्हित कर लिया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर झुमका गांव से 120 लीटर शराब को जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया की फरार व्यक्ति चिन्हित कर गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी है।

### विद्युत एसडीओ ने किया योगदान

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय में शनिवार को नए विद्युत एसडीओ सूचित कुमार ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत नवागत एसडीओ श्री कुमार ने सभी जेई और कार्यालय के अन्य कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। परिचय प्राप्त के उपरांत अधिकारी ने सभी अभियंताओं को कर्मियो को आवश्यक निर्देश दिया। नवागत विद्युत एसडीओ सूचित कुमार ने बताया कि क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करना और क्षेत्र में निर्बाध आपूर्ति बहाल रखना पहली प्राथमिकता होगी।

### योजना में गड़बड़ी की शिकायत पर बीडीओ ने की जांच

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के अलग अलग पंचायत में सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी की शिकायत पर बीडीओ ने शनिवार को जांच किया है। इस दौरान अधिकारी ने बरवा बरौली व बनवरिया पंचायत में पहुचकर योजनाओं की जांच की।जांच के उपरांत बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि बरवा बरौली पंचायत के वार्ड 10 में बनी पीसीसी सड़क को लेकर शिकायत मिली थी। वही बनवरिया शिव मंदिर प्रांगण में स्थित पोखरा की सफाई के मामले में भी शिकायत मिली थी। शिकायत के आलोक में दोनों जगह पर जांच किया गया है। बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि बरवा बरौली में सड़क निर्माण की योजना में किसी प्रकार की गड़बड़ी नही पाया गया है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण की दोनों योजनाएं अलग है। वहीं बनवरिया शिव मंदिर पोखरा की सफाई को लेकर मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी से योजना की फाइल मांगा गया है। बीडीओ ने बताया कि जांच रिपोर्ट वरीय अधिकारी को भेजी जा रही है।

### वन विभाग की छापेमारी में 30 जहरीले सांप बरामद, 5 गिरफ्तार

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गौरीचक थाना क्षेत्र के बाकरचक गांव में वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सांप तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है.छापेमारी के दौरान वन विभाग ने 30 जहरीले सांप बरामद किए हैं और इस मामले में सपेरों सहित कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों में सत्येंद्र, पप्पू, भालो, तोमर और एक अन्य अहेरी सपेरा शामिल है.सभी आरोपी अहिरी समुदाय से जुड़े बताए जाते हैं जो सांप पकड़ने और दिखाने का पारंपरिक काम करते रहे हैं, लेकिन इस बार इनके ऊपर सांप तस्करी में संलिप्त होने का आरोप है. वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रेम कुमार केसरी ने बताया कि ये सभी आरोपी सांपों को पकड़कर तस्करी की नीयत से जंगल के इलाके में छिपाकर रखे हुए थे.

# स्कॉलर बीएड कॉलेज गिरिडीह में सावन महोत्सव का हुआ आयोजन

## प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने राखी मेकिंग और मेंहदी प्रतियोगिता में लिया भाग



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बनहत्ती स्थित स्कॉलर बी.एड कॉलेज गिरिडीह में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने बड़ा ही उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने हाउस के अनुसार राखी मेकिंग एवं मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से सावन महोत्सव को आकर्षक स्वरूप प्रदान करने का प्रयास किया। मौके पर प्राचार्य डॉक्टर शालिनी खोवाला ने कहा कि इसका आयोजन का उद्देश्य लोगों में सांस्कृतिक जागरूकता, पारंपरिक मूल्यों का सम्मान तथा रचनात्मकता एवं कलात्मक कौशलों का विकास करना है। इससे छात्रों में टीम भावना का विकास होता है। साथ ही ऐसे आयोजन से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को मूर्त रूप देने में सहायता मिलती है इसलिए ऐसे आयोजन में आपसभी अवश्य भाग लें राखी मेकिंग में स्वामी विवेकानंद हाउस को प्रथम,रविन्द्रनाथ टैगोर हाउस को द्वितीय एवं डॉ राधाकृष्णन हाउस व डी एल एड को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में सावित्रीबाई फूले को प्रथम, स्वामी विवेकानंद व डी एल एड को द्वितीय एवं राधाकृष्णन व रविन्द्रनाथ टैगोर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जिन्हें महाविधालय प्राचार्या डॉ शालिनी खोवाला व डॉ हरदीप कौर ने पुरस्कार देकर उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर प्राचार्या डॉ शालिनी खोवाला ने सावन महोत्सव में सहयोग प्रदान करने वाले एवं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं एवं साधुवाद दिया। कार्यक्रम में समन्वयक की भूमिका डॉक्टर सुधांशु शेखर जमैयार एवं डोली कुमारी ने निभाया।

## सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने जवानों को बांधी राखी




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज पूरे देश भर में राखी का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा । हर बहन अपने भाई की रक्षा के लिए राखी बांधती है। और उसकी लंबी आयु की कामना करती है। वही शुक्रवार को सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने रक्षा बधन का त्यौहार अनूठे अंदाज में मनाया । विद्यालय की कक्षा पांचवी से आठवीं तक छात्रओं ने सीआरपीएफ कैंप पहुंचकर जवानो को तिलक लगाकर उनकी की कलाई पर राखी बांध कर न उन्हें सम्मान दिया, बल्कि उनकी सुरक्षा का वचन भी लिया। इस भावपूर्ण पहल ने पुलिस कर्मियों के चेहरों पर मुस्कान ला दी।वही पुलिस कर्मियो ने भी विद्यालय परिवार और छात्राओं के इस प्रयास की सरहाना की और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में रक्षा, सेवा और समाज के प्रति कर्तव्य भाव को विकसित करना था। विद्यालय की निर्देशक रमनप्रीत कौर सलूजा ने कहा कि पुलिस के ये जवान हमारे समाज व संपत्तियों की सुरक्षा करते हैं। ये जवान अपने घर-परिवार से दूर रह कर अपने कार्य में लगे रहते हैं. इसलिए जरूरी है कि पर्व-त्योहारों में हम उन्हें अपने घर-परिवार की कमी महसूस न होने दें।

## सावन पूर्णिमा पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन पूर्णिमा और रक्षा बंधन के पावन अवसर पर शनिवार को बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु जल, दूध, बेलपत्र एवं पुष्प लेकर मंदिरों में पहुंचने लगे। पूरे वातावरण में घंटा-घड़ियाल की ध्वनि और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा नर्मदेश्वर धाम शिव मंदिर (बेंगाबाद), जगन्नाथ धाम शिव मंदिर (फुरसोडीह), नीलकंठेश्वर धाम शिव मंदिर (सोनबाद), खुटरी ताराटांड़ शिव मंदिर, पांडेश्वर धाम (खुरचुट्टा), सर्वसिद्धी धाम (भंवरडीह), बुढ़वा महादेव (बड़कीटांड़), वंशा महादेव (मानजोरी) सहित कई अन्य शिवालयों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया मंदिरों में उमड़े आस्था के इस सैलाब में महिला-पुरुष, बच्चे-बूढ़े सभी शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में खड़े होकर बारी-बारी से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और परिवार व समाज की खुशहाली की कामना की। सावन पूर्णिमा और रक्षा बंधन के संगम ने पूरे क्षेत्र को भक्ति के रंग में रंग दिया। वहीं मानजोरी में स्थित बाबा वंशानाथ महादेव मंदिर में आसपास के सैकड़ों युवकों ने बराकर नदी से जल उठाकर पैदल यात्रा कर मंदिर में अहले सुबह जल चढ़ाया। युवकों ने पूरे रास्ते बोल बम का नारा है ,बाबा एक सहारा है,हर हर महादेव के नारे को बुलंद आवाज में दोहराते हुए मंदिर तक पहुंचा मानजोरी में स्थित बाबा वंशानाथ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़।

## कांवरियों को बस व अन्य वाहनों से बराकर धाम पहुंचाया गया



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिव भक्तों की भारी भीड़ शुक्रवार रात को बड़ा चौक से झूमते हुए गिरिडीह-डुमरी रोड स्थित बराकर धाम की और रवाना हुई इस मौके पर गेंरूआ वस्त्र में हजारों शिवभक्त बड़ा चौक पहुंचे, जहां पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, विश्व हिन्दू परिषद, मानव सेवा परिवार, श्री रामबालक संघ द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया। यहां बता दे कि हर साल बराकर धाम से जल उठाकर बाबा दुखिया महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु इसी रास्ते से गुजरते हैं तथा गिरिडीह शहर के चयनित मुख्य स्थल बड़ा चौक में जुटते हैं । इसी को लेकर के वहां धार्मिक संगठनों द्वाराश्र द्धालुओं के लिए नाश्ते के साथ खीर, चाय, शर्बत के फलों के भी इंतजाम किए थे। इस दौरान शाम सात बजे से ही बड़ा चौक में कांवरियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। जहां कांवरियों ने देर रात बराकर धाम में स्नान के बाद पैदल बाबा दुखिया महादेव मंदिर के लिए रवाना हुए जहां बराकर नदी में स्नान के बाद शिवभक्त कांवरियों ने बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों के साथ बाबा दुखिया पहुंचे तथा वहां स्थापित महादेव शिवलिंग के साथ मंदिर में स्थापित अन्य देवी-देवताओं के मूर्ति पर जलाभिषेक कर विधि संवत तरीके सेपूजा-अर्चना की।

## निराश्रित बच्चों को डालसा ने दिलाई पहचान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नालसा एवं झालसा के निर्देश पर 13 मई 25 से शुरू किए गए निराश्रित बच्चों के लिए योजना साथी का आज समापन हुआ. इस मौके पर आयोजित प्रेस वार्ता में डालसा के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनों ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर गठित साथी टीम की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें 18 साल तक के निराश्रित , झुग्गी - झोपड़ी , फुटपाथ अनाथालय, शेल्टर होम आदि में रह रहे बच्चों को अधिकार मित्र एवं इकाई की टीम ने धनबाद जिले के सभी प्रखंड , पंचायत , ग्रामीण इलाकों में जा जाकर डोर टू डोर एवं जागरूकता शिविरों के माध्यम से बच्चों को चिन्हित किया गया एवं विशेष कैंप का आयोजन कर आधार कार्ड बनवाया गया . उन्होंने बताया कि अब तक 446 बच्चों का आधार कार्ड बनवाया गया जिसमें 135 ऐसे बच्चे हैं जो कि दिव्यांग श्रेणी से आते थे उन सभी का इस योजना के माध्यम से आधार कार्ड बनवाकर हेल्थ चेकअप एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनवा दिया गया, दिव्यांग पेंशन के लिए संबंधित प्रखंडों में आवेदन किया गया है और साथ ही चिन्हित बच्चों का हेल्थ चेकअप एवं जो बच्चे पढ़ाई नहीं कर रहे थे उन सभी बच्चों का नजदीकी स्कूलों में नामांकन कराया गया है ।

## नीरज सिंह हत्याकांड में संजीव सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को नीरज हत्याकांड मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय खंडपीठ ने इस मामले में संजीव सिंह को जमानत दे दी है. संजीव सिंह पर अपने चचेरे भाई और पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या की साजिश रचने का आरोप है. वे वर्ष 2017 से धनबाद जेल में बंद थे. उनके अधिवक्ता मो. जावेद ने इस फैसले की जानकारी दी.

**21 मार्च ₹2017 को धनबाद के सरायढेला में कर दी गई थी हत्या**

21 मार्च "2017 को धनबाद के सरायढेला के स्टील गेट में नीरज सिंह, उनके पीए अशोक यादव, ड्राइवर घल्टू महतो और अंगरक्षक मुन्ना तिवारी की हत्या कर दी गई थी. इस घटना ने कोयलांचल को झकझोर दिया था. हत्याकांड में गोलियों की बारिश की गई थी. 21 मार्च '2017 को नीरज सिंह अपनी गाड़ी से अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान घात लगाए अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी. सैकड़ो राउंड फायरिंग की गई. घटनास्थल पर ही चारों लोगों की मौत हो गई थी. इस घटना के बाद कोयलांचल में सन्नाटा पसर गया था. इस घटना में झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह ने थाने में सरेंडर किया था. इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था.

**हत्याकांड के शूटरों के तार उत्तर प्रदेश से जुड़े**

घटना में शूटरों के तार उत्तर प्रदेश से जुड़े. इसी मामले में अमन सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस ले आई थी. अमन सिंह की हत्या धनबाद जेल में तीन दिसंबर 2023 को कर दी गई थी. धनबाद आने के बाद अमन सिंह गैंगस्टर बन गया था. नीरज सिंह की हत्या के बाद 2019 में झरिया विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर उनकी पत्नी पूर्णिमा नीरज सिंह ने चुनाव लड़ी और संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह को पराजित कर दिया. कांग्रेस के टिकट पर वह 2019 में विधायक बनी। विधायक बनने के बाद भी दोनों परिवार में समय-समय पर टकराहट होती रही. झरिया को लेकर भी आरोप- प्रत्यारोप लगते रहे. इस बीच सूर्य देव बाबू के भाई पूर्व मंत्री बच्चा सिंह का बीमारी की वजह से निधन हो गया. बच्चा बाबू सिंह मेंशन से अलग पहले से ही रह रहे थे. रामधीर सिंह और सूर्य देव सिंह का परिवार सिंह मेंशन में रह रहा था. लेकिन बाद में रामधीर सिंह का परिवार भी अलग रहने लगा. इस बीच फिर 2024 का चुनाव आया. इस चुनाव में भी झरिया सीट पर पूर्णिमा नीरज सिंह और रागिनी सिंह के बीच आमने-सामने का चुनावी टक्कर हुई. चुनाव के इस रण में इस बार रागिनी सिंह ने बाजी मार ली और पूर्णिमा नीरज सिंह को उन्होंने पराजित कर दिया. रागिनी सिंह फिलहाल झरिया विधानसभा सीट से भाजपा की विधायक है. झरिया विधायक रागिनी सिंह ने पति संजीव सिंह की जमानत की खुशी पर भावुक हुई और मां कुंती सिंह भी अपने आंसू को रोक नहीं पाई। संजीव सिंह की जमानत की खुशी की लहर पूरा सिंह मेंशन में है।

## फारवर्ड ब्लॉक ने बंद पत्थर खदानों को भरवाने या जमा पानी से सिंचाई और मत्स्यपालन करने की मांग

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पत्थर निकालने के बाद यूं ही छोड़ दिए गए खदान सुरक्षा के लिए भी खतरनाक 'ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक' ने गांडेय प्रखंड क्षेत्र में बंद हो चुके सभी पत्थर खदानों को बिना भरवाए यूं ही छोड़ दिए जाने का मामला उठाते हुए उसे भरवाने या फिर माइंस की मजबूत घेराबंदी कर उसमें जमा पानी का सिंचाई और मत्स्य पालन के लिए उपयोग कर स्थानीय किसानों को लाभ पहुंचाने की मांग की है।इस बाबत आज पूर्व जिप सदस्य एवं फारवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने गांडेय प्रखंड के कमार्टांड़ इलाके में, पत्थर निकालने के बाद यूं ही छोड़ दिए गए कुछ खदानों को देखने के उपरांत कहा कि, सही अथवा गलत तरीके से माइंस चलाने वालों ने पत्थर निकालने के बाद उसे भरा नहीं और खतरनाक हालत में ही छोड़ दिया है, जिससे कभी-भी जान-माल की क्षति की आशंका बनी रहती है कहा कि, माइंस के आसपास का जल स्रोत भी इसके कारण नीचे चला गया है। दूसरी ओर, अत्यंत गहरे इन खदानों में अथाह जमा पानी का कोई और उपयोग भी नहीं हो रहा, जबकि आसपास के खेतों में माइंस का पानी पहुंचा कर तथा माइंस में मत्स्यपालन कर स्थानीय किसानों को सीधे फायदा पहुंचाया जा सकता है श्री यादव ने कहा कि, माइंस के नाम पर माइंस संचालकों की मनमानी का ही यह नतीजा है। अतः सरकार को ऐसी गतिविधियों पर रोक लगानी चाहिए। पूर्व जिप सदस्य ने ऐलान किया कि, 'ऑल इंडिया अग्रगामी किसान सभा' तथा 'ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक' शीघ्र ही गांडेय प्रखंड के बंद माइंस क्षेत्र के किसानों को गोलबंद कर इसके लिए आंदोलन चलाएगी।

## 30 साल बेमिसाल, सम्पर्क एडवरटाइजर्स

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सम्पर्क एडवरटाइजर्स ने अपना 30वां स्थापना दिवस दिनांक 09 अगस्त को पूरे उत्साह के साथ मनाया। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सम्पर्क एडवरटाइजर्स के प्रोप्राइटर, श्री उग्रेश कुमार झा ने अपने सभी क्लाइंट्स, कार्यालय सहयोगियों एवं सभी मीडिया हाउस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही हमारी एजेंसी आज सफलतापूर्वक 31वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। पिछले 30 वर्षों की यात्रा को स्मरण करते हुए उन्होंने बताया कि हमारी एजेंसी ने सरकारी, गैर-सरकारी एवं विभिन्न प्रकार के कॉरपोरेट क्लाइंट्स के साथ सफलतापूर्वक कार्य किया है एवं उनके व्यापार को बुलंदियों तक पहुँचाया। साथ ही उन्होंने बताया कि इन 30 वर्षों में बहुत सारी बाधाएं एवं परेशानियां भी आईं, लेकिन उन बाधाओं को पार कर आज हमारी एजेंसी 31वें वर्ष में प्रवेश कर गई है और आगे भी हमारी एजेंसी पूरी निष्ठा और लगन से क्लाइंट्स के लिए काम करती रहेगी। अंत में अपनी इस सफलता के लिए श्री झा ने पुनः एक बार अपने सहयोगियों एवं अधिकारियों का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया।



## शिबू सोरेंन का निधन झारखंडवासियों के लिए अपूरणीय क्षति है : डॉ. अशोक वर्मा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री झारखण्ड आंदोलन क्रांतिकारी दिसोम गुरु शिबु सोरेंन की निधन दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में कल सुबह हो गया जो सभी झारखंडवासियों के लिए अपूर्ण छत्ती है, इस पर बेरोजगार रोजगार झारखंड के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक वर्मा ने गहरी शोक व्यक्त कर बताए हैं कि झारखण्ड के निमार्ता झारखण्डी महाजनी प्रथा कॉल्माफि या, भूमाफिया व हंडिया इत्यादि के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैनर तले जन आंदोलन कर एक झारखंड राज्य की माँग के लिए आंदोलन किया , जो उन्हीं के प्रयास से आज झारखंड एक अलग राज्य है, जो दिशोम गुरु जी की कड़ी मेहनत व प्रयास से एक झारखंड वासियों को एक अलग पहचान दिलाए, और इस तरह वह अपना एक बेमिसाल नाम कायम किए, इसके साथ साथ देश में भी अपना एक अलग पहचान बनाए।

## आयुर्वेदाचार्य डॉ. सुनील दूबे ने परिवार संग बहनों से बंधायी राखी



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वर्ल्ड फेमस आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर आज परिवार संग अपनी बहनों अंजनी झा, डॉ. जूली पाण्डेय एवं पार्वती तिवारी से राखी बंधवायी। बहनों ने अपने भाई की कलाई पर रेशम से बनी राखी बांधकर उनकी आरती उतारी, चंदन टीका किया एवं मिठाई खिलाई। डॉ. दूबे ने बहनों को आशीर्वाद देते हुए पूरी जिन्दगी उनकी रक्षा का वचन दिया। इसके अतिरिक्त डॉ. दूबे के पुत्र एवं आरोग्य वेलनेस सेन्टर के निदेशक डॉ. साजन दूबे, सागर दूबे, भतीजा साहिल दूबे एवं राज दूबे को उनकी दो बहनों पूजा दूबे एवं शालू सुनील दूबे ने राखी बांधी एवं उनसे अपनी रक्षा का वचन लिया। डॉ. दूबे की भावज रिंकी दूबे ने भी अपने भाई अमर प्रकाश तिवारी को राखी बांधी। इस अवसर पर डॉ. दूबे की पत्नी श्रीमती उषा दूबे एवं बहनोई भोला झा भी मौजूद थे। इस अवसर पर डॉ. दूबे ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस बार यह 09 अगस्त 2025 को मनाया जा रहा है। यह एक पर्व मात्रा नहीं है बल्कि यह भाई और बहन के अटूट प्रेम और बंधन का प्रतीक है। यही वजह है कि प्रतीक के तौर पर बहने अपने भाई की कलाई पर कच्चा धगा बाँध कर उनसे अपनी रक्षा का वचन लेती हैं। मैंने भी अपनी बहनों को आजीवन रक्षा का वचन दिया है एवं नेग स्वरूप उपहार भी दिया ।

# वित्त वर्ष 2025-2026 के अप्रैल-जून के लिए प्रदर्शन अपडेट, कर पश्चात लाभ 5.02% बढ़कर 10,986 करोड़ रुपये हो गया

**मुंबई/पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जीवन बीमा निगम ("एलआईसी") के निदेशक मंडल ने 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए एकल और समेकित वित्तीय परिणामों को स्वीकृति प्रदान की एवं उन्हें अनुमोदित किया। नीचे हमारे एकल परिणामों के मुख्य अंश दिए गए हैं। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए कर-पश्चात लाभ (पीएटी) 10,986 करोड़ रुपये था, जबकि 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए यह 10,461 करोड़ रुपये था, जो 5.02% की वृद्धि दशार्ता है। प्रथम वर्ष की प्रीमियम आय (एफवाईपीआई) (आईआरडीएआई के अनुसार) द्वारा मापी गई बाजार हिस्सेदारी के संदर्भ में, एलआईसी 63.51% की समग्र बाजार हिस्सेदारी के साथ भारतीय जीवन बीमा व्यवसाय में बाजार में अग्रणी बनी हुई है। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए, एलआईसी की व्यक्तिगत व्यवसाय में 38.76% और समूह व्यवसाय में 76.54% बाजार हिस्सेदारी थी। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए कुल प्रीमियम आय 1,19,200 करोड़ रुपये थी, जबकि 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए यह 1,13,770 करोड़ रुपये थी, जो 4.77% की वृद्धि दशार्ती है। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए कुल व्यक्तिगत व्यवसाय प्रीमियम पिछले वर्ष की इसी अवधि के 67,192 करोड़ रुपये से बढ़कर 71,474 करोड़ रुपये हो गया, जो 6.37% की वृद्धि दशार्ता है। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए समूह व्यवसाय की कुल प्रीमियम आय 47,726 करोड़ रुपये थी, जबकि 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

यह 46,578 करोड़ रुपये थी, जो 2.46% की वृद्धि दशार्ती है। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान व्यक्तिगत रूप से कुल 30,39,709 पॉलिसियाँ बेची गईं, जबकि 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान 35,65,519 पॉलिसियाँ बेची गईं, यानी 14.75% की कमी दर्ज की गई। वार्षिक प्रीमियम समतुल्य (एपीई) आधार पर, 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए कुल प्रीमियम 12,652 करोड़ रुपये था। इसमें से 55.81% (7,061 करोड़ रुपये) व्यक्तिगत व्यवसाय द्वारा और 44.18% (5,590 करोड़ रुपये) समूह व्यवसाय द्वारा हुआ। व्यक्तिगत व्यवसाय के अंतर्गत, एपीई आधार पर सहभागी (पार) उत्पादों का हिस्सा 69.66% (4,919 करोड़ रुपये) था तथा शेष 30.34% (2,142 करोड़ रुपये) असहभागी (नॉन पार) उत्पादों का था। असहभागी (एपीई) 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के 1,615 करोड़ रुपये से बढ़कर 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए 2,142 करोड़ रुपये हो गया है, जो 32.63% की वृद्धि दशार्ता है। इसलिए, एपीई आधार पर, व्यक्तिगत व्यवसाय का हमारा असहभागी (नॉन पार) हिस्सा, जो 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए 23.94% था, 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए बढ़कर 30.34% हो गया है। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए नए व्यवसाय का मूल्य (वीएनबी) 1,944 करोड़ रुपये था, जबकि 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए यह 1,610 करोड़ रुपये था, जिसमें 20.75% की वृद्धि दर्ज की गई। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए शुद्ध वीएनबी मार्जिन 150 बीपीएस की वृद्धि के साथ 15.4% हो गया, जबकि 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए यह 13.9% था। 30 जून, 2025 को सॉल्वेंसी अनुपात 30 जून, 2024 को 1.99 के मुकाबले बढ़कर 2.17 हो गया। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए, 13वें महीने और 61 वें महीने के लिए प्रीमियम आधार पर स्थायित्व अनुपात क्रमशः 75.63% और 63.85% हैं। 30 जून, 2024 को समाप्त इसी तिमाही के लिए तुलनीय स्थायित्व अनुपात क्रमशः 78.23% और 61.62% थे। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए, 13वें महीने और 61 वें महीने के लिए पॉलिसियों की संख्या के आधार पर स्थायित्व अनुपात क्रमशः 64.35% और 51.12% थे। 30 जून, 2024 को समाप्त इसी अवधि के लिए तुलनात्मक स्थायित्व अनुपात क्रमशः 67.81% और 49.39% थे। प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियाँ (एयूएम) 30 जून, 2025 तक बढ़कर 57,05,341 करोड़ रुपये हो गई, जबकि 30 जून, 2024 को यह 53,58,781 करोड़ रुपये थीं, जो वर्ष-दर-वर्ष 6.47% की वृद्धि दशार्ता है। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए कुल व्यय अनुपात 10.47% था, जबकि 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए यह 11.87% था, यानी 140 आधार अंकों की कमी दर्ज की गई। अप्राप्त लाभ को छोड़कर पॉलिसीधारकों के फंड पर निवेश पर प्रतिफल 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए 8.45% था, जबकि 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए यह 8.54% था।

**एलआईसी के सीईओ एवं एमडी, श्री आर. दुरैस्वामि ने कहाः-**

"इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के दौरान, प्रथम वर्ष प्रीमियम आय के आधार पर हमारी कुल बाजार हिस्सेदारी 63.51% रही और हमने व्यक्तिगत और समूह व्यवसाय, दोनों में अग्रणी स्थिति बनाए रखी। व्यक्तिगत व्यवसाय में नॉन-पार हिस्सेदारी में वृद्धि, वीएनबी मार्जिन में वृद्धि और बैंका हिस्सेदारी में वृद्धि जैसी हमारी रणनीति के प्रमुख तत्व पूरी तरह से सही दिशा में हैं। व्यक्तिगत खंड में नॉन-पार उत्पादों की हिस्सेदारी, एपीई आधार पर, वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में बढ़कर 30.34% हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह 23.94% थी। वीएनबी मार्जिन साल-दर-साल आधार पर 150 आधार अंकों से बढ़कर 15.4% हो गया है, जबकि इस तिमाही में हमारा व्यय अनुपात 140 आधार अंकों से घटकर 10.47% हो गया है।

# रूस से खरीद बंद होने पर दुनिया में 10 फीसदी बढ़ेंगे क्रूड के दाम

- यहीं से हो रहा 10 प्रतिशत कच्चा तेल आपूर्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उच्च टैरिफ के दबाव में आकर अगर सभी देशों ने रूस से कच्चे तेल की खरीदारी बंद कर दी, तो इससे वैश्विक स्तर पर क्रूड के दाम 10 फीसदी बढ़ जाएंगे। एसबीआई ने शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा, कच्चे



तेल की वैश्विक आपूर्ति में रूस की हिस्सेदारी करीब 10 फीसदी है। रूस से तेल खरीदारी बंद करने पर दुनियाभर में क्रूड की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। ऐसा तब तक होगा, जब तक कोई अन्य तेल उत्पादक देश इस कमी को पूरा करने के लिए आगे न आए। रिपोर्ट में कहा गया है कि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से न सिर्फ देशों का आयात बिल बढ़ेगा, बल्कि लागत और महंगाई के मोर्चे पर भी चुनौतियों का सामना करना होगा। कुल मिलाकर, अनिश्चितताओं और अस्थिरता के इस दौर में इन सबका नकारात्मक असर वैश्विक जीडीपी की वृद्धि दर पर पड़ेगा।

### ट्रंप पर पनगढ़िया का कटाक्ष

# लाशें चलती ही होंगी.. तभी 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अर्थशास्त्री अरविंद पनगढ़िया ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मृत अर्थव्यवस्था वाले कटाक्ष पर कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। डॉलर के संदर्भ में तो यह इससे भी अधिक है। ट्रंप के बयान पर तो यही कहा जा सकता है कि हो सकता है लाशें चलती हों। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष पनगढ़िया ने शुक्रवार को कहा, यदि



अर्थव्यवस्था मृत है तो आप 7 प्रतिशत से अधिक की दर से विकास नहीं कर सकते। मुझे नहीं पता कि इस परिभाषा का क्या अर्थ है। ट्रंप ने 31 जुलाई को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था, मुझे इसकी परवाह नहीं कि भारत रूस के साथ क्या करता है। वे मिलकर अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को नीचे गिरा सकते हैं, मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। पनगढ़िया ने कहा, भारत को यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते को आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाना चाहिए। भूमि और श्रम बाजार सुधारों को आगे बढ़ाना चाहिए। विकास की गति तेज करने के लिए नियमों में ढील देना चाहिए। निर्यात पर उच्च शुल्क के बाद निर्णायक मोड़ का सामना कर रहे भारत को सुधार एजेंडे पर तेजी लानी चाहिए।

## दिल्ली में टमाटर हुआ लाल

# त्योहारी सीजन में सब्जियां हुई महंगी

### तेल के भाव भी बढ़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सब्जियों की बढ़ी में दाम (प्रति किलो) कीमतों ने लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी है। आलम यह है कि टमाटर के साथ गोभी, शिमला मिर्च के दाम में पिछले महीने के मुकाबले काफी इजाफा हुआ है। रिटेल बाजार में सब्जियों के दाम लगभग दोगुने हो गए हैं। इसी बीच सरसों के तेल में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। कारोबारियों के मुताबिक, बीते 15 दिनों के अंदर सरसों के तेल के दाम में 25 रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

जिसकी वजह से लोगों के किचन का बजट बिगड़ गया है। आने वाले दिनों में इसके दाम में और बढ़ोतरी होने के आसार है। आजादपुर सब्जी मंडी के एक कारोबारी ने बताया कि इन दिनों शिमला मिर्च, गोभी, भिंडी, टमाटर, बीस समेत कई सब्जियों के दाम में तेजी आई है। आजादपुर सब्जी मंडी के वेजिटेबल ट्रेडर्स असोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी अनिल



मल्होत्रा ने बताया कि बारिश के चलते सब्जियां तेजी से खराब हो रही है, जिसकी वजह मंडी में सब्जियों की आवक घट गई है। जिससे सब्जियां अब महंगी होने लगी है। उन्होंने बताया कि पिछले एक हफ्ते में शिमला मिर्च से लेकर गोभी, धनिया के रेट आसमान छू रहे थे, लेकिन इस हफ्ते उनके रेट में थोड़ी गिरावट आई है। हालांकि, आशंका है कि लगातार बारिश होने के बाद फिर से सब्जियों के दाम में बढ़ोतरी हो सकती है।

### सरसों तेल में तेजी

तेल के दाम में भी तेजी आई है। रोहिणी के रिटेल कारोबारी प्रवीण गोयल ने बताया कि 15 दिन पहले एक लीटर सरसों तेल 170 रुपये का था, अब 195 का मिल रहा है। हर दिन सरसों के तेल के दाम में वृद्धि देखने को मिल रही है। एक अन्य थोक कारोबारी ने बताया कि इस साल लगभग 111 लाख टन सरसों की फसल होने का अनुमान था, लेकिन अब तक करीब 95 लाख टन ही मार्केट में सरसों आई है।

### दिल्ली में टमाटर हुआ लाल

केंद्र सरकार ने कहा कि दिल्ली में टमाटर का मौजूदा औसत भाव 73 रुपये प्रति किलों चल रहा है और इस ऊंचे भाव की एक बड़ी वजह देश के उत्तरी और उत्तर- पश्चिमी इलाकों में हुई। भारी बारिश है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि चेन्न और मुंबई जैसे शहरों में हाल के हफ्तों में मौसम असामान्य नहीं होने से टमाटर के भाव इस तरह नहीं बढ़े। उसने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में 47 से 60 रुपये प्रति किलो तक के भाव पर सरकारी एजेंसियां टमाटर बेच रही है।

# कहीं अमेरिका पर ही भारी न पड़ जाए टैरिफ

### विश्लेषकों की राय, ट्रंप के रवैये से बढ़ सकती हैं मुश्किलें




**वाशिंगटन/लंदन, एजेंसी।** रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर जुर्माने से लेकर दर्द निवारक दवा का बेजा इस्तेमाल रोकने के लिए फेंटेनाइल के आयात पर रोक लगाने तक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को अपनी विदेश नीति का पसंदीदा हथियार बना लिया है। भारी-भरकम टैरिफ लगातार दुनियाभर के बाजारों में हलचल मचा देने वाले ट्रंप अब इसी के बलबूते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को घुटनों पर लाने की कोशिश में जुटे हैं। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि इससे पुतिन के तेवरों में कोई कमी आने के आसार नहीं हैं। ट्रंप ने रूस को धमकाने के लिए एकदम नायाब तरीका निकाला है। उन्होंने रूस से कहा है कि या तो वह एक दिन के भीतर यूक्रेन के साथ जंग रोके या फिर उसका तेल खरीदने वाले देशों पर द्वितीयक टैरिफ के तौर पर जुर्माना लगाए जाने के लिए तैयार रहे। ट्रंप का मानना है कि द्वितीयक शुल्क (भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ की तरह) से बचने के लिए संबंधित देश रूस से कच्चा तेल आयात करना बंद कर देंगे। इससे एक प्रमुख वित्तीय स्रोत बंद होने से रूस के लिए जंग लड़ना मुश्किल हो जाएगा।

### एक साल में 93.21 फीसदी बढ़ी इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री

# ई-दोपहिया वाहनों में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीतिगत समर्थन और चार्जिंग बुनियादी ढांचे में सुधार से इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों (ई-कारों) की खुदरा बिक्री जुलाई, 2025 में सालाना आधार पर 93.21 फीसदी बढ़कर 15,528 इकाई पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में 8,037 ई-यात्री वाहन बिके थे। कुल बिक्री में टाटा मोटर्स का योगदान सर्वाधिक रहा।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 6,047 ई-यात्री वाहनों की बिक्री के साथ टाटा मोटर्स सबसे आगे रही। यह संख्या जुलाई, 2024 में बेचे गए 5,100 इकाइयों से 18.57 फीसदी अधिक है। दूसरे स्थान पर काबिज एमजी मोटर इंडिया ने 5,089 ई-यात्री वाहन बिके, जो सालाना आधार पर 214.91 फीसदी की वृद्धि है।



- **ई-वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री-** ई-तिपहिया वाहनों की बिक्री 9 फीसदी बढ़कर 69,146 इकाई पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में 63,675 ई-तिपहिया वाहन बिके थे। महिंद्रा समूह 9,766 इकाइयों के पंजीकरण के साथ इस क्षेत्र में अग्रणी रहा।
- **बाजार हिस्सा बढ़ा, त्योहारों में अच्छी बिक्री की उम्मीद-** विक्री बढ़ने से ई-वाहनों की बाजार हिस्सेदारी में भी तेजी देखने को मिली है। ई-यात्री वाहनों की बाजार हिस्सेदारी जुलाई में बढ़कर 4.7 फीसदी पहुंच गई, जो जुलाई, 2024 में 2.4 फीसदी रही थी। ई-दोपहिया वाहनों की बाजार हिस्सेदारी 7.4 फीसदी से बढ़कर 7.5 फीसदी, ई-तिपहिया की 57.6 फीसदी से बढ़कर 62.1 फीसदी और ई-वाणिज्यिक वाहनों की हिस्सेदारी 1.07 फीसदी से बढ़कर 1.63 फीसदी पहुंच गई।

## विदेशी मुद्रा भंडार 9.32 अरब डॉलर घटकर 688.87 अरब डॉलर पर, रिजर्व बैंक ने जारी किए आंकड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार एक अगस्त को समाप्त होने वाले हफ्ते के दौरान 9.322 अरब डॉलर कम होकर 688.871 अरब डॉलर रह गया। यह हाल के दिनों में हुई सबसे बड़ी गिरावटों में से एक है। आरबीआई ने शुक्रवार को फॉरेक्स रिजर्व से जुड़े आंकड़े जारी किए। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में समग्र विदेशी मुद्रा भंडार 2.703 बिलियन डॉलर बढ़कर 698.192 बिलियन डॉलर हो गया था। केंद्रीय बैंक ने अपने आंकड़ों में बताया कि एक अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 7.319 अरब डॉलर घटकर 581.607 अरब डॉलर रह गई। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों की मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 1.706 अरब डॉलर घटकर 83.998 अरब डॉलर रह गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 237 मिलियन अमरीकी डॉलर घटकर 18.572 बिलियन अमरीकी डॉलर रह गए। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ में भारत की आरक्षित स्थिति भी 59 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 4.694 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गई।

# एअर इंडिया ने सेवानिवृत्ति आयु सात साल तक बढ़ाई

### पायलट के साथ इन कर्मियों को भी मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विमानन कंपनी एअर इंडिया ने पायलटों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर 65 वर्ष और गैर-उड़ान कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर 60 वर्ष करने का फैसला किया है। वर्तमान में एयरलाइन में पायलटों और गैर-उड़ान कर्मचारियों दोनों की सेवानिवृत्ति की आयु 58 वर्ष है। सूत्रों ने बताया कि सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की घोषणा सीईओ और एमडी कैंपबेल विल्सन ने गत दिनों कंपनी की बैठक में की।

**एअर इंडिया के पास कितने कर्मचारी-** फिलहाल, एअर इंडिया की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया में लगभग 24,000 कर्मचारी हैं, जिनमें 3,600 पायलट और 9,500 केबिन क्रू सदस्य शामिल हैं। यह तुरंत पता नहीं चल सका है कि केबिन क्रू की सेवानिवृत्ति की आयु, जो वर्तमान में एयर इंडिया में 58 वर्ष है, बढ़ाई गई है या नहीं।

# इलेक्ट्रिक बस और ट्रक पर सब्सिडी दो साल के लिए बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने 10,900 करोड़ रुपये की पीएम ई-ड्राइव स्कीम की वैलिडिटी इलेक्ट्रिक बसों, ई-एम्बुलेंस और ई-ट्रकों जैसी कुछ खास कैटिगरी के वाहनों के लिए दो साल बढ़ाकर मार्च 2028 तक कर दी है। नोटिफिकेशन के मुताबिक, इस स्कीम के प्रोविजन अब मार्च 2026 की बजाय मार्च 2028 तक लागू रहेंगे। हालांकि, यह भी बताया गया है कि रजिस्टर्ड ई-2डब्ल्यू (इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर), रजिस्टर्ड ई-रिक्शा और ई-कार्ट, और रजिस्टर्ड ई-3डब्ल्यू (रू) के लिए आखिरी तारीख 31 मार्च 2026 ही रहेगी। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि यह फंड लिमिटेड स्कीम है।



### ईवी की बिक्री बढ़ी

इलेक्ट्रिक पैसेंजर वीइकल की रिटेल बिक्री जुलाई में पिछले साल के मुकाबले 93 फीसदी बढ़ी है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स असोसिएशंस (स्नष्ठ) ने शुक्रवार को बताया कि इसमें टाटा मोटर्स सबसे आगे रही। वहीं, इलेक्ट्रिक टू-वीलर सेगमेंट में 4 फीसदी की गिरावट आई। इलेक्ट्रिक थ्री-वीलर सेगमेंट में 9 फीसदी की ग्रोथ देखने को मिली।

# हरदीप पुरी बोले- भारत ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा

### लेकिन आयात अब भी महत्वपूर्ण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को स्वच्छ ऊर्जा और घरेलू ईंधन उत्पादन में भारत की प्रगति के बारे में बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि देश अब भी अपनी बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर बहुत अधिक निर्भर है। पेट्रोलियम मंत्री ने जैव ऊर्जा और प्राकृतिक गैस क्षेत्र की प्रगति पर कहा, हमारे पास पहले से ही 113 संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र कार्यरत हैं और 73 निर्माणाधीन हैं। मंत्री ने यहां राष्ट्रीय राजधानी में पायनियर बायोफ्यूल्स 360 शिखर सम्मेलन के अवसर पर संवाददाताओं से कहा, यदि आप बाजार में आने वाले कार मॉडलों को देखें, तो पाएंगे कि उनमें से कई नए मॉडल सीएनजी-संगत हैं। इसलिए यह एक सफलता की कहानी है। पुरी ने ऊर्जा पहुंच में प्रगति के एक अन्य उदाहरण के रूप में भारत के लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) वितरण की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, आज हम सभी आंकड़ों से उलट चल रहे हैं। देश में 33.5 करोड़ एलपीजी कनेक्शन हैं, जिनमें उज्ज्वला योजना के तहत 10.5 करोड़ कनेक्शन शामिल हैं, फिर भी हम अपनी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी आयात करते हैं। आयात पर निर्भरता को स्वीकार करते हुए, पुरी ने दोहराया कि देश घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए निर्णायक कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा, हमारी रिफाइनरियां अधिक उत्पादन करने जा रही हैं। हम अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) में और अधिक काम करने जा रहे हैं। प्राकृतिक गैस के बारे मंत्री पुरी ने कहा कि घरेलू उत्पादन में अच्छी वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने कहा, हां, हमारा उत्पादन प्रति वर्ष 18 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, लेकिन फिर भी हम अब भी लगभग 50 प्रतिशत आयात कर रहे हैं। मंत्री पुरी ने आत्मनिर्भर भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

# देसी में है दम... तभी तो यह शख्स कर रहा करोड़ों रुपये की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कौन कहता है कि देसी चीजों में दम नहीं है एक बार आप उसे करिए तो सही, पैसा आना अपने आप शुरू हो जाता है। ऐसा ही कुछ किया है कोयंबटूर के रहने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट विकास कुमार ने। विकास कुमार केमिकल फ्री स्विमिंग पूल बनाते हैं। इसके जरिए वह आज करोड़ों रुपये की कमाई कर रहे हैं। विकास कुमार अपने छोटे बेटे के लिए केमिकल-फ्री स्विमिंग पूल खोज रहे थे। उन्होंने देखा कि शहर के ज्यादातर पूल में क्लोरीन होता है। क्लोरीन त्वचा, बालों और फेफड़ों के लिए हानिकारक होता है। विकास को अपने बचपन के गांव के नेचुरल



तालाबों से प्रेरणा मिली। उन्होंने बिना सीमेंट और केमिकल के नेचुरल चीजों से स्विमिंग पूल बनाने का फैसला किया।

**कैसे लिया फैसला-** विकास ने एक इंटरव्यू में कहा, मैं नहीं चाहता था कि मेरा बेटा हर बार तैरने के बाद चश्मा पहने, उसकी आंखें लाल हों और उसमें से ब्लीच की गंध आए। इसलिए विकास ने साधारण पूल से अलग कुछ करने का सोचा। उन्होंने तमिलनाडु के पोल्लाची में अपने फार्महाउस पर बिना सीमेंट, क्लोरीन या सिंथेटिक चीजों का इस्तेमाल किए नेचुरल, सेल्फ-क्लीनिंग स्विमिंग तालाब बनाया।

### कंपनी बनाकर शुरू किया काम

सीए होने के बावजूद विकास को रिस्क पता थे। लेकिन उन्हें पर्यावरण और आर्थिक दोनों तरह से यह सही लगा। उन्होंने बायोस्फीयर नाम से एक कंपनी शुरू की। यह कंपनी इंडियन क्लाइमेट, मटेरियल और लाइफस्टाइल के हिसाब से बायो स्विमिंग पूल डिजाइन और बनाती है। उनके पूल पूरी तरह से नेचुरल और लोकल मटेरियल से बने होते हैं। एक कम एनर्जी वाला पंप हर समय चलता रहता है। यह पानी को बजरी, जलीय पौधों और फायदेमंद बैक्टीरिया की परतों से होकर गुजारता है। ये बैक्टीरिया और पौधे नेचुरल फिल्टर की तरह काम करते हैं। वे पानी से गंदगी निकालते हैं और उसे बैलेंस रखते हैं। इसके लिए किसी भी तरह के केमिकल या हर साल पानी बदलने की जरूरत नहीं होती है।

**कितनी हो रही कमाई-** आज बायोस्फीयर सिर्फ एक आदमी की कंपनी नहीं है। यह एक बढ़ता हुआ बिजनेस है। यह पूरे भारत में इको-फ्रेंडली घर मालिकों, रिसॉर्ट और फार्महाउस को सर्विस देता है। एक नेचुरल स्विमिंग तालाब बनाने में लगभग 45 दिन लगते हैं। इसे कस्टमाइज भी किया जा सकता है। इसमें कोई तालाब, झरने और नेचुरल स्ट्रीम भी बनाए जा सकते हैं। इन पूल को ज्यादा मेंटेनेंस की जरूरत नहीं होती है। इनमें कंक्रीट या प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं होता है।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 09-08-2025 21:49 Page 1



# दो मालगाड़ियां आपस में टकरायी

## परिचालन पूरी तरह प्रभावित, कई ट्रेनों के बदले गये रूट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आद्रा मंडल के चांडिल स्टेशन से लगभग 200 मीटर की दूरी पर दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गईं। इसके कारण टाटानगर से नई दिल्ली और बिहार जाने वाले रेल मार्ग पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है।



रेलवे प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस दुर्घटना के कारण 20 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है।

12820 आनंद विहार-भुवनेश्वर एक्सप्रेसः बंडामुंडा में तीन घंटे तक नियंत्रित रही। अब यह ट्रेन नीमच, आद्रा, मिदनापुर, हिचली होते हुए भद्रक जाएगी।18615 हावड़ा-हटिया एक्सप्रेसः चांडिल में नियंत्रित, 12152 शालीमार-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस आद्रा से बोकारो स्टील सिटी, मुरी से राउरकेला होते हुए हटिया जाएगी। 28182 कटिहार-टाटा एक्सप्रेसः आद्रा से मिदनापुर, नीमच होते हुए टाटानगर आएगी। 12151 लोकमान्य तिलक-शालीमार एक्सप्रेसः चक्रधरपुर से टाटानगर होते हुए खड़गपुर तक चलेगी। इसी तरह 12801 पुरी-नई दिल्ली पुरूषोत्तम एक्सप्रेसः हिजली से मिदनापुर आद्रा, भोजूडीह होते हुए गोमो तक चलेगी। 18115-18116 चक्रधरपुर-गोमो-चक्रधरपुर आज रद्द रहेगी, 68023-68024ः झारग्राम-पुरुलिया-झारग्रामः आज रद्द रहेगी। 20892ः टाटा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस आज रद्द रहेगी, 18183 टाटा-बक्सर एक्सप्रेस आज रद्द रहेगी, 68055-68056 आसनसोल-टाटा-आसनसोल मेमू अद्रा स्टेशन पर समाप्त कर दी गई है। यह अद्रा से टाटानगर तक रद्द रहेगी।

18011ः हावड़ा-चक्रधरपुर एक्सप्रेस अद्रा स्टेशन तक समाप्त कर दी गई है। 13301-13302 धनबाद-टाटा-धनबाद स्वर्णरेखा एक्सप्रेस रद्द, 13288 आरा-दुर्ग एक्सप्रेसः यह भोजूडीह से चास, बोकारो स्टील सिटी से मुरी, हटिया होते हुए राउरकेला पहुँचेगी। यह ट्रेन आज टाटानगर नहीं आएगी। 22892 रांची-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेसः यह कोटशिला, बोकारो स्टील सिटी से चंद्रपुरा, महुदा से भोजूडीह, अद्रा होते हुए खड़गपुर पहुँचेगी। यह टाटानगर नहीं आएगी। 68086 बरकाकाना-टाटा मेमू आज रद्द रहेगी।

22843ः बिलासपुर-पटना एक्सप्रेसः परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

## थाने में गिरफ्तारी देने पहुंचे सांसद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** वैद्यनाथ धाम मंदिर मामले में निकास द्वार से प्रवेश करने के मामले में गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे व सांसद मनोज तिवारी व अन्य के खिलाफ दर्ज मामले में खुद की गिरफ्तारी देने के लिए डॉ. निशिकांत दुबे शनिवार को बाबा मंदिर थाना पहुंचे। देवघर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद वे सीधे बाबा मंदिर थाना के लिए निकले। सीता होटल चौक पर गाड़ी से उतरने के बाद वे पैदल बाबा मंदिर थाना तक पहुंचे। वहां उन्होंने थाना प्रभारी से कहा कि वे गिरफ्तारी देने आए हैं। हालांकि, तकनीकी कारणों से उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई। इस बारे में सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने कहा कि उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया। पुलिस का कहना है कि एफआईआर को एमपी एमएलए कोर्ट में भेजा है। वहां उसे स्वीकार किया जाएगा, उसके बाद सेक्शन 41 के तहत तीन बार नोटिस दिया जाएगा। उसके बाद अगर गिरफ्तारी की संभावना बनेगी तो गिरफ्तारी होगी।

# धनबाद-अलप्पुझा एक्सप्रेस से गांजे की खेप बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मूरी।** रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन 'नारकोस' के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए ट्रेन संख्या 13351 (धनबाद-अलप्पुझा एक्सप्रेस) में 18.3 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। मादक पदार्थ की यह बरामदगी मुरी स्टेशन पर की गई। आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर मुरी और सुइसा पोस्ट के चार जवान एएसआई लडूरा सवाईयां, कॉन्स्टेबल सत्यानंद कुमार, कॉन्स्टेबल यशवंत कुमार मौर्य सात अगस्त को ट्रेन में एस्कॉर्ट ड्यूटी पर थे। मुरी स्टेशन पर ट्रेन के रुकने के बाद, कोच संख्या एस-3 में दो लावारिस पिट्ठू बैग संदिग्ध रूप से पड़े मिले। जवानों ने तत्काल यात्रियों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी बैग पर स्वामित्व नहीं जताया। संदेह के आधार पर की गई जांच में दोनों बैगों से भूरे प्लास्टिक में लिपटे दो पैकेट मिले, जिनमें गांजा होने की आशंका जताई गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए मुरी पोस्ट के पोस्ट कमांडर निरीक्षक संजीव कुमार मौके पर पहुंचे और आरपीएफ रांची के एएससी अशोक कुमार सिंह को भी सूचना दी गई। अशोक कुमार सिंह की निगरानी में गवाहों की उपस्थिति में बैग खोले गए और बरामद गांजा को मुरी पार्सल कार्यालय में तौला गया, जिसका वजन 18.3 किलोग्राम पाया गया।

उपनिरीक्षक रवि शंकर ने एनडीपीएस एक्ट के तहत सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए मादक पदार्थ को जब्त किया और विधिक कार्रवाई के लिए इसे जीआरपीएस मुरी को सुपुर्द किया गया। जीआरपी मुरी ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## नाबालिग की खरीद-फरोख्त मामले में दोषी करार

**जमशेदपुर** ।व्यवहार न्यायालय में एडीजे -9 सह स्पेशल कोर्ट पोस्को न्यायाधीश सिरिश दत्त त्रिपाठी की अदालत ने नाबालिग बच्ची को वेश्मयावृति कराने के लिए खरीदने के मामले में महिला रिंकू पाड़िया को दोषी करार दिया। दोषी करार देने के बाद महिला को हिरासत में ले लिया गया। अब सजा के बिंदू पर अदालत 11 अगस्त को सुनवाई करेगी। आरोपित महिला शीतल छाया अपार्टमेंट कारमेल स्कूल के पीछे सोनारी फ्लैट की रहने वाली है। कोर्ट में अनुसंधान पदाधिकारी समेत कुल दस लोगों की गवाही हुई। जानकारी हो कि चार साल पूर्व बांग्लादेश के दियाना, मोहल्ला पाड़ा, दौलतपुर की रहने वाली नाबालिग भटककर सोनारी साई मंदिर के पास मिली थी।

जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच कर सीडब्ल्यूसी के सदस्य ने सोनारी पुलिस को जानकारी दी। पुलिस वे नाबालिग से पूछताछ की तो कई चौंकाऊ तथ्य सामने आए। बांग्लादेश की रहने वाली नाबालिग बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न कराए जाने का आरोप लगा।

# भाजपा अध्यक्ष ने पुलिस पदाधिकारी पर लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को झारखंड के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को साजिश के तहत फंसाने की कोशिश की थी। उन्होंने दावा किया कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान अधिकारी ने किसी व्यक्ति को दो बार दिल्ली और गुवाहाटी भेजने के लिए पैसे दिए थे। मरांडी ने कहा कि इस मामले का जल्द ही सबूतों के साथ खुलासा करेंगे। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछा कि ये गतिविधियां उनकी जानकारी में थी क्या?

उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा ₹मुख्यमंत्री जी, क्या ये सारे घिनौने कृत्य आपकी जानकारी में हो रहे थे या अनजाने में? आपको आगे आकर इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। मरांडी ने कहा कि ऐसा अधिकारी जो पद और पैसे के लालच में देश के किसी प्रतिष्ठित पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ इतना घिनौना कृत्य और षड्यंत्र रच सकता है और बुरे समय में मुख्यमंत्री के खिलाफ भी वैसा ही कदम उठा सकता है।

मरांडी ने यह भी आरोप लगाया कि इन्हीं लोगों ने हेमंत सोरेन की गतिविधियों का विस्तृत विवरण तैयार कर सैकड़ों शिकायत पत्र विभिन्न स्थानों पर भेजे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को सलाह दी कि इस मामले की राज्य एजेंसियों से गहराई से जांच कराएं।

इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए, असम के मुख्यमंत्री ने गुवाहाटी में कहा कि वह कथित साज़िश के बारे में बाबूलाल मरांडी से बात करेंगे। एक कार्यक्रम से इतर सरमा ने कहा, ₹हां, दो महिलाएं मेरे कार्यालय आई थीं और उनमें से एक असमिया थी। वे संदिग्ध तरीके से बात कर रही थीं, लेकिन मैंने उनके साथ वैसे ही व्यवहार किया जैसे मैं आम जनता के साथ करता हूं और उन्हें वापस भेज दिया।जब पूछा गया कि क्या यह उन्हें हनीट्रैप में फंसाने की कोशिश थी।

# आकांक्षा हाट के समापन पर उत्कृष्ट प्रतिभागियों को मिला सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षी जिला एवं प्रखंड कार्यक्रम के तहत कचहरी मैदान, खूंटी में आयोजित तीन दिवसीय आकांक्षा हाट का आज सफल समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सिविल सर्जन खूंटी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूंटी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।



समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी स्टॉल धारकों एवं आयोजन से जुड़े कर्मचारियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। ***निबंध प्रतियोगिता*** में आँचल कुमारी झ्र सीएम एसओई गर्ल्स स्कूल, खूंटी, आशु टोपनो - सीएम एसओई गर्ल्स स्कूल, खूंटी, प्रतिभा कुमारी - केजीबीवी कर्रा को सम्मानित किया गया। इसी तरह ***पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता*** में पम्मी कुमारी झ्र केजीबीवी, मुरहु, खुशबू कुमारी केजीबीवी, मुरहु तथा झीगा टोपनो झ्र नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, खूंटी रहे।

इसी तरह ***सर्वश्रेष्ठ विक्रय स्टॉल*** हेतु लक्ष्मी महिला मंडल (आदिवा ज्वेलरी), मुरहु, शांति महिला मंडल, तोरपा तथा जन शिक्षण संस्थान विकास भारती, खूंटी। ***सर्वश्रेष्ठ सजावट (स्कूली स्टॉल)*** केजीबीवी कालामाटी, केजीबीवी मुरहु एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, खूंटी को सम्मानित किया गया।


कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से स्थानीय उत्पादों को बाजार मिल रहा है, साथ ही छात्रों एवं स्वयं सहायता समूहों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

# रेलवे ने यात्रियों को दिया धमाकेदार ऑफर

## आने-जाने वाली टिकटों पर मिलेगी 20% की छूट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** त्योहारी सीजन के दौरान रेलवे ने धमाकेदार ऑफर की घोषणा की है। ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को रेलवे अब टिकट पर 20% की छूट देगी। रेलवे की छूट केवल मूल किराए में लागू होगी। आरक्षण और सुपरफास्ट जैसे शुल्क पूरे चुकाने होंगे। छूट का लाभ यात्रियों को रिटर्न टिकट पर मिलेगा। ट्रेनों का दोनों ओर से उपयोग सुनिश्चित करने के लिए रियायती किराए पर राउंड ट्रिप पैकेज योजना तैयार करने का निर्णय लिया गया है। इस योजना के तहत कई शर्तों के साथ रेल किराए में छूट दी जाएगी। रेलवे बोर्ड ने इससे जुड़ा आदेश जारी कर दिया है। इस योजना के तहत सामान यात्रियों के समूह के लिए आगे और वापसी दोनों यात्रियों के लिए बुकिंग करने पर छूट लागू होगी। वापसी यात्रा का यात्री विवरण आगे की यात्रा के समान होगा।



एआरपी यानी अग्रिम आरक्षण अवधि तिथि 13 अक्टूबर के लिए टिकट बुकिंग प्रारंभ होने की तिथि 14 अगस्त होगी। आगे की टिकट पहले 13 अक्टूबर और 26 अक्टूबर के बीच ट्रेन प्रारंभ होने की तिथि के लिए बुक की जाएगी। बाद में 17 नवंबर और एक दिसंबर के बीच ट्रेन प्रारंभ तिथि के लिए कनेक्टिंग यात्रा सुविधा का उपयोग कर वापसी यात्रा टिकट बुक की जा सकेगी। वापसी यात्रा की बुकिंग के लिए 60 दिनों की अग्रिम आरक्षण अवधि लागू नहीं होगी।

# बिहार विधानसभा के चुनाव में सक्रिय हुए भाजपा नेता

## स्थानीय संगठन से मिलकर काम करने की दी गयी जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** इस साल के अंत तक बिहार में विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे में झारखंड भाजपा भी पड़ोसी राज्य के चुनाव से पहले अपने कार्यकताओं को वहां भेज रही है। दोनों राज्यों में लोगों के बीच सामाजिक सांस्कृतिक संबंध हैं। ऐसे में भाजपा महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता बिहार के जिलों में जाकर वहां के स्थानीय संगठन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। 15 अगस्त के बाद प्रदेश कमेटी भी अपने सक्रिय नेताओं कार्यकताओं को बिहार प्रवास पर भेजेगी।बता दें कि झारखंड भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रहे राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश अभी बिहार भाजपा के संगठन सह प्रभारी हैं। वहीं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी का केंद्र रांची ही है। बिहार चुनाव की वजह से अभी वो ज्यादा समय वहीं रह रहे हैं। चुनावों में भाजपा एक प्रदेश के कार्यकताओं को दूसरे प्रदेश में हमेशा से भेजती है। झारखंड के चुनाव में भी बिहार, बंगाल, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ता पहुंचते हैं।




पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा मई-जून के महीने में बिहार का दौरा कर चुके हैं। प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा भी बिहार में अनेक कार्यक्रमों में जा चुके हैं। चुनाव करीब आने के साथ ही प्रदेश संगठन सभी बड़े नेताओं को बिहार में उपयोगिता के आधार पर भेजेगा।

## एक ही रात तीन मंदिरों में चोरी

**जमशेदपुर।** टेल्को थाना अंतर्गत खड़ंगाझार में चोरों ने धार्मिक आस्था पर वार करते हुए एक ही रात में तीन मंदिरों को निशाना बनाया। चोरों ने हनुमान मंदिर, गणेश मंदिर और टीओपी परिसर स्थित जटाधारी शिव मंदिर से चांदी के मुकुट, छत्र, नकदी समेत कीमती सामान चोरी कर लिया। अनुमानित नुकसान दो लाख रुपये से अधिक बताया जा रहा है।

गणेश मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज में एक चोर अर्धनग्न अवस्था में, हाथ में रॉड लिए मंदिर में प्रवेश करता दिख रहा है। यहां छह दान पेटियां तोड़कर नकदी चोरी कर लिया।

चोरी की सूचना मिलते ही श्री हनुमान मंदिर प्रबंधन समिति के महासचिव राजेश मणि त्रिपाठी और अन्य पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और टेल्को थाना को सूचित किया। इस मामले में भाजपा नेता अंकित आनंद ने चोरी के मामले में ट्वीट कर जमशेदपुर पुलिस से अविलंब कार्रवाई की मांग की। अंकित आनंद ने कहा है कि जब टीओपी परिसर स्थित मंदिर तक असुरक्षित है, तो सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लगता है।

# मेडिकल कालेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर 55 लाख रुपये की ठगी का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** शहर के बड़ी बाजार निवासी सुजान अली को मेडिकल कालेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर 55 लाख रुपये ठग लेने के मामले में पिता मो. शामुन आलम की ओर से सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

प्राथमिकी में शामुन आलम ने बताया है कि मेरे लड़के सुजान अली ने वर्ष 2023 मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट) दी थी परन्तु रैंक अच्छा नहीं होने के कारण सरकारी मेडिकल कालेज में दाखिला नहीं हो पाया।

इस संबंध में कोलकाता के मेडिकल कालेजों के बारे पता करने के दौरान मुझसे उत्तर प्रदेश के रायबरेली के सहानीपुर निवासी सुमो त्रिवेदी उर्फ अभय त्रिवेदी ने संपर्क किया।

वह कोलकाता में रह रहा है। सुमो त्रिवेदी ने बताया कि इस वर्ष तो प्रवेश की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है, लेकिन अगले वर्ष अगर आरजेकर मेडिकल कालेज में एडमिशन कराना है तो वो प्रबंधन अथवा अन्य कोटा के जरिये फीस भुगतान कर प्रवेश करा सकता है।



इसके बाद उसने मेरा परिचय राहुल साह उर्फ रूद्राक्ष साह जो एनआरएस मेडिकल कालेज कोलकाता में पदस्थापित है, से करवाया। राहुल साह मेडिकल कालेज प्रवेश की प्रक्रिया देखते हैं। उसने भी अभय त्रिवेदी की बात का समर्थन किया। इसके बाद सुमो त्रिवेदी उर्फ अभय त्रिवेदी द्वारा मेडिकल कालेज में एडमिशन के लिए कुल 40 लाख रुपये फीस की मांग की गई।

उस पर भरोसा कर मैंने 2023 के प्रवेश के लिए 40 लाख रुपये मेरे चाईबासा स्थित खाता से तथा मेरे सहयोगी मो. नफीस के खाता से सुमो त्रिवेदी उर्फ अभय त्रिवेदी तथा अखिलेश कुमार सिंह के खाता में भेजा गया है। राशि देने के बावजूद मेरे लड़के का मेडिकल कालेज में एडमिशन नहीं हुआ।

बाद में पैसे की मांग करने पर चारों ने पैसा वापस कर देने का आश्वासन दिया लेकिन पैसे की वापसी नहीं की गयी है। अंत में थक कर सदर थाने में प्राथमिकी कराई है।

सुमो त्रिवेदी उर्फ अभय त्रिवेदी से पूछने पर उसने बताया कि एडमिशन के लिए राशि ली गयी थी परंतु किन्हीं कारणों से उस समय नामांकन नहीं हो पाया। राशि लौटाने का प्रयास किया जा रहा है।

# कोयला नगरी में दिखेगी आदिवासियों के हाथों की कला

## ऑनलाइन बेचने की चल रही तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** कोयला नगरी धनबाद अब आदिवासियों की बांस कारीगरी के लिए पहचान बना रही है। पहले खेती-बाड़ी व मजदूरी करने के लिए फेमस आदिवासी समुदाय अब अपनी हस्त कला से देशभर में छा रहे हैं। बांस से बने बैग, लाइट लैंप के अलावा कुर्सी, टेबल आदि बेंगलुरु, मुंबई, कोलकाता, बिहार आदि राज्यों में छा रहे हैं और लोगों के घरों की सुंदरता बढ़ा रही। ऐसे तो आदिवासी लोग सिर्फ बांस से सूप व डलिया बनाते थे। लेकिन अब पढ़ाई-लिखाई के साथ आकर्षक कारीगिरी के लिए भी जाने जा रहे है।



बांस से बनी सामग्री को टिंकर हाट फाउंडेशन के सदस्य उस सामग्री को रंग कर विद्युत लाइट की मदद से आकर्षक तरीके से डेवलप कर बाजार में उपलब्ध कराते है। बांस की बनी समाग्री को हस्त शिल्प मैला, स्वदेशी मेला के अलावा बाजार आदि जगहों में बिक्री किया जाता है। इसके अलावा कई दुकानदार उनके घर से ले जाकर बेचते हैं। फाउंडेशन का मुख्य उदेश्य है कि धनबाद को देश भर में लोग कोयला के लिए जाना जाता था। लेकिन अब आदिवासियों के हाथ से बने सामग्री के लिए जाना जाएगा। सभी सामान ऑनलाइन फ्लिपकार्ट या अमेजॉन के माध्यम से भी देश भर में जल्द उपलब्ध कराएं जाएंगे।

आदिवासियों को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार हर एक स्तर से कार्य कर रही है। इन दिनों वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार की ओर से देशभर में 69 फील्ड ऑफिस खोले गए हैं। झारखंड में दो ऑफिस रांची व देवघर में है। देवघर ऑफिस से धनबाद के बेलगाड़िया, सेरसाकुड़ी, घोंघाबाद, बेदियाटोला में देखरेख किया जाता है।विकास आयुक्त हस्तशिल्प के सहायक निर्देशक भुवन भास्कर ने बताया कि घोंघाबाद गांव को मॉडल गांव बनाने का भी निर्णय लिया गया हैं। इससे आदिवासियों को और अधिक सुविधाएं मिलेगी।

टिंकर हाट फाउंडेशन के सदस्य सुंदर लाल कुमार ने बताया कि भारत सरकार की सामर्थ्य योजना से प्रशिक्षण प्राप्त कर इन दिनों घोंघाबाद में 40 ग्रामीण बांस से विभिन्न प्रकार के आकर्षक सामान बना रहे है। इस वक्त प्रत्येक सात से दस 15 हजार रुपया प्रतिमाह कमा रहे है।

बताया गया कि पूर्व में आदिवासियों के द्वारा बनाई गई सामग्री का उचित दर उन्हें नहीं मिल पाता है। जिस कारण उन्हें जीवन यापन करने में कठिनाई होती है और आदिवासी पुरुष पलायन होने को मजबूर हो जाते हैं। यहां तक कि महिलाएं भी मजदूरी के लिए विवश हो जाती है।

इसी को रोकने के लिए और आदिवासियों की कला को निखारने के लिए उनके द्वारा बनाई गई सामग्री को बाजार में उचित मूल्य पर बेचने के लिए आदिवासियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। इस समय प्रत्येक व्यक्ति प्रति माह पांच हजार रुपया या उससे अधिक की कमाई कर रहे हैं। धनबाद के आईआईटी आईएसएम में हस्त शिल्प प्रतियोगिता का आयोजन कर बेहतर बनाने वाले को सम्मानित किया गया था। इसमें झारखंड, बिहार, उड़ीसा, बंगाल आदि राज्यों के आदिवासी शामिल हुए थे।

टिंकर हाट के को-फाउंडर कुणाल भास्कर ने बताया कि जल्द ही आदिवासियों के बने बांस की सामग्री को ऑनलाइन के माध्यम से देश भर में बेचे जाएंगे। जल्द ही फ्लिपकार्ट व अमेजॉन में भी दिखेंगे। बांस के बने बैग, लाइट लैंप के अलावा कुर्सी, टेबल आदि भी बनाएंगे।

# सर्व सेवा संघ की कार्य समिति की बैठक कांके में संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कांके।** 8 और 9 अगस्त 2025 को रांची के काके स्थित बदलाव ट्रेनिंग सेंटर में सर्व सेवा संघ के कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय समस्याओं पर चर्चा की गई। विभिन्न राज्यों के लिए कार्यक्रम निर्धारित किए गए तथा खादी ग्राम उद्योग, भूदान तथा रक्फ़के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया। 1925 के सितंबर में अखिल भारतीय चरखा संख्या स्थापना बिहार में की गई थी लाखों लोगों को जिसने रोजगार प्रदान किया था और आजादी का महत्वपूर्ण अस्त्र बना । आज खादी और ग्राम उद्योग जर्जर हो चुका है। खादी संस्थाओं की स्थिति में सुधार ला कर ही बेरोजगारी दूर किया जा सकता है। बिहार सर्वोदय मंडल खादी संस्थाओं की स्थिति का अध्ययन करेगी और सरकार से उसकी स्थिति के सुधार के लिए ज्ञापन देगी।

चुनाव लोकतंत्र का महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। स्वच्छ निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना राज्य का दायित्व है। भारतीय संविधान जन्म लेने के साथ ही उसको भारत का नागरिक मानती है, मताधिकार से वंचित करना बहुत बड़ा अपराध है। यह राज्य का दायित्व है कि वह राज्य के नागरिकों को नागरिकता प्रदान करें। इस संबंध में रक्फ़ की प्रक्रिया दोषपूर्ण है।

1951 में देश भर की भूमि समस्या जो हिंसक आंदोलन का कारण बन रहा था। विनोबा जी बिहार में 6,48593 जमीन प्राप्त हुआ है। जिसमें चार लाख एकड़ जमीन वितरित हो पाई है । वितरित जमीनों में भी समस्याएं मौजूद है।




मुंगेर जिला के खड़कपुर प्रखंड के 1000 किसानों का सर्वेक्षण किया गया है और उन तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट पर बैठक में चर्चा हुई और आगे की कर योजना बनाईगई। राष्ट्रीय कार्यकारणी में बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्रभूषण, राष्ट्रीय संगठक विजय कुमार, सर्वोदय समाज बिहार के संयोजक प्रोफेसर मनोज कुमार, अधिवक्ता मुनिश कुमार, प्रदेश मंत्री प्रवीण कुमार सिंह और सहरसा जिला के मंत्री डॉ दीपक कुमार सिंह उपस्थित थे।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी के बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में बिहार में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बिहार के समूह में निर्णय लिया गया कि अखिल भारतीय चरखा संघ का शताब्दी वर्ष सितंबर में मनाया जाएगा। 1925 में सितंबर और अक्टूबर में गांधी जहां-जहां गए हैं वहां पर यात्राएं और सभा आयोजित की जाएगी।

CMYK

# ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले रन मशीन विराट कोहली ने लंदन में शुरू की ट्रेनिंग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले टीम इंडिया के रन मशीन के नाम से मशहूर विराट कोहली पिच पर लौट आए हैं। उन्होंने गुजरात टाइटंस के सहायक कोच नईम अमीन की मौजूदगी में अभ्यास किया। कोहली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, हिट में मदद के लिए शुक्रिया, भाई। आपको देखकर हमेशा अच्छा लगता है। उन्होंने सेशन के दौरान अमीन के साथ अपनी एक तस्वीर भी शेयर की। अमीन ने अपने अकाउंट पर स्टोरी दोबारा शेयर करते हुए कहा, भाई, आपको देखकर अच्छा लगा! जल्द ही मिलते हैं। अमीन बर्कशायर, बकिंघमशायर और लंदन में माइटी विलो अकादमी चलाते हैं और इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के कोचिंग स्टाफ में थे। इससे पहले, भारत के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या भी अच्छे अभ्यास सत्रों के लिए अमीन की अकादमी में आ चुके हैं। विराट कोहली टेस्ट और टी20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। कोहली का ध्यान अब पूरी तरह से भारत के लिए वनडे और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की प्रतिबद्धताओं पर है। कोहली ने 302 वनडे इंटरनेशनल मैचों में 14,181 रन बनाए हैं। उन्होंने आखिरी बार आईपीएल 2025 के फाइनल में शानदार पारी खेली थी। विराट कोहली ने 43 रनों की पारी खेली थी, जिससे आरसीबी ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए खिताबी मुकाबले में पंजाब किंग्स को छह रनों से हराकर आखिरकार अपनी पहली ट्रॉफी जीती थी। कोहली को फिर से मैदान पर देखने के लिए प्रशंसक बेताब हैं। हालांकि, फैंस को अभी अक्टूबर माह तक इंतजार करना होगा।

यूएस ओपन

## पाउला बडोसा ने अमेरिकी ओपन से नाम वापस लिया, चोट से जूझ रही हैं सितसिपास की गर्लफ्रेंड

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** पाउला बडोसा ने पीठ की चोट के कारण शुक्रवार को अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। वह 30 जून को विंबलडन में पहले दौर में हार के बाद से चोट से जूझ रही थीं। बडोसा टेनिस में पुरुष एकल के स्टार खिलाड़ी ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास की गर्लफ्रेंड हैं। अमेरिकी टेनिस संघ ने बडोसा के हटने की घोषणा की और कहा कि उनकी जगह जिल टेचमैन को मुख्य ड्रॉ में शामिल किया गया है। अमेरिकी ओपन के मुख्य ड्रॉ के मैच 24 अगस्त को शुरू होंगे। स्पेन की 27 वर्षीय बडोसा 2022 में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नंबर दो पर पहुंची थी। वह अभी विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर हैं। वह पिछले साल अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी।





# बेंगलुरु में देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम बनेगा

RCB भगदड़ केस के बाद फैसला

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के पास नया क्रिकेट स्टेडियम बनवाने की घोषणा की है। इस स्टेडियम में एक साथ 80 हजार दर्शक मैच देख सकेंगे।

यह दर्शक क्षमता के हिसाब से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा। सिद्धारमैया ने कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड के सूर्या सिटी, बोम्मासंद्रा में स्टेडियम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसे 1650 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। नया स्टेडियम पहले से मौजूद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से 22 किलोमीटर दूर है। इसे बनाने का फैसला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विक्ट्री सेलिब्रेशन में मची भगदड़ के बाद लिया गया है।

**स्टेडियम 100 एकड़ में बनाया जाएगा**

1,650 करोड़ रुपए की इस परियोजना का पूरा खर्च कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड उठाएगा। इसमें सिर्फ क्रिकेट मैदान ही नहीं, बल्कि आठ इनडोर और आठ आउटडोर खेलों की सुविधाएं, आधुनिक जिम, ट्रेनिंग सेंटर, स्विमिंग पूल, गेस्ट हाउस, हॉस्टल, होटल और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए एक कन्वेंशन हॉल भी होगा। यह स्टेडियम बेंगलुरु में बीसीसीआई के नए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी जैसा बन सकता है।

# एशिया कप के लिए तैयार हो रहे हैं सूर्यकुमार यादव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में चल रहे रिहैब के दौरान नेट्स पर बल्लेबाजी की। अपनी बल्लेबाजी से इस दिग्गज बल्लेबाज ने आगामी एशिया कप से पहले फिटनेस हासिल करने के महत्वपूर्ण संकेत दिए।

जुलाई माह में, सूर्यकुमार यादव ने जर्मनी के म्यूनिख में हर्निया की सर्जरी करवाई थी और इसके बाद बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैबिलिटेशन के लिए भर्ती हुए थे। उन्होंने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें दिखाया गया कि उन्होंने सीओई में फिर से बल्लेबाजी शुरू कर दी है। हालांकि सूर्यकुमार ने पिछले हफ्ते के अंत से ही नेट्स में बल्लेबाजी का अभ्यास शुरू कर दिया था। यह उनके एशिया कप से पहले पूरी फिटनेस हासिल करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। सूर्यकुमार ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, मैं उस काम को फिर से करने के लिए बेताब हूं जो मुझे पसंद है।

### नेट्स पर शुरू की बल्लेबाजी

वीडियो में वह व्यायाम और दौड़ते हुए भी दिखाई दे रहे हैं, और फिट नजर आ रहे हैं। सूर्यकुमार यादव ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में शानदार प्रदर्शन किया, जिसकी बदौलत उनकी टीम ने टूर्नामेंट में दूसरा क्वालीफायर खेला। वह मुंबई इंडियंस (एमआई) के लिए 717 रन बनाकर टूर्नामेंट के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी थे। वह इस सीजन के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे और ऑरेंज कैप विजेता साई सुदर्शन से बस कुछ रन ही पीछे थे, जिन्होंने गुजरात टाइटन्स (जीटी) के लिए 759 रन बनाए थे। भारत का अगला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 9 से 28 सितंबर तक यूएई में होने वाले एशिया कप में होगा। रोहित शर्मा के 2024 पुरुष टी20 विश्व कप जीत के बाद इस प्रारूप से संन्यास लेने के बाद, अब तक सूर्यकुमार का भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान के रूप में एक प्रभावशाली रिकॉर्ड रहा है। सूर्यकुमार ने 22 मैचों में भारत का नेतृत्व किया है।

# भारत का वेलम्मल स्कूल बना फीडे विश्व स्कूल्स टीम शतरंज चैम्पियन




**एलेक्ज़ेंड्रिया, वर्जीनिया, अमेरिका, एजेंसी।** विश्व चंपोइओन डी गुकेश और प्रज्ञानन्दा के स्कूल के नाम से पहचान रखने वाले भारत की वेलम्मल एमएचएस स्कूल चेन्नई ने एक बार फिर अपने शतरंज प्रभुत्व का प्रदर्शन करते हुए 2025 फीडे विश्व स्कूल्स टीम चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। अमेरिका के एपिस्कोपल हाई स्कूल के सुंदर परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में विश्वभर से युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। आठ राउंड में सभी मैच जीतकर वेलम्मल एमएचएस ने स्वर्ण पदक पर कब्ज़ा जमाया। यह जीत भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और बड़ी सफलता है। वेलम्मल स्कूल इससे पहले भी कई प्रतिष्ठित खिताब जीत चुका है, और इस स्कूल के पूर्व छात्र ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ,आर. प्रग्गानंधा और लियॉन मेंडोंका जैसे नाम आज विश्व शतरंज में प्रसिद्ध हैं। प्रतियोगिता के अंतिम राउंड में वेलम्मल पहले ही अपराजेय बढ़त बना चुका था। दूसरे स्थान के लिए संघर्ष बेहद रोमांचक रहा, जहां सात टीमें आखिरी राउंड तक रेस में थीं।

...तो रोहित शर्मा ही होंगे 2027 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के कप्तान?

# ICC के पोस्टर से मची सनसनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था. रोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल को पहले ही अलविदा कह चुके थे. ऐसे में वो भारत के लिए सिर्फ वनडे क्रिकेट नजर आएंगे. भारतीय टीम को अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन वनडे मुकाबले भी खेलने हैं, जिसमें रोहित शर्मा खेलते नजर आ सकते हैं.

इसी बीच इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने रोहित शर्मा से जुड़ा एक ऐसा पोस्टर जारी किया, जिसने भारतीय क्रिकेट फैन्स के बीच हलचल मचा दी. यह पोस्टर आईसीसी ने 2026 में भारत-इंग्लैंड के बीच इंग्लिश जमीन पर होने वाली व्हाइट बॉल सीरीज को लेकर जारी किया था. इस पोस्टर में रोहित शर्मा के अलावा हैरी ब्रूक की भी तस्वीर थी. रोहित जहां भारत की वनडे टीम के कप्तान हैं, वहीं ब्रूक व्हाइट बॉल क्रिकेट में इंग्लैंड की कप्तानी करते हैं.

आईसीसी के पोस्टर ने फैन्स को सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या रोहित शर्मा ही 2027 वर्ल्ड कप तक भारत की वनडे टीम की कमान संभालेंगे. दिलचस्प बात यह है कि आईसीसी ने इस पोस्टर को कुछ समय बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स से बिना कारण बताए हटा दिया. हालांकि तब तक आईसीसी का ये पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका था.

भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने साफ किया था कि 2027 वर्ल्ड कप को लेकर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा. गंभीर ने कहा था, हमारे पास उससे पहले एक टी20 वर्ल्ड कप है, जो अगले साल फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होगा. फिलहाल पूरा फोकस उसी पर है. नवंबर-दिसंबर 2027 अब भी ढाई साल दूर है. अगर आप प्रदर्शन करते रहते हैं, तो उम्र सिर्फ एक नंबर है.



### शुभमन और सूर्यकुमार ने कप्तानी में दिखाया है दम

रोहित शर्मा के टी20 इंटरनेशनल से संन्यास के बाद सूर्यकुमार यादव को इस फॉर्मेट में भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया था. वहीं रोहित ने जब टेस्ट से संन्यास लिया तो शुभमन गिल ने क्रिकेट के सबसे बड़े फॉर्मेट में भारतीय टीम की कमान संभाली. शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 2-2 से टेस्ट सीरीज ड्रॉ कराई थी. जबकि टी20 में बतौर कप्तान सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है.

रोहित शर्मा 2027 के क्रिकेट वर्ल्ड कप तक भारतीय वनडे टीम के कप्तान रहेंगे या नहीं, यह अभी तय नहीं है. लेकिन आईसीसी के इस पोस्टर ने सनसनी जरूर मचा दी है. 2027 वर्ल्ड कप में अब भी दो साल से ज्यादा का वक्त है. तब तक रोहित शर्मा 40 साल से ज्यादा के हो जाएंगे.

# चेन्नई सुपर किंग्स को लग सकता है बड़ा झटका

अलग हो सकता है ये खिलाड़ी

**चेन्नई, एजेंसी।** क्या आर अश्विन और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच दूरियां बढ़ रही हैं? हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स खेमे में चल रही ताजा गतिविधियों से ऐसा लग रहा है कि अश्विन - जो लाल गेंद के क्रिकेट में भारत के सबसे महान मैच विजेताओं में से एक हैं - चेन्नई सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी से अलग हो सकते हैं। इस अपरिहार्य अलगाव का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि इस अनुभवी ऑफ स्पिनर ने अपना मन बना लिया है और फ्रेंचाइजी को इस बारे में बता दिया है।

उन्हें ष्टस्च्य की भविष्य की योजनाओं के बारे में कोई संकेत मिले हैं या नहीं, यह तो पता नहीं है, लेकिन जैसा कि क्रिकबज ने कल बताया था, पिछले कुछ दिनों से चेन्नई में मौजूदा और पूर्व कप्तान एमएस धोनी और रुतुरान गायकवाड़ सहित ष्टस्च्य के शीर्ष अधिकारी और खिलाड़ी बैठक कर रहे हैं। संभावना है कि फ्रेंचाइजी ने आगामी सीजन की योजनाओं पर चर्चा की होगी। यह एक अपरिहार्य कदम प्रतीत होता है, क्योंकि यह अनुभवी स्पिनर ष्टस्च्य अकादमी में संचालन निदेशक के रूप में अपनी भूमिका छोड़ सकता है - यह वह पद है जो वह पिछले एक साल से संभाल रहे हैं। अगर वह किसी अन्य फ्रेंचाइजी से जुड़ते हैं, तो ष्टस्च्य की भूमिका में बने रहना हितों के टकराव की स्थिति पैदा कर सकता है, जिससे बचने के लिए वह उत्सुक हैं। 221 मैचों में 187 विकेट (7.29 की शानदार इकॉनमी रेट के साथ) और 833 रन (118 की स्ट्राइक रेट के साथ) के अनुभवी अश्विन को आईपीएल सर्किट में खरीदार जरूर मिलेंगे। दिलचस्प बात यह है कि क्या इस खिलाड़ी को किसी अन्य फ्रेंचाइजी में ट्रेड किया जाएगा या वह नीलामी में जाएगा। पिछले सीजन में उन्होंने फ्रेंचाइजीके लिए नौ मैच खेले थे। अश्विन को चेन्नई सुपर किंग्स ने 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा था, जो नौ साल बाद अपनी घरेलू फ्रेंचाइजी में उनकी वापसी का प्रतीक था। 2016 से 2024 के बीच, उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेला। इस अनुभवी ऑफ स्पिनर ने अपना आईपीएल सफर चेन्नई सुपर किंग्स के साथ शुरू किया था, जहां उन्होंने अपने पहले आठ सीजन (2008-2015) एमएस धोनी की कप्तानी वाली टीम के साथ बिताए थे; उन्होंने 2009 में अपना डेब्यू किया था। यह खबर उस खबर के एक दिन बाद आई है जिसमें बताया गया था कि संजू सैमसन ने राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी से उन्हें रिलीज करने का अनुरोध किया है। क्रिकबज ने टिप्पणी के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के अधिकारियों से संपर्क किया। अश्विन तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए उपलब्ध नहीं थे।



# पंजाब किंग्स के बल्लेबाज प्रियांश का कमाल

दिल्ली प्रीमियर लीग में इतने शतक लगाने वाले पहले बैटर बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन आईपीएल 2025 में शानदार रहा था और ये टीम उप-विजेता रही थी। इस सीजन में दिल्ली के युवा बल्लेबाज प्रियांश आर्या का भी उदय हुआ जिन्होंने पंजाब की इस शानदार जर्नी में अपना पूरा सहयोग दिया। प्रियांश ने 17 मैचों में लगभग 180 की स्ट्राइक रेट के साथ 475 रन बनाए थे और एक शतक (103) भी लगाया था।

**दिल्ली प्रीमियर लीग में 3 शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने प्रियांश आर्या-** आईपीएल 2025 के बाद अब प्रियांश आर्या दिल्ली प्रीमियर लीग में इस सीजन में आउटर दिल्ली वॉरियर्स के लिए खेल रहे हैं और उन्होंने इस सीजन में अपना पहला शतक ईस्ट दिल्ली राइडर्स के खिलाफ लगाया। प्रियांश ने 8 अगस्त यानी शुक्रवार को अपनी टीम के लिए ओपन करते हुए 56 गेंदों पर 9 छक्के और 7 चौकों की मदद से 111 रन की पारी खेली और ये दिल्ली प्रीमियर लीग में प्रियांश का तीसरा शतक रहा।



प्रियांश ने दिल्ली प्रीमियर लीग 2024 यानी पहले सीजन में 2 शतक लगाए थे जबकि उन्होंने इस लीग के दूसरे सीजन में अब तक खेले मैचों में एक शतक लगाया है। यानी दिल्ली प्रीमियर लीग में उनके नाम पर अब तक 3 शतक हो चुके हैं और वो इस लीग में 3 शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने। प्रियांश ने दिल्ली प्रीमियर लीग में अपना पहला शतक पिछले सीजन में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज के लिए खेलते हुए 26 अगस्त 2024 को पुरानी दिल्ली 6 के खिलाफ लगाया था और उस मैच में उन्होंने 55 गेंदों पर नाबाद 107 रन की पारी खेली थी और इस दौरान 7 छक्के और 9 चौके लगाए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में कभी भी आ सकती है बाढ़, खतरे के निशान तक पहुंची यमुना; प्रशासन अलर्ट पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। यमुना नदी का जलस्तर शनिवार सुबह 9 बजे ओल्ड रेलवे ब्रिज पर 204.40 मीटर तक पहुंच गया, जो खतरे के निशान 204.50 मीटर से बस थोड़ा ही नीचे है। प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी संबंधित विभागों को बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने बताया, यमुना का जलस्तर बढ़ने का मुख्य कारण वजीराबाद और हथिनीकुंड बैराज से हर घंटे बड़ी मात्रा में पानी का छोड़ा जाना है। इसके अलावा, हरियाणा और उत्तराखंड के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में हुई बारिश ने भी नदी के जलस्तर को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार, वजीराबाद बैराज से हर घंटे करीब 30,800 क्यूसेक और हथिनीकुंड बैराज से 25,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। यह पानी दिल्ली पहुंचने में आमतौर पर 48 से 50 घंटे का समय लेता है। ऊपरी क्षेत्रों से कम मात्रा में पानी छोड़े जाने के बावजूद, दिल्ली में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। दिल्ली में यमुना के लिए चेतावनी स्तर 204.50 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 205.30 मीटर पर है। यदि जलस्तर 206 मीटर तक पहुंचता है, तो शहर में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। ओल्ड रेलवे ब्रिज यमुना के प्रवाह और बाढ़ के जोखिम को मापने का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। प्रशासन ने बाढ़ की आशंका को देखते हुए सभी जरूरी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। संबंधित एजेंसियों को नदी के किनारे बसे इलाकों में नजर रखने और आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। दिल्लीवासियों से भी अपील की गई है कि वे नदी के आसपास सावधानी बरतें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

### दिल्ली के करावल नगर में ट्रिपल मर्डर, पति ने की पत्नी और 2 बेटियों की हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर इलाके में रक्षाबंधन के दिन ट्रिपल मर्डर का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतकों में एक महिला और उसकी दो बेटियां शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आज यानी 09.08.25 को सुबह करीब 07ः15 बजे, करावल नगर थाने में एक महिला और उसकी दो बेटियों की मौत की सूचना प्राप्त हुई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पाया कि एक महिला, जिसकी उम्र लगभग 28 वर्ष थी, और उसकी दो बेटियां, जिनकी उम्र लगभग 7 और 5 वर्ष थी, अपने कमरे में मृत पड़ी थीं। पुलिस की क्राइम और फोरेंसिक टीमें घटनास्थल पर पहुंचकर सबूत जुटा रही हैं। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेजा जा रहा है। करावल नगर थाने में धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आरोपी पति को पकड़ने के लिए टीमें गठित की हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी प्रदीप ने अपनी पत्नी जयश्री और पांच और सात साल की दो बेटियों की हत्या कर दी। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि उसका अपनी पत्नी से अक्सर झगड़ा होता था। हत्या के बाद से आरोपी फरार है।

### दिल्ली में लोगों को राहत देने के लिए सस्ते टमाटर की बिक्री शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र ने राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर की 47 से 60 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर खुदरा बिक्री की शुक्रवार को घोषणा की। इस पहल का मकसद खरीदारों को राहत प्रदान करना है। एनसीसीएफ चार अगस्त से आजादपुर मंडी से टमाटर खरीद रहा है और न्यूनतम मुनाफे पर उनकी खुदरा बिक्री कर रहा है। आज तक एनसीसीएफ ने खरीद लागत के आधार पर 47 रुपये से 60 रुपये प्रति किलोग्राम की खुदरा कीमतों पर 27,307 किलोग्राम टमाटर बेचे हैं। खुदरा बिक्री एनसीसीएफ के नेहरू प्लेस, उद्योग भवन, पटेल चौक और राजीव चौक स्थित खुदरा दुकानों के साथ-साथ शहर भर में विभिन्न स्थानों पर संचालित छह से सात वैन के माध्यम से की जा रही है।

# सैफ अली खान के परिवार को सुप्रीम कोर्ट से राहत, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान के के पूर्वजों से जुड़े संपत्ति विवाद में शुक्रवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने भोपाल के आखिरी नवाब हमीदुल्लाह खान की शाही संपत्ति से जुड़े दशकों पुराने संपत्ति विवाद को नए सिरे से सुनवाई के लिए निचली अदालत को वापस भेज दिया था। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस अतुल चंदुरकर की बेंच ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया??। बेंच ने नवाब हमीदुल्ला खान के बड़े भाई के वंशजों उमर फारुक अली और राशिद अली की याचिका पर नोटिस जारी किया, जो हाईकोर्ट के 30 जून के आदेश को चुनौती देते हुए दायर की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमें 14 फरवरी, 2000 के निचली अदालत के फैसले को खारिज कर दिया गया था, जिसमें नवाब की बेटी साजिदा सुल्तान, उनके बेटे मंसूर अली खान (पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान) और उनके कानूनी उत्तराधिकारियों, अभिनेता सैफ अली खान, सोहा अली खान, सबा सुल्तान और अभिनेत्री शर्मिला टैगोर के संपत्ति पर विशेष अधिकार बरकरार रखे गए थे। हाईकोर्ट ने कहा था कि निचली अदालत का फैसला 1997 के इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसले पर आधारित था, जिसे बाद में 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया था। हालांकि, 2019 के उदाहरण को लागू करने और मामले का निर्णायक रूप से फैसला करने के बजाय, हाईकोर्ट ने मामले को पुनर्मूल्यांकन के लिए वापस भेज दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील देवदत्त कामत ने कहा कि हाईकोर्ट का आदेश दीवानी प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) के तहत उल्लिखित प्रक्रियात्मक मानदंडों के विपरीत



है। यह मामला 1999 में नवाब के विस्तारित परिवार के सदस्यों द्वारा दायर दीवानी मुकदमों से जुड़ा है, जिनमें दिवंगत बेगम सुरैया राशिद और उनके बच्चे, महाबानो (अब दिवंगत), नीलोफर, नादिर और यावर के साथ ही नवाब की एक और बेटी नवाबजादी कमर ताज रबिया सुल्तान शामिल हैं। वादियों ने नवाब की निजी संपत्ति के बंटवारे, कब्जे और न्यायसंगत निपटान की मांग की थी। निचली अदालत ने साजिदा सुल्तान के पक्ष में फैसला सुनाया और कहा कि संपत्ति मुस्लिम पर्सनल लॉ के अधीन नहीं है और संवैधानिक प्रावधानों के तहत उन्हें हस्तांतरित की गई थी। सन 1960 में नवाब की मृत्यु के बाद, भारत सरकार ने 1962 का एक प्रमाण पत्र जारी किया, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 366(22) के तहत साजिदा सुल्तान को शासक और निजी संपत्ति की वास्तविक उत्तराधिकारी दोनों के रूप में मान्यता दी गई। नवाब की निजी संपत्ति मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत सभी कानूनी उत्तराधिकारियों में बांटी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि 1962 के प्रमाण पत्र पर औपचारिक रूप से कोई विवाद नहीं था, लेकिन दावा किया कि यह न्यायसंगत विभाजन को नहीं रोकता। अभिनेता सैफ अली खान और उनके परिवार सहित प्रतिवादियों ने तर्क दिया कि उत्तराधिकार में ज्येष्ठाधिकार के नियम का पालन किया गया।

# सिर्फ 2800 रुपये में बन जा रहे पुलिसवाले! दिल्ली में चल रहा फर्जी वर्दी का धंधा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस से महज आधा किलोमीटर दूर, जीटीबी नगर के पास न्यू किशोर मार्केट की गलियों में एक अलग ही दुनिया बसती है। यहां की सादगी भरी दुकानें कमला नगर मार्केट की चमक-दमक से कोसों दूर हैं, लेकिन इनका धंधा कुछ खास है। यहां दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों के लिए खाकी वर्दियां सिलती हैं। हैरानी की बात यह है कि कोई भी आकर इन्हें बनवा सकता है। बिना किसी जांच और सवाल-जवाब के। बस पैसे दो और पुलिस वाले बन जाओ।




इस साल दिल्ली में कम से कम छह मामले सामने आए, जिनमें 17 लोग नकली पुलिसवाले बनकर अपराध करते पकड़े गए। अपहरण, उगाही, हनी-ट्रैपिंग से लेकर महिलाओं का पीछा करने तक ये नकली खाकीधारी हर तरह की वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

न्यू किशोर मार्केट का दौरा किया और सच का पर्दाफाश किया। दो बार, अलग-अलग बहाने बनाकर, उन्होंने पुलिस की वर्दियां सिलवाईं। एक बार नाटक के लिए, तो दूसरी बार सब-इंस्पेक्टर बनकर। हैरानी की बात यह है कि दोनों बार वर्दी आसानी से मिल गई।

किंग्सवे कैंप मेट्रो स्टेशन के पास एक छोटी-सी दुकान। तीन दर्जी खाकी कपड़ों के बीच फर्श पर बैठे, सिलाई मशीनों की खटपट के बीच काम में डूबे हुए। दुकानदार काले खान ने बताया, हां, हम दिल्ली पुलिस की वर्दियां सिलते हैं। जब हेड कांस्टेबल की वर्दी मांगी गई, तो उन्होंने आईडी कार्ड मांगा। नाटक का बहाना सुनकर बोले, थाने से लिखित पत्र लाओ। सख्ती दिखी, लेकिन अगली दुकान ने सारी उम्मीदें तोड़ दीं।

सड़क के उस पार एक और दुकान। यहां जवान दर्जी ने नाटक के लिए कांस्टेबल की वर्दी मांगने पर पलक भी नहीं झपकी। उसका सहायक बोला, पुलिस से पत्र मांगना चाहिए, लेकिन मालिक ने उसे चुप करा दिया। नाप लिया गया, 2,800 रुपये का बिल थमा दिया गया और डिलीवरी की तारीख दे दी गई।

**दुकान नंबर 3ः सब-इंस्पेक्टर का रौबः** तीसरी दुकान में तो कमाल ही हो गया। एक पत्रकार ने सब-इंस्पेक्टर बनकर दस्तक दी। दुकानदार ने झट से कपड़े के सैंपल पेश किए। बोला- 2,000 रुपये में पूरी वर्दी मिल जाएगी अगर प्रीमियम कपड़ा चाहिए तो 3,500 रुपये लगेंगे। जब नाप लिया जा रहा था, तब दर्जी ने क्ष्ढ्ढ नंबर पूछा। पत्रकार ने अनजान बनते हुए पूछा, क्ष्ढ्ढ नंबर क्या होता है? दर्जी को शक हुआ, लेकिन पत्रकार ने रौब झाड़ते हुए कहा, अब आईडी भी चाहिए तुमको? इतना कहते ही बात बन गई। दुकानदार बोला, नहीं साहब, जरूरत नहीं। इंडिया गेट का प्रतीक या कोई और डिजाइन का बैज चुनने को कहा गया। इसके बाद एक हफ्ते में वर्दी तैयार हो गई।

**अपराध की खाकी कहानियांः** नकली वर्दी का यह खेल कोई मजाक नहीं। इस महीने की शुरुआत में, दो लोग दिल्ली पुलिस और ईडी के अधिकारी बनकर सम्राट होटल के बेंटले शोरूम के मैनेजर से 30 लाख रुपये लूट ले गए। जून में, लक्ष्मी नगर में आठ नकली पुलिसवालों ने एक इंश्योरेंस ऑफिस पर रेड मारी और कीमती सामान लूट लिया।

# इफ्को चौक से द्वारका एक्सप्रेवे तक सड़क बनाएगा जीएमआईडीए, 14 किमी होगी लंबाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
जाम से जूझ रहे गुरुग्राम के कई इलाकों को राहत मिलने वाली है। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण इफ्को चौक से लेकर द्वारका एक्सप्रेवे तक 14 किलोमीटर लंबी सड़क बनाने जा रहा है। जीएमडीए इस सड़क का चौड़ीकरण, मरम्मत और इसे एडवांस बनाने पर काम करेगा। इस दौरान सड़क के किनारे बने अवैध निर्माण को भी तोड़ने की योजना है। इस दौरान चौड़ीकरण के साथ ही सड़क के साथ जल निकासी की भी व्यवस्था की जाएगी। जीएमडीए इस रोड को सुखराली गांव में इफको चौक से लेकर सदर बाजार के महावीर चौक, गुरुद्वारा रोड, भूतेश्वर मंदिर, बसई रोड होते हुए बसई रोड फिर द्वारका एक्सप्रेसवे तक बनाएगा। इस दौरान इसमें मरम्मत के साथ ही सड़क के किनारों पर नाले भी बनाए जाएंगे। इससे लोगों को काफी आसानी हो जाएगी। इस मामले की जानकारी देते हुए जीएमडीए के अधिकारियों ने बताया कि पूरे 14 किलोमीटर हिस्से का सर्वेक्षण किया जा चुका है। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सड़क गुरुग्राम के पुराने इलाकों से होकर गुजरते है, ऐसे में जीएमडीए ने इसे रेनोवेट करने और चौड़ा करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही किनारे-किनारे पर एक नाला बनाया जाएगा, जिससे जलनिकासी में आसानी हो। अधिकारी ने बताया कि सड़क के किनारे बने अवैध निर्माण को भी बुलडोजर चलाकर तोड़ा जाएगा।

इस मामले की जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि इस काम के लिए एक डीपीआर तैयार करने के लिए कहा गया है, एक महीने के भीतर इसका डीपीआर तैयार हो जाएगा। जानकारी देते हुए बताया गया कि इस रास्ते पर पहले फ्लाईओवर बनाने और सड़क परियोजना का विस्तार करने का प्लान था लेकिन जगह की कमी के कारण ऐसा नहीं किया गया। उन्होंनने बताया कि इस रास्ते के विस्तार और चौड़ीकरण के बाद इलाके के लोगों को आने जाने में आसानी होगी।

# गाजा पर कब्जा नहीं करेंगे, हमास से आजाद कराएंगे, इस्राइली सुरक्षा परिषद की आलोचना पर नेतन्याहू

**तेल अवीव, एजेंसी।**
इस्राइल सुरक्षा परिषद के गाजा पर कब्जा करने के फैसले की आलोचना को लेकर इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने जवाब दिया है। नेतन्याहू ने कहा कि हम गाजा पर कब्जा नहीं करेंगे। बल्कि उसे हमास से आजाद कराएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विसैन्यीकरण और एक शांतिपूर्ण नागरिक प्रशासन की स्थापना से हमारे बंधकों को मुक्त कराने में मदद मिलेगी। साथ ही भविष्य के खतरों को रोका जा सकेगा।



हाल ही में इस्राइली सुरक्षा परिषद ने गाजा पर कब्जे को मंजूरी दी थी। लोगों ने सुरक्षा परिषद के फैसले का विरोध किया था। बंधकों के परिजनों को डर है कि लड़ाई तेज होने से वे अपने प्रियजनों को हमेशा के लिए खो देंगे। कई पूर्व शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने भी सरकार के कदम की आलोचना की है और साथ ही चेतावनी दी कि इससे सैन्य लाभ बहुत कम होगा, लेकिन इससे इस्राइल लंबे समय के लिए युद्ध की दलदल में फंस सकता है।

इसे लेकर नेतन्याहू ने कहा कि कैबिनेट ने पांच सिद्धांतों को अपनाया है। इसमें गाजा का विसैन्यीकरण और एक वैकल्पिक नागरिक प्रशासन की स्थापना शामिल है जो न तो हमास है और न ही फलस्तीनी प्राधिकरण है। इस्राइल के प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी उस समय आई है, जब गाजा में मानवीय संकट को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी सरकार की भारी आलोचना हो रही है। पिछले 22 महीनों में इस्राइली सैन्य हमलों में करीब 60,000 लोग मारे गए हैं। इस्राइल ने यह युद्ध सात अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के बाद शुरू किया था, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था। एक हालिया इंटरव्यू में इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पर कब्जे की बात कही थी और कहा था कि वे गाजा से हमास के पूरी तरह से हटाकर वहां के लोगों को आजादी देंगे। नेतन्याहू ने कहा कि हम गाजा पर नियंत्रण नहीं करना चाहते और हम इसे अरब सहयोगियों को सौंप देंगे ताकि वे वहां प्रशासन चला सकें, जिससे गाजा के लोगों का जीवन बेहतर हो और हमारी सुरक्षा के लिए भी खतरा न रहे। इस्राइली सेना के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जामिर ने भी प्रधानमंत्री के फैसले का विरोध किया है और चेताया कि इससे बंधकों का जीवन खतरे में पड़ जाएगा। गाजा में ऑपरेशन के चलते पहले ही इस्राइल वैश्विक तौर पर विभिन्न देशों के निशाने पर है और अगर इस्राइली सरकार गाजा में अपना ऑपरेशन जारी रखती है और गाजा पर पूरी तरह से नियंत्रण स्थापित करती है तो इससे इस्राइल के वैश्विक तौर पर अलग-थलग पड़ने की भी आशंका है।

# तुवालु देश की पूरी आबादी ही अपना पता बदलने को तैयार, ऑस्ट्रेलिया में शिफ्ट होगा देश

**बैआकू , एजेंसी।** प्रशांत महासागर का द्वीपीय देश तुवालु पूरी तरह से ऑस्ट्रेलिया में शिफ्ट होने की तैयारी कर रहा है। आधुनिक मानवीय इतिहास की यह ऐसी पहली घटना है, जब एक देश की पूरी आबादी को ही किसी दूसरे देश में रहने के लिए योजना बनाकर प्रवास करवाया जा रहा है। तुवालु की जनता का अपना देश छोड़ने का कारण है यहां समुद्र का बढ़ता जलस्तर, कई रिपोर्ट्स के मुताबिक आने वाले 25 सालों में तुवालु के लोगों को यहां से जबरदस्ती निकलना होगा। संकट के इस समय में तुवालु के लिए ऑस्ट्रेलिया आगे आया है। ऑस्ट्रेलिया और तुवालु के बीच में एक संधि हुई है, जिसके तहत यहां की जनता को ऑस्ट्रेलिया में बसने दिया जाएगा। प्रशांत महासागर में 9 कोरल द्वीपों पर बसे इस देश की आबादी करीब 11,000 है। इस पूरे देश की समुद्र से औसत ऊंचाई केवल दो मीटर है। ऐसे में बाढ़, ऊंची लहरों और समुद्र का बढ़ता जलस्तर यहां की जनता के लिए आए दिन मौत कर कारण बनते रहते हैं। तुवालु की जनता ने वैश्विक जगत से जलवायु परिवर्तन से लड़ने गुहार लगाई है, क्योंकि यह देश इस मोर्चे पर सबसे आगे खड़ा हुआ है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले 80 सालों में तुवालु की पूरी जमीन समंदर में समा जाएगी। फिलहाल इस देश के दो द्वीप पानी में समा चुके हैं। लगातार बढ़ते जलस्तर की वजह से अस्तित्व पर संकट को देखते हुए तुवालु और ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में फलेपिली संधि पर हस्ताक्षर किए।

# कैलिफोर्निया के जंगलों में फिर लगी हाहाकारी आग, 50 हजार से ज्यादा लोगों पर मंडराया खतरा

**कैलिफोर्निया, एजेंसी।** कैलिफ़ोर्निया के जंगलों में एक बार फिर भीषण आग भड़क उठी है, जिसने अब तक हजारों एकड़ क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है। यह आग इतनी तेजी से फैल रही है कि 50,000 से अधिक लोगों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ सकता है। प्रशासन ने कई क्षेत्रों में आपातकाल घोषित कर दिया है। आग बुझाने का तेजी से प्रयास किया जा रहा है।

आरटी डॉट कॉम के अनुसार यह आग मुख्य रूप से नॉर्दर्न कैलिफ़ोर्निया के सिएरा नेवाडा क्षेत्र में फैली है, जहां लगातार तेज़ हवाओं और सूखे मौसम ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। स्थानीय दमकल विभाग और सैकड़ों फायर फाइटर्स आग पर काबू पाने के लिए दिन-रात प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब तक आग पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं पाया जा सका है। कैलिफ़ोर्निया फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के अनुसार यह आग बिजली गिरने के कारण लगी हो सकती है, लेकिन जांच अभी जारी है। कई इलाके पूरी तरह जल चुके हैं और दर्जनों घर राख हो गए हैं। स्कूलों को बंद कर दिया गया है और जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। गवर्नर गेविन न्यूज़म ने स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा, यह एक जलवायु आपदा है।

# चीन ने ट्रंप के टैरिफ की धमकी पर दी प्रतिक्रिया, कहा- रूस के साथ व्यापार वैध

**बीजिंग, एजेंसी।**
अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन पर रूसी तेल खरीदने को लेकर टैरिफ लगाने की धमकी के बीच, चीन के विदेश मंत्रालय ने रूस सहित अन्य देशों के साथ अपने व्यापार और ऊर्जा सहयोग को वैध और कानूनी बताया है। शुक्रवार को नियमित प्रेस वार्ता में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा, चीन की स्थिति स्पष्ट और स्थिर है। रूस सहित दुनिया भर के देशों के साथ चीन का सामान्य आर्थिक, व्यापार और ऊर्जा सहयोग वैध और कानूनी है। चीन राष्ट्रीय हितों के आधार पर ऊर्जा सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाता रहेगा।



गौरतलब है कि हाल ही में ट्रंप ने संकेत दिया था कि यदि चीन रूसी तेल खरीदना जारी रखता है, तो उस पर सेकेंडरी टैरिफ लगाए जा सकते हैं। व्हाइट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा था, हो सकता है ऐसा हो। मैं अभी नहीं कह सकता, लेकिन हमने भारत के साथ ऐसा किया। संभवतः हम कुछ और देशों के साथ भी ऐसा करेंगे। उनमें से एक चीन हो सकता है। गुरुवार को गुओ जियाकुन ने टैरिफ के दुरुपयोग का विरोध जताया और इसे लेकर चीन की स्थिति को स्थिर और स्पष्ट बताया।

जब ट्रंप द्वारा भारत पर रूसी तेल आयात को लेकर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के निर्णय के बारे में पूछा गया, तो गुओ ने कहा, टैरिफ के दुरुपयोग का चीन हमेशा विरोध करता रहा है और इस पर उसकी नीति स्पष्ट है। बता दें कि ट्रंप ने बुधवार को भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, जो 20 जुलाई को लागू हुए पहले के 25 प्रतिशत शुल्क के अतिरिक्त है। उन्होंने इसका कारण भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल का निरंतर आयात बताया।

अमेरिकी फैसले पर भारत की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। विदेश मंत्रालय ने इसे अनुचित, अन्यायपूर्ण और असंगत बताया और कहा कि भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं और रणनीतिक स्वायत्तता का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी गुरुवार को दिल्ली में आयोजित एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों की रक्षा को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

उन्होंने कहा, किसानों का हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत कभी भी किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों से समझौता नहीं करेगा। मुझे पता है कि मुझे इसका व्यक्तिगत रूप से बड़ा मूल्य चुकाना पड़ सकता है, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। देश के किसानों के लिए भारत तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### अगस्त क्रांति दिवस एवं विश्व आदिवासी दिवस पर कांग्रेस का कार्यक्रम

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अगस्त क्रांति की वर्षगांठ और विश्व आदिवासी दिवस पर रांची स्थित कांग्रेस के प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अगस्त क्रांति के नायकों और वीर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस की ओर से हर वर्ष अगस्त क्रांति की वर्षगांठ और विश्व आदिवासी दिवस पूरे प्रदेश मे कार्यक्रम आयोजित होते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आदिवासी अस्मिता के जन नायक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन से पूरा प्रदेश शोकाकुल है। इसी वजह से इस वर्ष पूरी सादगी से हम यह दिवस मना रहे हैं। कार्यक्रम मे मौजूद वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आदिवासी हितों की लड़ाई लड़ने का काम किया है।

### अनाथ बच्चों के साथ राखी उत्सव मनाया

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हीरापुर हिंदू मिशन में आज पंख एक नई दिशा ने अनाथ बच्चों के साथ राखी उत्सव मनाई। संस्था की बहनो ने सभी भाइयों की कलाई में बांधी राखी। सभी भाइयों के दीघार्यु, स्वस्थ और



सुखी जीवन के लिए प्रार्थना की। भाइयों को मिठाई, चॉकलेट, चिप्स खिला कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अध्यक्ष पिंकी गुप्ता ने बताया कि संस्था के सभी लोग हमेशा हर पर्व इन बच्चों के बीच मनाती हैं। बच्चो की मुस्कुराहट देख कर सबों का दिल गद गद हो गया । संस्था की कोषाध्यक्ष सुषमा प्रसाद, उपाध्यक्ष नम्रता गुप्ता,महासचिव सुधा गुप्ता, सचिव शशि शेखर गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता आदि मौजूद थे।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास- चंदनकियारी मुख्य पथ पर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो आदिवासी युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज सदर अस्पताल बोकारो में चल रहा है। दुर्घटना मुफस्सिल



थाना क्षेत्र के पत्थरकट्टा साईट के पास हुई है। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बाइक सवार राखी बंधवाने के बाद में बाजार के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे ट्रक की चपेट में बाइक सवार आ गए। दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक विष्णु मांझी और दिनेश मांझी बनगाड़ियां गांव के रहने वाले हैं जिनकी उम्र लगभग 24 वर्ष है। आक्रोशित लोगों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी है।

### वृद्ध आश्रम की महिलाओं से राखी बंधवाकर खुशियां बिखेरी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रक्षाबंधन को लेकर सभी जगह उत्साह का माहौल है। वृद्ध आश्रम में रहने वाली महिलाओं की आंखें आज भी अपने भाइयों के कलाई में राखी बांधने को लेकर एक टक इंतजार कर रही है। लेकिन उनसे मिलने उनके भाई आज के दिन भी नहीं आए।बोकारो के



जोधाडीह मोड स्थित वृद्ध सेवा आश्रम में रह रही महिलाओं का इंतजार कांग्रेस नेताओं ने खत्म करने का काम किया। कांग्रेस के नेता वृद्ध आश्रम पहुंचकर उनके हाथों से अपनी कलाई में रक्षा सूत्र बंधवाया। सभी को मिठाई भी खिलाई। राखी बंधवाकर उनके दर्द को बांटने पहुंचे कांग्रेस नेता मनोज कुमार ने कहा कि इन महिलाओं का भी कभी भरा पूरा परिवार हुआ करता था। आज भी उनके परिवार के सदस्य हैं, लेकिन इन्हें वृद्ध आश्रम में रखा गया है। उनके दर्द को बांटने का काम हम लोगों ने किया है। अन्य नेताओं ने कहा कि हमें आज खुशी हुई कि उनके बीच आकर राखी बंधवाने का काम किया। वहां काम करने वाली एक महिला ने कहा कि उनकी निराशा को आप लोगों ने पहुंच कर आशा में बदल दिया है। यह लोग काफी खुश हैं।

### आप सभी का प्यार बना रहे तो और बड़ा कैम्प लगा कांवरियों को सहयोग करेंगे

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिटी हॉस्पिटल के डेरेक्टर डॉ ए के वर्मा के द्वारा मुफ्त चिकित्सा सिविर साथ में एनर्जी पानी दवा की सेवा एक दिवसिये कैंप लगा कर लगातार रात दिन सेवा करते रहे साथ में सहयोगी मिथुन लाला यादव अंजय सावन तन्नू श्री मेडम अनीता वर्मा अंकेश कुमार इत्यादि सभी सहयोगी रात के 12 बजे तक डटे रहे मौके पर डॉ वर्मा ने कहा कि सारवानी मेले में कई लोग दिन में सेवा देते है पर हमलोग रात भर सेवा दे कर गर्भ महसूस करते है इस तरह कि कायर्ज से बम को सुबिधा भी होती है और मुझे दूसरो की सेवा से आनंद भी मिलता इस तरह की कैम्प हरेक साल लगा कर सेवा करते रहेंगे और आप सभी का प्यार बना रहे तो और बड़ा कैम्प लगा कांवड़ियों को सहयों करेंगे।

# विधायक ने किया बरवाअड्डा थाना के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन, सिंदरी के विधायक चंद्रदेव महतो एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना करने के बाद फीता काटकर बरवाअड्डा थाना के नए भवन का उद्घाटन किया। दरअसल, कृषि बाजार परिसर में संचालित बरवाअड्डा थाना को उदयपुर के जोड़ापीपल क्षेत्र में स्थान्तरित कर दिया गया है। विश्व आदिवासी दिवस व श्रावण पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आज विधिवत पूजा अर्चना कर नए थाना भवन में प्रवेश किया गया। झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सौजन्य से नवनिर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस नए मॉडल थाना भवन में आगंतुकों के लिए प्रतीक्षालय, महिला पुलिसकर्मियों के लिए पृथक एवं सुरक्षित आवासीय सुविधा, स्वच्छ



पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा कार्यालय संचालन के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराया गया है। उदयपुर में नवनिर्मित बरवाअड्डा थाना भवन में थाना प्रभारी का कक्ष, वेटिंग हॉल, सहायता केंद्र, सिरिस्ता, रिकॉर्ड रूम, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, महिला हाजत, पुरुष हाजत, सभागार, जवानों व पदाधिकारी के लिए रेस्ट रूम, किचन, बाथरूम, शौचालय, इंट्रोगेशन रूम, वायरलेस रूम, सीसीटीएनएस समेत अन्य सभी सुविधायों को ध्यान में रखने हुए निर्माण कराया गया है। मौके पर मौजूद विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि विभिन्न कठिनाइयों व संसाधन के आभाव के बावजूद पुलिस के जवान जनता की सेवा व सुरक्षा में अपना योगदान देते आ रहे हैं। ऐसे में थाना का नया भवन बनने के बाद यहाँ कार्यरत पुलिसकर्मियों को काफी सुविधा होगी। वहीं उपायुक्त ने कहा कि नया थाना भवन काफी सुविधाजनक है। उन्होंने हाईवे से थाना तक अप्रोच रोड के शीघ्र निर्माण कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस पूरे मार्ग व आसपास के इलाकों में जल्द स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएगी। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नए भवन के माध्यम से पुलिस व्यवस्था और अधिक प्रभावी व जनता के अनुकूल बनेगी। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि भविष्य में भी किसी तरह की परेशानी न हो इसे ध्यान में रखते हुए थाना को और भी अधिक सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों व जवानों से अपील करते हुए जनता की सेवा व सुरक्षा को अधिक प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। उद्घाटन के अवसर पर वहां मौजूद गणमान्य लोगों ने भी नए भवन को लेकर खुशी व्यक्त करते हुए पुलिस विभाग को धन्यवाद दिया। कहा कि मॉडल भवन में थाना शिफ्ट होने से प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता और आम नागरिकों को बेहतर सेवा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उद्घाटन के शुभ अवसर पर उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, सिंदरी के विधायक चंद्रदेव महतो, डीएसपी धीरेन्द्र नारायण बंका, डीएसपी नौशाद आलम, एसडीपीओ निरसा रजत मणिक बाखला, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द सिंह, डीएसपी साइबर संजीव कुमार, बरवाअड्डा थाना प्रभारी रजनीकान्त समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद थे।

## नगर निगम क्षेत्र में सड़क और बिजली पोल की व्यवस्था पुख्ता नहीं : फॉरवर्ड ब्लॉक

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने कहा है कि, गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र में मुख्य सड़कों को छोड़ अंदरूनी इलाके में सड़कों और बिजली के पोल की स्थित ठीक नहीं है। कई इलाकों में लोग बांस के सहारे बिजली का तार खींचकर काम चला रहे हैं, जो खतरनाक है। वहीं, कई मोहल्लों की गलियों में सड़क के अभाव में लोग बड़ी समस्या झेल रहे हैं, बारिश में स्थिति और भी बेहतर हो गई है इसलिए नगर निगम प्रशासन और बिजली विभाग को इन समस्याओं का संज्ञान लेकर इसका समाधान करना चाहिए आज फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता एवं पूर्व जिप सदस्य राजेश यादव ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 और 20 का भ्रमण कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की तथा उनकी सड़कों की हालत और बांस के सहारे खींचे गए बिजली के तार की अवस्था को दिखा। उन्होंने कहा कि, नगर निगम का क्षेत्र विस्तारित होने के बाद जिस मुस्तैदी से नागरिक सुविधाओं को बहाल होना था, वैसा दिखाई नहीं दे रहा है। यही हाल बिजली विभाग का भी है। उन्होंने कहा कि, इन समस्याओं को लेकर शीघ्र ही उनकी पार्टी की अगुवाई में नगर निगम प्रशासक तथा बिजली विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर समस्या समाधान से संबंधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि इसका समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे मौके पर मुख्य रूप से विवेक कुमार, गणेश कुमार, अन्ना मुर्मू, रीता देवी, सबिता बेसरा, मंजू पांडेय, प्रेमा टोप्पो, एलीत मरांडी, ममता मुर्मू, शांति सोरेन, लखी किस्कू, अनिता देवी, तुलसी देवी, स्वर्णलता कुमारी, गुड़िया देवी सहित अन्य मौजूद थे।

### गुमला जिला प्रशासन ने सादगी से मनाया विश्व आदिवासी दिवस

**गुमला/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन द्वारा आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सादगी पूर्वक तरीके से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद स्मारकों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण से किया गया. इसके उपरांत समाहरणालय सभाकक्ष में अनुसूचित जन जाति के कक्षा 10वीं में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 65 छात्र-छात्राओं तथा कक्षा 12वीं में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 28 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही, पी वी टी जी समुदाय के 12 छात्र-छात्राओं, जिन्होंने कक्षा 12वीं में 60% से अधिक अंक प्राप्त किए, को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति एवं मातृभाषा से जुड़े रहने की सलाह दी। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि परिस्थितियाँ कैसी भी हों, पढ़ाई को कभी न छोड़ें।

## सचिव ने किया वन स्टॉप सेंटर, वृद्धा आश्रम, चाइल्ड लाइन का निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार का धनबाद में आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सेंटरों का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम सचिव ने वन स्टॉप सेंटर एवं चाइल्ड लाइन का निरीक्षण किया। वहां के कर्मियों से वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात दिव्यांगों के लिए संचालित पहला कदम विद्यालय का निरीक्षण किया। वहां के शिक्षकों एवं बच्चों के साथ उनको मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। सचिव ने विभाग द्वारा दिव्यांगों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ बच्चों को दिलाने के लिए पदाधिकारी को निर्देश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने सचिव को राखी



भी बांधी। भ्रमण की अगली कड़ी में सचिव सबलपुर स्थित वृद्धा आश्रम पहुंचे। उन्होंने वृद्धा आश्रम में जिन वृद्धों का आधार कार्ड नहीं बना है उनका कैंप लगाकर आधार कार्ड बनाने का निर्देश दिया। सचिव ने कहा कि आधार कार्ड बन जाने से उनको पेंशन का लाभ दिलाया जा सकेगा। इसके बाद सचिव ने बालिका गृह एवं हॉफवे गृह का भी भ्रमण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी श्रीमती साधना कुमारी, विशंभर कुमार पोद्दार, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संचित भगत, विमला कुमारी, आनंद कुमार व अन्य लोग भी इस मौके पर मौजूद थे।

## रक्षाबंधन का पर्व हमें दुर्बल की रक्षा के लिए करता है प्रेरित

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्षाबंधन का पर्व बहनों द्वारा भाइयों को राखी बांधने और उनके प्रति भाई के प्रेम और सुरक्षा की भावना का प्रतीक है। लेकिन क्या हमने कभी इस पर्व के गहरे अर्थ को समझने की कोशिश की है? रक्षाबंधन वास्तव में दुर्बल की रक्षा के संकल्प का पर्व है। यह हमें सोचने पर मजबूर करता है कि आज के समय में कौन है जो सच्चा है लेकिन कमजोर है, कौन है जो निर्मल है लेकिन खतरे में है गिरिडीह जिला में सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक कौशिक अप्पू ने रक्षाबंधन के पर्व पर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। उन्होंने मिशनरी ऑफ चैरिटी, लखारी गिरिडीह का दौरा किया, जहाँ 16 अप्रैल को रेस्क्यू किए गए कुछ बच्चों को रखा गया था। गिरिडीह में कोई चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन नहीं होने के कारण इन बच्चों को मिशनरी ऑफ चैरिटी में रखा गया था। सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक कौशिक अप्पू ने इन बच्चों के एडमिशन के लिए खर्च उठाने का निर्णय



लिया, जिसमें अंचल कुमारी (3.5 वर्ष) और रोहित राज (5.5 वर्ष) शामिल हैं। इन बच्चों का एडमिशन कार्मेल इंग्लिश मिडियम स्कूल, अलकापुरी गिरिडीह में कराया जाना है दुर्बल की रक्षा का संकल्प रक्षाबंधन का पर्व हमें दुर्बल की रक्षा के लिए प्रेरित करता है। यह पर्व हमें यह याद दिलाता है कि हमें उन लोगों की रक्षा करनी है जो सच्चे हैं लेकिन कमजोर हैं। आइए, हम सब मिलकर दुर्बल की रक्षा के लिए काम करें और इस पर्व को सार्थक बनाएं। पशुओं और पर्यावरण की रक्षा करें महिलाओं को सशक्त बनाएं युवाओं को सही मार्ग दिखाएं। रक्षाबंधन का पर्व हमें दुर्बल की रक्षा के लिए प्रेरित करता है। सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक कौशिक अप्पू की पहल एक उदाहरण है कि कैसे हम रक्षाबंधन के पर्व के सही अर्थ को समझ सकते हैं और उसका पालन कर सकते हैं। आइए, इस रक्षाबंधन के पर्व पर हम दुर्बल की रक्षा के संकल्प को लें और उनके लिए खड़े हों।

## गिरिडीह के कोलडीहा में श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ शंकर-पार्वती पूजन समारोह

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रावण मास के पावन अवसर पर गिरिडीह के वार्ड नंबर 23 बाबा नगरी कोलडीहा 18 नंबर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान शंकर और माता पार्वती का पूजन समारोह भव्यता और श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। देर रात आयोजित इस पूजन कार्यक्रम में स्थानीय श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी देखी गई। इस अवसर पर मुख्य पूजन का नेतृत्व मुख्य पुजारी शिव शंकर पांडेय एवं कुंदन पांडेय ने किया, जबकि कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज तांती के नेतृत्व में की गई। वंही समिति के अन्य प्रमुख सदस्य—राजू साव, प्रदीप कुमार, बांटी तांती, श्याम सुंदर तांती, राकेश कुमार तांती, बिमल तांती, लखन तांती, बब्लू प्रसाद तांती, राजू कुमार भुइयां, ततन भुइयां, मंटू वर्णवाल, अर्जुन साव, दिवाली भुइयां सहित कई स्थानीय महिला और पुरुष



श्रद्धालु इस अवसर पर उपस्थित रहे पूजन के पश्चात भक्ति संगीत की संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें बाहर से आमंत्रित हरीश जागरण महेशलुंडी टीम ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया और सभी भक्त भगवान शंकर की भक्ति में झूमते नजर आए इस मौके पर वहां पूजा कर रहे पुरोहित ने बताया कि श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस मास में श्रद्धा और नियमपूर्वक भगवान शिव की आराधना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख, शांति व समृद्धि का आगमन होता है। कोलडीहा के निवासियों ने सामूहिक रूप से इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर अपने जीवन को पुण्य और आशीर्वाद से भरपूर किया। साथ ही भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की सफलता में स्थानीय लोगों का विशेष योगदान रहा। सभी ने एकजुट होकर इसे न सिर्फ सफल बनाया, बल्कि इसे एक यादगार और आध्यात्मिक रूप में बनाया।

## बीजेपी की मिलीभगत उजागर : धनंजय सिंह

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के द्वारा चुनाव आयोग पर वोट चोरी और मतदाता सूची में हेरफेर के गंभीर आरोपों के बाद कांग्रेस के गिरीडीह जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने समर्थन करते हुए बयान जारी किया है कि राहुल गांधी के द्वारा उठाए गए मुद्दे न केवल लोकतंत्र की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि यह दशार्ता है कि कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं की पारदर्शिता के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करने के लिए तैयार है राहुल गांधी ने जो सबूत पेश किए हैं वह चुनाव आयोग के कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हैं कर्नाटक, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र प्रदेश में फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़े जाने के दावे बेहद ही गंभीर है, यह सबूत न सिर्फ आयोग की साख को चुनौती देती है बल्कि बीजेपी की मिलीभगत का भी उजागर करती है धनंजय सिंह ने बताया कि राहुल गांधी के द्वारा जो वीडियो दिखाया गया है उसे कल रविवार को जिला कांग्रेस कार्यलय में 11 बजे से जिले के सभी कार्यकर्ता को एलइडी के माध्यम से वीडियो को देखेंगे और जनता के समक्ष चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को उनके समक्ष रखेंगे।

## गिरिडीह सर्राफा संघ का गठन राहुल बर्मन अध्यक्ष व राजन बर्णवाल सचिव चुने गए

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के जेवर व्यवसायियों की एक महत्वपूर्ण बैठक बरगंडा स्थित वंडर वर्ल्ड हॉल में संपन्न हुई। बैठक में शहर के अधिकांश जेवर व्यवसायी शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से गिरिडीह सराफा संघ का गठन किया गया। इसमें विपिन स्वर्णकार, गोपाल



स्वर्णकार, राजकुमार बर्णवाल, प्यारेलाल व दिलीप ठाकुर को संघ का संरक्षक नियुक्त किया गया। इसके अलावे राहुल बर्मन को अध्यक्ष व राजन बर्णवाल को सचिव के रूप में चयन किया गया, जबकि आसिफ खान को उपाध्यक्ष, राजीव कुमार तरवे को उपसचिव, सचिन बर्मन को कोषाध्यक्ष, चंदन गुप्ता को सह कोषाध्यक्ष, सुबोध स्वर्णकार को संगठन मंत्री व रंजीत स्वर्णकार का चयन मीडिया प्रभारी के रूप में किया गया। बैठक का समापन गिरिडीह सरार्फा संघ को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ किया गया। मौके पर सैंकड़ो जेवर व्यवसायी उपस्थित रहे।

# महिला समिति, बोकारो का इकसठवां स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महिला समिति, बोकारो का (61) इकसठवां स्थापना दिवस कार्यक्रम सफलतापूर्वक बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास स्थित मेन ऑडिटोरियम में धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत परम्परागत तरीके से दीप प्रज्वलन तथा गणेश वंदना के साथ शुरूकर अतिथियों का स्वागत पौधों तथा पुष्प गुच्छों से किया गया. बी एस एल के निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ अधिशाषी निदेशक,मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समिति की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य महाप्रबंधक, सीनियर ऑफिसर्स, मेम्बर्स, टीचर्स, छात्र छात्राएं तथा अभिभावक ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई. महिला समिति, बोकारो की अध्यक्ष श्रीमती अनीता तिवारी ने अपने स्वागत भाषण में सभी को बधाई दी तथा दर्शकों के साथ समिति द्वारा किए जा रहे नेक कार्यों को साझा किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी प्रतिभागियों और समिति की सदस्याओं को शुभकामनाएं दी. कार्यक्रम का संचालन तथा उसकी रूपरेखा सांस्कृतिक सचिव श्रीमती श्वेता कुमार के द्वारा किया गया जिन्होंने 'समिति गान' से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया. कार्यक्रम के दौरान सचिव श्रीमती ऋचा प्रियदर्शिनी के द्वारा स्वरबद्ध तरीके से वर्तमान अध्यक्ष श्रीमती अनीता तिवारी के कार्यकाल में हुई गतिविधियों की 'झलकियां' दिखाई गईं। समिति द्वारा संचालित दो विद्यालय बालमंदिर तथा सौरभ शिशु मंदिर की छात्राओं ने असमिया तथा महाराष्ट्र के खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत किए. सुरभि मसाला केंद्र की वर्कर्स ने सावन के नृत्य व गान तथा स्वावलंबन उद्योग केंद्र की वर्कर्स ने नृत्य नाटिका तथा गीत की प्रस्तुति दी. मुख्य अतिथि द्वारा 'बेस्ट वर्कर्स' अवॉर्ड दिया गया तथा महिला समिति की उपाध्यक्षगण द्वारा समिति के जन्मदिन पर केक काटा गया. कार्यक्रम का समापन सचिव ऋचा जी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ. समिति की स्थापना दिवस को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया,उपाध्यक्ष अंजलि तिवारी, उप सचिव रूपांशी श्रीवास्तव, सुरभि प्रभारी अनिशा झा, सिलाई प्रभारी प्रीति राजेश, विद्यालय प्रभारी नीतू सुनीत व आशा राज, समिति सदस्या कल्पना वर्मा, समिता मोहंती तथा यामिनी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com